आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 11 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 321, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रेलिया 16
पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग 2

## नगर निकायों की 20 सीटों पर जीते निर्दलीय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**उपचुनाव**

- 19 जिलों के नतीजे घोषित, भाजपा सात व कांग्रेस को दो सीट

**अमृत विचार :** नगर निकायों में 29 सदस्य पद के लिए हुए उप चुनाव में 20 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए, जबकि सात सीट पर भाजपा व दो पर कांग्रेस प्रत्याशी जीते। बुधवार को सभी निकायों में शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना के बाद नतीजे घोषित कर दिए गए।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि जिन सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जीते हैं, उनमें उन्नाव की नगर पंचायत अचलगंज, गाजीपुर की नगर पालिका परिषद, नगर पालिका परिषद जमानियां, नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद, फतेहपुर की नगर पंचायत कारीकान धाता, रामपुर की नगर पालिका परिषद बिलासपुर व सुल्तानपुर की नगर पंचायत कादीपुर शामिल हैं। नगर पंचायत भदोही व लखीमपुर खीरी नगर पालिका परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी जीते हैं। रामपुर के दो निकायों और झांसी व सुल्तानपुर के एक-एक निकायों में कुल चार प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## 7720 चयनित लेखपालों को मिले नियुक्ति पत्र, 4700 पदों पर भर्ती शीघ्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**कर्तव्यों के प्रति रहें सजग, लोगों के बीच अपनी छवि सुधारें लेखपाल : योगी आदित्यनाथ**

- मुख्यमंत्री ने लोकभवन में वितरित किए नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार :** मिशन रोजगार कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 7720 लेखपालों को बुधवार को नियुक्ति दिया गया, जबकि 4700 खाली पदों पर जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चयनित लेखपालों को उनके कर्तव्यों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि लेखपाल लोगों के बीच अपनी छवि सुधारें।



लोकभवन में चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नियुक्ति प्रक्रिया पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं हुआ, कोई सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ी।

ऐसे में लेखपालों की जिम्मेदारी बनती है कि वे प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ ही गरीबों की 'ईज ऑफ लिविंग' के लिए कार्य करें। लोगों को निर्धारित समय सीमा में जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र मुहैया कराने में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें।

वरासत, नामांतरण और पैमाइश से जुड़ी कार्यवाही समय से पूरी हों। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच में अच्छी छवि बने, ताकि लेखपाल के नाम से लोग घबराएं नहीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष मिशन रोजगार को लेकर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। लोकभवन के साथ ही मंडलायुक्त कार्यालयों में कार्यक्रम का लाइव आयोजन किया गया। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, अध्यक्ष राजस्व परिषद डॉ. रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### नई भर्ती के लिए भेजा जा चुका है प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के लिए 2022 में राजस्व विभाग ने अपना प्रस्ताव अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दिया था। चयन की प्रक्रिया पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ आयोग ने संपन्न की, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें रोड़ा अटकाने का कार्य किया। राजस्व विभाग व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इसके लिए लड़ा और अंततः सफलता मिली। उन्होंने कहा कि 4700 और नई नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जल्द ही यह प्रक्रिया भी पूरी होगी। इससे सृजित व खाली पड़े 3837 लेखपालों की संख्या भी पूरी हो जाएगी।

**एक नजर**

### डोडा में आतंकवादियों की तलाशी का अभियान तेज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के जंगलों में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने बुधवार को तलाशी अभियान तेज कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि डोडा में आज तड़के फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया। कल देर रात अंधेरे के कारण तलाशी अभियान रोका गया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के बारे में फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है। डोडा के जंगलों में अंधेरे और भारी बारिश के कारण तलाशी अभियान निलंबित कर दिया गया था।

### डीजीसीए ने जारी किए सुरक्षा मानदंड

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अनिवार्य सुरक्षा मंजूरी आवश्यकताओं सहित हवाई अड्डों पर विमान संचालन सेवा प्रदाताओं के लिए सुरक्षा मानदंड जारी किए हैं। डीजीसीए ने यह कदम हवाई यातायात में वृद्धि के बीच हवाई अड्डों पर विमानों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत उठाया है। कुछ हवाई अड्डों पर विमान को नुकसान पहुंचने की घटनाओं की पृष्ठभूमि में भी ये नियम बनाए गए हैं। डीजीसीए ने बुधवार को कहा कि नया 'सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स' (सीएआर) विस्तृत परामर्श के बाद तैयार किया गया है जो निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा।

**लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा**

## टैंकर-बस भिड़े, 18 की मौत

### 19 लोग घायल, उन्नाव में जोगीकोट गांव के पास बुधवार तड़के चार बजे करीब हुई दुर्घटना

### बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करते समय टैंकर में पीछे से भिड़ी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- तेज धमाके के बाद मची चीत्कार रोड पर बिखरे पड़े मिले शव
- मृतकों के परिजनों को 2 लाख घायलों को एक लाख दिए जाएंगे

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में जोगीकोट गांव के पास बुधवार भोर में एक डबल डेकर स्लीपर बस आगे चल रहे दूध लदे टैंकर में जा घुसी। जिससे बस, टैंकर चालक सहित 18 यात्रियों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। तेज धमाका सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एक्सप्रेस-वे पर लाशें बिखरी पड़ी थीं और घायलों में चीख-पुकार मची थी। यूपीडा की रेस्क्यू टीम व पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। शासन ने मृतकों व घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ हर संभव मदद देने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने दुर्घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है।

बुधवार भोर करीब साढ़े 4 बजे गौरीगंज अमेठी से दूध लदा टैंकर दिल्ली जा रहा था। बिहार प्रांत के शिवहर शहर से 70 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर टैंकर में पीछे से घुस गई। तेज धमाके के साथ बस के परखचे उड़ गए। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर भी पलट गया और ढक्कन खुलने से दूध सड़क पर बह गया। हादसे से बस दो हिस्सों में बंट गई। बाद में यूपीडा के साथ पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और आसपास के सरकारी अस्पतालों से बुलाई गई 10 एंबुलेंस से घायलों को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां 18 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में बस और टैंकर चालक भी शामिल हैं। डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र, सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया फोर्स के साथ पहुंचे। बाद में सीएचसी से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुछ गंभीर घायलों को केजीएमयू लखनऊ भेजा गया। हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों को दूसरे वाहन से जिला प्रशासन ने गंतव्य को भेजा। मृतकों में टैंकर चालक सुनील सहित तीन लोगों की ही पहचान हो सकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर चार किमी दूर तक वाहनों की कतार लग गई। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि स्लीपर बस शिवहर बिहार से दिल्ली जा रही थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि डाक्टरों की टीम इलाज में लगी है।



क्रेन से हटाई जा रही दुर्घटनाग्रस्त बस। ● अमृत विचार



उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में 18 लोगों की मौत का कारण सरकार की लापरवाही है। ये जांच का विषय है कि एक्सप्रेस-वे पर विशेष पार्किंग जोन होते हुए भी कोई वाहन बीच रास्ते में क्यों खड़ा था। सीसीटीवी लगे रहने के बावजूद खड़े वाहन की निगरानी में चूक कैसे हुई। क्या कैमरे काम नहीं कर रहे थे। हाईवे पुलिस कहां थी। क्या नियमित पेट्रोलिंग नहीं हो रही थी। हादसे के बाद हाईवे एम्बुलेंस सर्विस कितनी देर में पहुंची और हताहतों के संबंध में उसकी भूमिका क्या रही। एक्सप्रेस-वे पर रोजाना करोड़ों रुपये लिए जाते हैं वो पैसा एक्सप्रेस-वे के व्यवस्थापन और प्रबंधन में न लग कर क्या कहीं और जा रहा है। -**अखिलेश यादव**, पूर्व मुख्यमंत्री।

## तलाकशुदा मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-यह कोई दान नहीं, बल्कि महिला का अधिकार
- अदालत ने कहा-सीआरपीसी की धारा-125 सभी महिलाओं पर लागू

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक मुस्लिम महिला आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-125 के तहत अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआरपीसी का यह धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होता है, फिर चाहे वे किसी भी धर्म से ताल्लुक रखती हों। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी।

दोनों न्यायाधीशों ने अलग लेकिन समवर्ती आदेश दिए। पीठ ने कहा कि पूर्ववर्ती सीआरपीसी की धारा-125 के दायरे में मुस्लिम महिलाएं भी आती हैं। यह धारा पत्नी के भरण-पोषण के कानूनी अधिकार से संबंधित है। पीठ ने जोर देकर कहा कि भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि हर शादीशुदा महिला का अधिकार है और सभी शादीशुदा महिलाएं इसकी हकदार हैं, फिर चाहे वे किसी भी धर्म की हों। शीर्ष अदालत ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने गुजारे भत्ते के संबंध में परिवार अदालत के फैसले में दखल देने का समद का अनुरोध ठुकरा दिया था। समद ने दलील दी थी कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है।

## जुड़वा बच्चियों के जन्म से नाराज पिता ने की दोनों की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- बेटे की चाह में उठाया अमानवीय कदम, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- पत्नी को बताया कि बीमारी की वजह से हो गई बच्चियों की मौत

बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बेटे की चाह रखने वाले 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी तीन दिन की जुड़वा बच्चियों की कथित तौर पर हत्या कर दी और उन्हें अपने घर के पास दफना दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी नीरज सोलंकी को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार कर लिया गया है । पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि स्थानीय लोगों को पूठ कलां गांव के पास एक अस्थायी श्मशान घाट परिसर में शिशुओं के शव मिले।

उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक सोलंकी ने तीन जून को अपनी बेटियों की हत्या कर दी थी। गोयल ने कहा कि अदालत से अनुमति मिलने के बाद शवों को पांच जून को बाहर निकाला गया और मंगोलपुरी स्थित एसजीएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया। डीसीपी ने बताया कि सोलंकी ने कथित तौर पर अपनी तीन दिन की बेटियों को इसलिए मार डाला क्योंकि वह बेटा चाहता था।

बच्चियों का जन्म हरियाणा में एक निजी अस्पताल में हुआ था। गोयल ने बताया कि सोलंकी अपनी पत्नी से यह झूठ बोल कर बच्चियों को दिल्ली लाया था कि किसी बीमारी की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका। दिल्ली लाने के बाद उसने बच्चियों को मारकर दफना दिया। डीसीपी ने बताया कि आरोपी फरार था और शुरू में सोलंकी के पिता को पकड़ा गया जिसने बताया कि बेटियों के जन्म से वह खुश नहीं था। उन्होंने बताया कि पोस्ट मार्टम के बाद बच्चियों के शव उनकी मां को सौंप दिए गए। सोलंकी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## आईटीबीपी ने लद्दाख में 108 किलो सोना पकड़ा

- चीन से तस्करी कर लाया गया था, तीन गिरफ्तार

**लेह।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने भारत-तिब्बत सीमा पर तस्करी कर लाए गए सोने की 108 ईंटे जब्त की हैं। प्रत्येक ईंट का वजन एक किलोग्राम है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बल के एक अधिकारी ने बताया कि सोना के अलावा दो मोबाइल फोन, एक दूरबीन, दो चाकू और कई चीन निर्मित खाद्य सामग्री जैसे केक और दूध भी जब्त की गई है। आईटीबीपी द्वारा सोने की यह सबसे बड़ी जब्ती है। जब्त सामग्री को सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आईटीबीपी को वास्तविक नियंत्रण रेखा से करीब एक किलोमीटर दूर श्रीरापले में तस्करी की खुफिया जानकारी मिली थी। उप कमांडेंट दीपक भट्ट के नेतृत्व में गश्ती दस्ते ने खच्चर पर सवार दो लोगों को देखा और उन्हें रुकने को कहा। उन्होंने भागने की कोशिश की लेकिन पकड़ लिया गया। उनके सामान की तलाशी में भारी मात्रा में सोना और अन्य सामग्री मिली।

## नेपाल व उत्तराखंड से छोड़े गए पानी से आई बाढ़ ने प्रदेश में मचाई तबाही : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेपाल व उत्तराखंड से छोड़े गए पानी के कारण प्रदेश में बाढ़ ने तबाही मचाई है। बुधवार को मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लखीमपुर खीरी व पीलीभीत का हवाई सर्वे व नाव में बैठकर स्थिति का जायजा लिया। पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने अधिकारियों से राहत कार्यों की जानकारी हासिल कर इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा से प्रभावित बच्चों व महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी और तत्काल समाधान के आदेश दिए। साथ ही लोगों से खुद प्रार्थना पत्र प्राप्त किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों को खुद राहत सामग्री वितरित की और बाढ़ शरणालय पहुंचकर लोगों का हालचाल जाना। बाढ़ से ऊफनाई नदियों का जायजा भी लिया।



पीलीभीत में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लखीमपुर व पीलीभीत का किया हवाई सर्वे
- राहत सामग्री बांटी, अफसरों को दिए राहत कार्य में तेजी के निर्देश

सीएम ने निरीक्षण के दौरान दोनों जिलों में मीडिया प्रतिनिधियों से राहत कार्यों से संबंधित जानकारी साझा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, राज्य के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख समेत स्थानीय विधायक आदि भी मौजूद रहे।

**सड़क हादसा** आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से सुरक्षा तंत्र पर उठ रहे सवाल, नवागत एडीजी यातायात ने शुरू किया अभियान, जिलों से मांगी रिपोर्ट

## साढ़े चार वर्ष में 96 हजार से ज्यादा लोगों ने हादसों में गंवाई जान

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह हुई बस दुर्घटना में 18 यात्रियों के मरने के बाद अब सड़क सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। यातायात निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार साल दर साल हादसों और इससे होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है। जिस गति से सड़कें बन रही हैं, उससे दोगुनी गति से वाहनों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। ऐसी स्थिति में यातायात विभाग दुर्घटनाओं को रोक पाने में असफल साबित हो रहा है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2021 से जून 2024 तक (साढ़े चार वर्षों में) हुई सड़क दुर्घटनाओं में 96 हजार से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो चुकी है। एक लाख 20 हजार से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। उक्त वर्षों में एक लाख 76 हजार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सड़क हादसों को रोकने को भारी-भरकम स्टाफ कार्य कर रहा है। लेकिन, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं सरकारी तंत्र को कठघरे में खड़ा कर रही हैं।

| वर्ष | कुल हादसे | घायलों की संख्या | मृतकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2020 | 34200 | 22400 | 19100 |
| 2021 | 37710 | 24800 | 21000 |
| 2022 | 41740 | 28500 | 22500 |
| 2023 | 44500 | 31000 | 23600 |
| 2024 (जून तक) | 18680 | 13600 | 10000 |

**खुले कट्स हादसों का बड़ा कारण :** जिलों से निदेशालय पहुंच रही रिपोर्ट पर गौर किया जाए तो डिवाइडर पर खुले कट्स हादसों के लिए सबसे बड़े कारणों के रूप में सामने आ रहे हैं। चौराहों पर विद्युत व्यवस्था न होना। सिंगल और डबल लेन सड़क भी असुरक्षित हैं। सड़कों पर अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरे हो गए हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### टूरिस्ट परमिट पर चल रही बसें, जिम्मेदार मौन

टूरिस्ट परमिट पर डबल डेकर बसें धड़ल्ले से चल रही हैं। इन बस संचालकों पर न नियम लागू हो पा रहा न ही कोई कार्रवाई हो पा रही है। डबल डेकर बसें दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बन रही हैं। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के एक व्यावसायी इन बसों को चलवा रहे हैं। यह बसें नेपाल बार्डर से जुड़े जिलों से चलकर पंजाब, दिल्ली और गुजरात तक जाती हैं। लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती आदि जनपदों से भी यह बसें लगातार चल रही हैं।

यातायात व सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग जिस तरह से काम कर रहा, उसका परिणाम एक-दो महीने में देखने को मिलेगा। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिलों के अधिकारियों के साथ बैठकें भी की जा रही हैं। प्रचार के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। कुछ नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। - **के. सत्यनारायण**, एडीजी यातायात।

### संविदा पर रखे गए ड्राइवर भी बड़ी वजह

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि परिवहन विभाग के ज्यादातर ड्राइवर संविदा पर हैं। ऐसे में उन्हें इस जिम्मेदारी का एहसास नहीं होता कि उनके कंधों पर कई जिंदगियां टिकी हुई हैं। उनको पता है कि उनकी नौकरी अस्थायी है, वह कभी भी निकाले जा सकते हैं। ऐसे में दुर्घटनाओं के रूप में उनकी लापरवाही भी सामने आती है।

## सीबीआई जांच के लिए राज्य की सहमति जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल सरकार की याचिका को सही ठहराया

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर उस वाद को विचारणीय माना जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य की ओर से 16 नवंबर 2018 को आम सहमति वापस लिए जाने के बावजूद सीबीआई विभिन्न मामलों में जांच जारी रखे हुए है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि राज्य के वाद पर कानून के अनुरूप और गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख निर्धारित की। शीर्ष अदालत ने आठ मई को इस संबंध में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था कि राज्य द्वारा दायर वाद सुनवाई योग्य है अथवा नहीं। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि राज्य ने 16 नवंबर 2018 को अपनी सहमति वापस ले ली है तो ऐसे में केंद्र जांच एजेंसी को जांच के लिए राज्य में प्रवेश की अनुमति नहीं दे सकता। वहीं केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी थी कि केंद्र सरकार या उसके विभागों का सीबीआई की जांच पर कोई पर्यवेक्षी नियंत्रण नहीं है।

## खेल डायरी

### रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के क्रिकेटर रचिन रविंद्र को वनडे विश्व कप सहित पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन के कारण पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। इस 24 वर्षीय ऑलराउंडर को उन 20 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है जिन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2024-25 के सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध दिया है। रविंद्र ने पिछले सत्र में 578 रन बनाए और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर रहे। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स में 1.80 करोड रुपए में खरीदा था। वह सर रिचर्ड हैडली मेडल हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। तीन अन्य खिलाड़ियों बेन सियर्स, विल ओरूर्के और जैकब डफी को भी पहली बार न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया है। अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों में फिन एलन, टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विल ओरूर्के, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल यंग शामिल हैं।

### चयनकर्ता वहाब और रज्जाक बर्खास्त

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 विश्वकप के निराशाजनक अभियान के बाद चयनकर्ताओं वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को बर्खास्त कर दिया है। रज्जाक पाकिस्तान की महिला टीम के भी चयनकर्ता थे और उन्हें पद से हटा दिया गया। इन दोनों की विदाई का आधिकारिक ऐलान इस सप्ताह के आखिर में होगा। वहाब को पीसीबी चैयरमैन मोहसिन नकवी का बहुत करीबी माना जाता है। वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की चयन समिति में मोहम्मद युसुफ, असद शफीक और डेटा एनालिस्ट बिलाल अफजल बचे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चयन समिति का पुर्नगठन होगा और समिति में एक मुख्य चयनकर्ता भी होगा। इस चयन समिति के सदस्यों की संख्या भी सात से कम होगी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान पिछले चार वर्षो में छह मुख्य चयनकर्ता देख चुका है। वहाब से पहले हारून राशिद, शाहिद अफरीदी, इंजमाम उल हक, मोहम्मद वसीम और मिस्बाह उल हक भी छोटे-छोटे कार्यकाल में चयनकर्ता बन चुके हैं।

### सूर्यकुमार टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**दुबई।** स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईसीसी की नवीनतम पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जिंबाब्वे में चल रही श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद रुतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। सूर्यकुमार 821 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 797 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (755), मोहम्मद रिजवान (746) और जोस बटलर (716) का नंबर उनके बाद आता है। जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 में भारत की 100 रन की आसान जीत के दौरान 47 गेंद में नाबाद 77 रन की पारी खेलने वाले गायकवाड़ 13 स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 विजेता टीम के अधिकांश सदस्यों को जिंबाब्वे दौरे से आराम दिए जाने के बाद पांच मैच की श्रृंखला में भारत के बैकअप खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने और टीम में जगह पक्की करने का मौका मिला है।

### राष्ट्रपति ने किया डूरंड टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने डूरंड कप टूर्नामेंट 2024 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। जब पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हजारों प्रशंसकों के सामने खेलते हैं, तो खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि वे जीतें या हारें खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए और उन्हें दूसरी टीमों का सम्मान करना चाहिए। कभी-कभी खेल में आवेग और जुनून होता है, लेकिन खिलाड़ियों को भावनाओं पर काबू पाने और खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए।

# भारत ने जिम्बाब्वे को 23 रनों से हराया

## तीसरे टी-20 में भारतीय कप्तान गिल ने जड़ा शतक, शृंखला में बनाई 2-1 की बढ़त



यशस्वी **36** रन

मैच के दौरान शॉट खेलते यशस्वी जयसवाल ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल (66) और ऋतुराज गायकवाड़ (49) रनों की शानदार पारियों के बाद वॉशिंगटन सुंदर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 23 रनों से हरा कर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली हैं।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 3.1 ओवर में 19 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। वेस्ले मधेवीरे (1), तड़िवनाशे मारुमानी (13) और ब्रायन बेनेट (4)रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद डिओन मेयर्स और कप्तान सिकंदर रजा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने सिकंदर रजा (15) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर की आखिरी पर सुंदर ने जोनाथन कैंपबेल (1) रन को भी आउट कर दिया। डिओन मेयर्स और क्लाइव मडांडे के बीच 77 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए मैच का रुख मोड़ने का प्रयास किया। मडांडे ने 26 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये 37 रन बनाए। डिओन मेयर्स ने 49 गेंदों मे सात चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद (65) रनों की पारी खेली। वेलिंग्टन मसाकाट्जा 10 गेंदों में (18) रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी और 23 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 15 रन देकर तीन विकेट लिये। आवेश खान को दो विकेट मिले। खलील अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

इससे पहले आज यहां भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। नौंवे ओवर में सिकंदर रजा ने यशस्वी जयसवाल को ब्रायन के हाथों कैच आउट कराकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से (36) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये पिछले मैच के शतकवीर अभिषेक शर्मा (10) सिकंदर रजा के शिकार बन गये। 18वें ओवर में मुजराबानी ने शुभमन गिल को रजा के हाथों कैच आउट करा कर जिम्बाब्वे के लिए तीसरा विकेट हासिल किया। गिल ने 49 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (66) रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंदों में 49 रन बनाए। संजू सैमसन सात गेंदों में (12) और रिंकू सिंह (1) रन पर नाबाद रहे। निर्धारित 20 ओवरों में भारत ने चार विकेट पर 182 रन बनाये और जिम्बाब्वे को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया।

**49** रनों की शानदारी खेल कर ऋतुराज ने भारत को कम स्कोर पर रुक जाने से बचाया

### स्कोर बोर्ड

**भारत** 182/4 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का बेनेट बो रजा | 36 | 27 | 4/2 |
| शुभमन गिल का रजा बो मुजरबानी | 66 | 46 | 7/3 |
| अभिषेक शर्मा का मरुमानी बो रजा | 10 | 9 | 1/0 |
| रुतुराज का माधेवेरे बो मुजरबानी | 49 | 28 | 4/3 |
| संजू सैमसन नाबाद | 12 | 7 | 2/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : बेनेट 1-0-15-0, नगारवा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजरबानी 4-0-25-2, रजा 4-0-24-2, मसाकाद्जा 3-0-25-0, माधेवेरे 1-0-19-0

**जिंबाब्वे** 159/6 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे का अभिषेक बो आवेश | 1 | 2 | 0/0 |
| ताडिवनाशे मरुमानी का दुबे बो खलील | 13 | 10 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का बिश्नोई बो आवेश | 4 | 5 | 1/0 |
| डियोन मायर्स नाबाद | 65 | 49 | 7/1 |
| सिकंदर रजा का रिंकू बो सुंदर | 15 | 16 | 3/0 |
| कैंपबेल का स्थानापन्न (पराग) बो सुंदर | 1 | 2 | 0/0 |
| क्लाइव मेडांडे का रिंकू बो सुंदर | 37 | 26 | 2/2 |
| वेलिंगटन मसाकाद्जा नाबाद | 18 | 10 | 1/1 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, सुंदर 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0

## टी-20 विश्व कप में महत्वपूर्ण होगी पूजा की भूमिका : मंधाना

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में किए प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।



● वस्त्राकर द. अफ्रीका के खिलाफ पूरी शृंखला में शानदार प्रदर्शन किया

मंधाना ने कहा पहले दो मैच में विकेट सपाट था और ऐसे में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। हमें उम्मीद है कि पूजा विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह लंबी अवधि की श्रृंखला थी और एक गेंदबाज होने के नाते उसने जैसा प्रदर्शन किया उससे मैं हैरान हूं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 के अलावा तीन वनडे और एक टेस्ट मैच भी खेला।

## पैरा निशानेबाज रूबिना और स्वरूप को ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाज रूबिना फ्रांसिस और स्वरूप उन्हाल्कर ने बुधवार को वाइल्डकार्ड (बाईपारटाइट नियम) के अंतर्गत पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल किया जिससे इन खेलों में पैरा निशानेबाजों की संख्या 10 हो गई।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने रूबिना (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और स्वरूप (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल एचएच1) के लिए वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह किया था। पिछले साल हांग्झोऊ एशियाड खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज रूबिना और स्वरूप अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं जिससे पीसीआई ने वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह करने का फैसला किया। राष्ट्रीय पैरा निशानेबाजी कोच सुभाष राणा ने कहा था कि इन दोनों के कोटा स्थान करीब से चूक जाने के बाद उन्होंने वाइल्ड कार्ड के लिए आग्रह किया था।

## 75 वर्ष के हुए भारतीय क्रिकेट को सुनहरे दिन देने वाले गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का तांता लगा रहा और उनकी कलात्मक बल्लेबाजी को याद किया गया। गावस्कर को क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। वह टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर। आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान रूप से खेल सकते थे। हर चीज के लिए शुभकामनाएं। गावस्कर क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कमेंटेटर बन गए जिसमें उन्होंने अपार सफलता हासिल की। उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित कमेंटेटरों में गिना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गावस्कर को बधाई देते हुए लिखा लिटिल मास्टर आज 75 साल के हो गए। भारतीय टीम की बल्लेबाजी क्रांति का मार्ग प्रशस्त करने वाले गावस्कर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



● बीसीसीआई समेत भारतीय खेल जगत के दिग्गजों ने दी लिटिल मास्टर को बधाई

## भारतीय हैंडबॉल टीम में लखनऊ के सुयश सहित प्रदेश के चार खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. के मो. तौहीद को जयपुर में आयोजित यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया के लिए चयनित भारतीय यूथ हैंडबॉल टीम का कोच बनाया गया है। टूर्नामेंट के लिए चयनित भारतीय टीम में जगह बनाने वाले यूपी के चार खिलाड़ियों में से लखनऊ के सुयश अवस्थी और गोरखपुर के मनीष यादव का चयन यूथ टीम में किया गया है। वहीं, गोरखपुर के ज्ञान गौरव और मानवेंद्र यादव का चयन भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम के लिए किया गया है।

भारतीय टीम में उप्र के चार खिलाड़ियों के चयन पर उप्र हैंडबाल संघ की अध्यक्षा अलका दास, महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और संयुक्त सचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी सहित सभी पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। हैंडबॉल इंडिया के महासचिव तेजराज सिंह ने भारतीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया प्रतियोगिता 10 से 14 जुलाई तक जयपुर राजस्थान में होगी।



भारतीय हैंडबॉल खिलाड़ियों के साथ टीम के कोच।

## सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

लंदन, एजेंसी

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की।

डि मिनोर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 की जीत के दौरान उन्होंने क्रैक की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका। इस वॉकओवर से जोकोविच ने 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उन्होंने पुरुष एकल में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात विंबलडन में जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का सामना शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज और लोरेंजो मुसेटी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।





● फाइनल में टेलर फ्रिट्ज या लोरेंजो मुसेटी से होगा नोवाका सामना

जीत के बाद दर्शकों का अभिवादन करते नोवाक जोकोविच।

## अल्कराज और मेदवेदेव ने जीते क्वार्टर फाइनल मुकाबले

**लंदन।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्कराज और रूस के पांचवें वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव बुधवार को विंबलडन चैंपियनशिप में अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीत गये। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21 वर्षीय अल्कराज ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अमेरिका के टॉमी पॉल को 5-7, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। मैच के बाद अल्कराज ने कहा पहला सेट हारने के बाद मैंने अपने आपको मानसिक रूप से मजबूत किया। यह मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था, लेकिन मुझे पता था कि यह एक लंबा मैच है। मैंने अगले सेट में जीत हासिल की और मैं खुश हूं। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल में 28 वर्षीय मेदवेदेव ने दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी जैनिक सिनर को 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से हराने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस जीत के साथ ही मेदवेदेव ने 22 वर्षीय इटली के खिलाड़ी के खिलाफ लगातार पाँच मैच हारने का सिलसिले को खत्म किया। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अल्कराज और मेदवेदेव के बीच मुकाबला होगा।



## बॉलीवुड हलचल

### पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं। शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म सूर्या 44 के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। देवा अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

### करण और बादशाह के साथ नजर आएगी नोरा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही, गायक करण औजला और बादशाह के साथ नए प्रोजेक्ट में नजर आएगीं। नोरा फतेही ने अपने खास डांस कौशल और आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति के साथ मनोरंजन की दुनिया में अपने लिए एक जगह बनाई है। वह जो भी काम चुनती है उसमें सर्वश्रेष्ठ लाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। हाल ही में नोरा से पूछा गया कि जब उनका नाम फिल्म बैड न्यूज के वायरल गाने तौबा-तौबा के लिरिक्स में शामिल किया गया, जिसने इंटरनेट पर धूम मचा दी, तो उन्हें कैसा लगा। नोरा ने कहा, मैं घबरा गई! मैंने करण औजला का नया गाना सुना, और मुझे लगा कि यह मेरा नाम है। लेकिन क्या वह मेरा जिक्र कर रहा है या किसी और नोरा का, मेरा और उसका और बादशाह का एक ग्रुप है। और मैंने पूछा करण, क्या तुम मेरा जिक्र कर रहे हो? और वह बोला हाँ! बिल्कुल तुम! मैंने कहा करण, मैं आधिकारिक तौर पर अब इतिहास और पॉप कल्चर का हिस्सा हूँ, तुम्हारा शुक्रिया!



## फ्रांस को हराकर फाइनल में पहुंचा स्पेन

बर्लिन, एजेंसी

युवा सनसनी लैमिन यामल और दानी ओल्मो के शानदार गोलों की बदौलत स्पेन ने फ्रांस पर 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मैच के दौरान मैदान पर स्पेन के 16 वर्षीय यामल ने विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल दागकर अपनी टीम की मैच में वापसी कराई और इसके साथ ही यूरोकप में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया। स्पेन ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की। लेकिन नौंवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के बेहतरीन पास रैंडल कोलो मुआनी ने हेडर के जरिए गोल दागकर फ्रांस को बढ़त दिलाई। इसके चार मिनट बाद स्पेन डैनी ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए गेंद को नेट में डालकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। दूसरे हाफ में फ्रांस ने वापसी का प्रयास करते हुए कई हमले किए। स्पेन ने दबाव को झेलते हुए मजबूत रक्षात्मक रुख अपनाया। मैच में आखिर तक स्पेन की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर फाइनल में प्रवेश किया।



### फाइनल में, यामल ने बनाया रिकॉर्ड

**म्यूनिख।** लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया। यामल ने मैच के बाद कहा, शुरू में गोल खाने के बाद हम मुश्किल स्थिति में थे। मैंने सिर्फ गेंद पर कब्जा किया और उसे सही तरह से गोल में डाला। मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत अधिक नहीं सोचता हूं। बस अपने खेल का आनंद लेता हूं और टीम की मदद करने की कोशिश करता हूं। मैं गोल करके और टीम की जीत से बहुत खुश हूं। स्पेन की निगाह रिकॉर्ड चौथे खिताब पर टिकी हैं। रविवार को फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।

### मेसी ने दागा 109वां गोल अर्जेंटीना फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी)।** लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 35.0° | 28.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 07 : 05 |

# ग्राम प्रधानी की रंजिश में युवक की बांका से हत्या

## रसूलाबाद थाना क्षेत्र के चतुर नेवादा गांव में हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- एएसपी ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की तहकीकात की
- पुलिस ने हत्यारोपी को बांका के साथ गिरफ्तार किया

**अमृत विचार।** रसूलाबाद क्षेत्र के चतुर नेवादा गांव में घर के बाहर सो रहे एक युवक की प्रधानी की रंजिश के चलते बांका से काटकर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह जब छोटे भाई ने खून से सना शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और हत्या के चंद घंटों बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



हत्यारोपी ब्रजमोहन।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के चतुर नेवादा गांव निवासी शिव सिंह उर्फ लालू (40) खेतीबाड़ी का काम करता था। उसका पड़ोस के ब्रजमोहन से चुनाव की रंजिश को लेकर विवाद चलता था। वह मंगलवार को रसूलाबाद एक बारात में शामिल होने गया था। देर रात बारात से वापस लौटने के बाद वह घर के बाहर ही चारपाई में लेट कर सो गया। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी ब्रजमोहन ने रंजिश में उस पर बांका से हमला कर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

शोरगुल सुनकर भाई तेज सिंह घर से बाहर आया तो शिवसिंह उर्फ लालू खून से लथपथ पड़ा था। उसने पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर सीओ राजीव सिरोही, कोतवाल मुकेश सोलंकी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। कुछ देर बाद एएसपी राजेश पांडेय भी मौके पर पहुंचे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्यारोपी ब्रजमोहन को गांव के तलाई वाले बाबा के निर्माणाधीन मंदिर के पास से बांका समेत गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेजा जाएगा।

## एक नजर

### तिंगाई में शिविर लगाकर जांची गई सेहत

**रूरा।** क्षेत्र के तिंगाई गांव में कुलवंती हॉस्पिटल कानपुर नगर की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. देवेंद्र सिंह ने 50 से अधिक मरीजों की जांच की। कहा कि हार्ट अटैक जैसी बीमारी से बचने के लिए खानपान और रहन-सहन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसलिए समय-समय पर जांच कराते रहना चाहिए। इस दौरान थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह, मोहित श्रीवास्तव, प्रशांत, आलोक आदि लोग मौजूद रहे।



बिजली से झुलसे लोगों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अमृत विचार



सिंकदरा सीएचसी में घायलों को देखने पहुंचे लोग। अमृत विचार

# बिजली गिरने से दो युवकों की मौत, तीन गंभीर

संवाददाता, सिकंदरा

- खोजाफूल गांव में बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे लोग, तभी हुआ हादसा

**अमृत विचार।** बारिश के दौरान बाग में पेड़ के नीचे बैठे पांच लोगों पर बिजली गिर गई, जिससे दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बुधवार की शाम खोजाफूल गांव के बाहर उमस भरी गर्मी के कारण बाग में चिल्ला के पेड़ के नीचे पांच लोग बैठे हुए थे। इसी दौरान तेज हवा के साथ बारिश होने लगी, जिससे बचने के लिए पांचों लोग चिल्ला के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। अचानक गरज के साथ बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर पेड़ के नीचे खड़े अमृत सिंह कुशवाहा (55), अनिल (45), रामनरेश कुशवाहा (45), पप्पू (40) और रवि (40) गंभीर रूप से झुलस गए।

सभी को सिकंदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. अर्चना चौरसिया ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में पांचों लोगों को जिला अस्पताल अखबरपुर रेफर कर दिया। वहां डॉ. श्रीप्रकाश ने पप्पू और रवि को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन लोगों को भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। मौत की खबर से दोनों के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे एसडीम श्याम नारायन शुक्ला, नायब तहसीलदार सुप्रिया और सिकंदरा थाना प्रभारी महेश कुमार ने परिजनों से जानकारी ली।

### बिजली गिरने से बकरी मरी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के रहने वाले मिथलेश एक भट्ठे के पास अपनी बकरियां चरा रहे थे। इसी दौरान जोरदार बारिश होने लगी और अचानक बिजली गिरने से उनकी एक बकरी मर गई।

# राज्यमंत्री ने लेखपालों को बांटे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 7720 नवनियुक्त लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसी क्रम में जनपद में नवचयनित 44 लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम राज्यमंत्री व डीएम द्वारा मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में किया गया।




लेखपाल को नियुक्ति पत्र देतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व डीएम आलोक सिंह।

- मुख्यमंत्री की ओर से नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का देखा-सुना गया सजीव प्रसारण

बुधवार को नव चयनित लेखपालों को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण पद है। सेवा के दौरान विषम परिस्थितियां आएंगी, लेकिन सभी को ईमानदारी से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि लेखपाल समय पर प्रमाण पत्रों को जारी करें, यही अपेक्षा है। जिलाधिकारी आलोक सिंह ने नव चयनितों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन सभी का प्रशिक्षण जल्द करा लिया जाएगा। जिसमें फील्ड विजिट भी शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि यदि लेखपाल अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करें तो राजस्व विभाग से संबंधित बहुत सारी समस्याएं स्वयं दूर हो जाएंगी। नवचयनित लेखपाल यदि फील्ड में अच्छा कार्य करेंगे, तो न केवल अपने कैरियर में शीघ्र पदोन्नति पाएंगे। बल्कि जनपद भी तेजी से विकास करेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा नव चयनितों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम व संबोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एसडीएम अकबरपुर अवनीश कुमार रहे।

# छात्रवृत्ति के लिए रिजेक्ट हुए छात्र फिर करें आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ प्रज्ञा शंकर ने बुधवार को बताया कि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में समय अंतर्गत परीक्षा परिणाम घोषित न होने, पीएफएमएस से रिस्पांस प्राप्त न होने तथा बैंक खाते का आधार सीडेड न होने समेत अन्य कारणों से सामान्य, अन्य पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग के वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति व अन्य कार्यों के संबंध में समय सारिणी जारी की गई है। जिसमे छात्र द्वारा किए गए ऑनलाइन आवेदन में गत वर्ष के परीक्षा परिणाम को ठीक किया जाना व सब्मिट करना है। छात्र 15 से 24 जुलाई तक सही किए गए आवेदन पत्र की हार्डकापी वॉछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्थान में जमा करेंगे। उसके बाद शिक्षण संस्थान द्वारा छात्र के अभिलेखों से मिलान किया जाएगा। साथ ही अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना होगा।

# 60 साल पुराने सियारी पुल पर भारी वाहनों की नो एंट्री

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बारिश में जर्जर पुल से हादसे की बढ़ी आशंका
- खतरे को देखते हुए किया गाया रूट डायवर्जन

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में जर्जर नहर पुलों से आवागमन पर लोक निर्माण विभाग रोक लगा रहा है। जिससे कोई हादसा न होने पाए। इसी क्रम में रसूलाबाद क्षेत्र में करीब 60 साल पुराने सियारी नाले पर बने पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाते हुए रूट डायजर्वन किया गया है।

रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के सिहुरा मीरा से सियारी नाला मार्ग के कठारा गांव में सियारी नाला पर 3 गुणा 3.50 मीटर स्पान का लघु पुल लगभग 60 वर्ष पुराना है। यह मौजूदा समय में काफी जर्जर हालत में है और हादसे की आशंका बनी रहती है। मौजूदा मानसूनी बारिश के मौसम में नदी-नाले भी उफान पर हैं। ऐसे में पुल के ढहने की आशंका बनी रहती है। हादसे रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग ने सियारी नाले से भारी वाहनों के आवागमन पर नो एंट्री लगाई है। दोपहिया व पैदल लोग इस पुल से आवागमन कर सकेंगे। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन देवेंद्र कुमार ने बताया कि सियारी नाले से भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की गई है। जिसके चलते रूट डायवर्जन किया गया है। उन्होंने बताया कि कठारा से उसरी, रंजीतपुरवा, सिहुरामीरा, रानाइटाहा आदि गांवों की ओर जाने वाला ट्रैफिक रसूलाबाद-लहरापुर मार्ग से रसूलाबाद से उसरी की ओर जाएगा। इसी तरह उसरी से कठारा की ओर जाने वाला ट्रैफिक रसूलाबाद होते हुए रसूलाबाद-लहरापुर मार्ग के किमी-5 से कठारा की ओर जाएगा।

## सार-संक्षेप



बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए बुधवार को रवाना हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

### बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए भक्त

**रूरा।** बाबा बर्फानी अमरनाथ के दर्शन के लिए बुधवार को क्षेत्र के श्रद्धालु रूरा स्टेशन से ट्रेन से रवाना हुए। भक्तों ने बाबा बर्फानी के जयकारों के साथ यात्रा प्रारंभ की। यात्रा में देवेंद्र अग्निहोत्री, उमेश, ओम चंद्र, अतुल तिवारी, माधुरी शुक्ला, अंकिता तिवारी, सत्यम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



शहीद जवानों को पुष्पांजलि देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

### कांग्रेस ने जम्मू में शहीद जवानों को पुष्पांजलि दी

**कानपुर देहात।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को डेरापुर स्थिति शहीद स्तंभ पर जिलाध्यक्ष नरेश कटियार की अगुवाई में जम्मू में शहीद हुए जवानों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद शहीदों की याद में जिलाध्यक्ष ने परिसर में फलदार व छायादार पौधों का रोपड़ किया। साथ ही देखरेख की ज़िम्मेदारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने ली। जिलाध्यक्ष ने कहा कि घटना बहुत दुखद है और पूरा देश शहीद जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है। इस मौके पर सगीर अहमद, रोहित कटियार, राम अवतार दीक्षित, डॉ. अजय यादव, बृजेंद्र स्वरूप कटियार, मलखान सिंह यादव, तारिक निजामी, अंशू कटियार मौजूद रहे।

### प्रश्नोत्तरी से छात्रों का करेंगे बौद्धिक विकास

**कानपुर देहात।** जिले के परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से शिक्षित कर उनकी बौद्धिक क्षमता वृद्धि के लिए प्रत्येक शनिवार को स्कूलों में प्रश्नोत्तरी परीक्षा होगी। इसमें सप्ताह भर पढ़ाए गए पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सही जवाब देने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं जवाब न दे पाने वाले विद्यार्थियों की विशेष तैयारी कराते हुए उनका बौद्धिक विकास किया जाएगा। विभाग ने बच्चों के बीच शैक्षिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। प्रत्येक शनिवार को प्ररूनोत्तरी प्रतियोगता कराई जाएगी। इस दौरान शिक्षकों को इस बात का ध्यान रखने को कहा गया है कि कोई विद्यार्थी हतोत्साहित नहीं हो। प्रश्नोत्तरी कराने से विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रूचि बढेग़ी। इस बावत बीएसए अजय मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों के ज्ञान का सही इस्तेमाल कर विद्यार्थियों के शैक्षिक व बौद्धिक स्तर के साथ स्कूल में शिक्षा के स्तर में और सुधार ला सकते हैं। परिषदीय स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिलने के बाद अभिभावकों को रुझान बढ़ेगा। साथ ही निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा को असली जामा पहनाने में सहयोग मिलेगा।

### पत्नी की मौत के दो दिन बाद पति ने भी जहर खा दी जान

**रूरा।** नवविवाहिता के जहर खाने के दो दिन मामले में नाजमद आरोपी पति ने भी आहत होकर बहन के घर इटावा में जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। रूरा थाना क्षेत्र के विजईपुर गांव में बीते सोमवार की शाम गृह कलह के चलते नव विवाहिता बबली ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी थी। मामले में बबली के पिता राजेश ने मृतका के पति रवि, जेठ हरिशंकर व जेठानी मीना के ऊपर दहेज हत्या का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी जेठानी मीना को हिरासत में लिया था। आरोपी पति और जेठ फरार हो गए थे। वहीं पत्नी की मौत से आहत होकर पति रवि ने बुधवार की सुबह अपनी बहन ननखी के यहां जनपद इटावा में जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी पर बहन ननकी व बहनोई नंदू उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतक के पिता समेत अन्य परिवारी इटावा रवाना हो गए।




अभिनंदन कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सांसद सुब्रत पाठक व विधायक पूनम संखवार।

### मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में गिनाईं उपलब्धियां

**मंगलपुर।** किशौरा गांव के गेस्ट हाउस में आयोजित मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में पूर्व सांसद व रसूलाबाद विधायक ने मतदाताओं का आभार जताया। बुधवार को झींझक ब्लाक की ग्राम पंचायत किशौरा में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर मतदाताओं ने भाजपा के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव को कुछ लोगों ने गलत दिशा में मोड़ने का कार्य किया है। लोगों को संविधान खतरे में बता कर गुमराह किया गया। विधायक पूनम संखवार ने कहा कि चुनाव में हार-जीत होती रहती है। कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत से काम किया है और संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है। आगे भी पूरी मजबूती के साथ काम करेंगे। इस दौरान नगर पालिका परिषद झींझक चेयरमैन अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी, चेयरमैन रसूलाबाद देव शरण कमल, जिला पंचायत सदस्य ऋषि सिंह, ब्लाक प्रमुख रसूलाबाद छुन्नी दुबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष विभु राजपूत, रामपाल सिंह पाल, केपी सिंह, सत्यपाल धनगर आदि रहे।



पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पौधरोपण करते स्काउट शिक्षक व छात्र। अमृत विचार

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में किया गया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** "एक पेड़ मां के नाम" संकल्प के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय माती में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां शिक्षकों व छात्रों ने पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया।

बुधवार को प्राचार्य एएच अंसारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के स्काउट गाइड, कब, बुलबुल ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभागिता की। हरित भविष्य की यात्रा के सपनों को साकार करने की प्रतिज्ञा लेते हुए विद्यालय के अशोक स्काउट ग्रुप एवं इंदिरा गाइड कंपनी के सदस्यों ने स्काउट मास्टर प्रमोद कुमार, संतोष कुमार गुप्ता व अनिल कुमार के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समूह के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पर्यावरण की रक्षा की प्रतिज्ञा के साथ पौधरोपण भी किया। साथ ही बैनर-पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता भी फैलाने का प्रयास किया।

# रेल पटरी के पास मिला वृद्ध का शव

**मंगलपुर।** झींझक कस्बा में ओवरब्रिज के नीचे रेल पटरियों के किनारे संदिग्ध हालात में पड़े एक वृद्ध के पड़े होने की सूचना राहगीरों ने एंबुलेंस को दी। जिसपर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

झींझक में रेलवे ओवरब्रिज के नीचे रेल पटरियों के पास में बुधवार सुबह एक अज्ञात करीब 60 वर्षीय वृद्ध संदिग्ध हालात में पड़ा हुआ मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सीएचसी ले गई। जहां डॉ. शिरोमणि ने जांच के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर अस्पताल पहुंचे उपनिरीक्षक अंकित कुमार ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया कि मृतक काली पैंट, सफेद बनियान, चेकदार शर्ट व नीली जांघिया पहने हुए था। मृतक का बाया हांथ टूटा हुआ था और दाहिने आंख के नीचे चोट के निशान व बांए पैर का घुटना कटा था।

# फसलों का 31 तक कराएं बीमा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



फसल बीमा को लेकर बैठक करते उप कृषि निदेशक रामबचन राम। अमृत विचार

- प्राकृतिक आपदा में सर्वे के बाद बीमा कंपनी किसानों को देती फसल का मुआवजा

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 अंतर्गत अधिकाधिक किसानों को बीमित व लाभांवित करने के लिए बीमा कंपनी प्रतिनिधियों, जिला समन्वयकों व बैंकों की संयुक्त बैठक का आयोजन उप कृषि निदेशक कार्यालय में किया गया।

बुधवार को बैठक में उप कृषि निदेशक रामबचन राम बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 के तहत प्रीमियम जमा करने अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। उक्त तिथि तक शत-प्रतिशत ऋणी किसानों के खाते से प्रीमियम की कटौती कर, सूचना 15 अगस्त तक बीमा पोर्टल पर संबंधित बैंक द्वारा पूर्ण की जानी है। सभी जिला समन्वयकों (बैंक) को निर्देशित किया गया कि वह यह सुनिश्चित कर लें कि कार्रवाई निर्धारित समयावधि में पूरी हो जाए।

जिला समन्वयक सहकारी बैंकों ने बताया कि फसल बीमा पोर्टल पर कुछ ग्राम पंचायतों में अधिसूचित फसलें प्रदर्शित नहीं हो रही हैं। जिसपर उप कृषि निदेशक ने निर्देशित किया गया कि ऐसी ग्राम पंचायतों की सूची तत्काल बीमा कंपनी के जनपदीय समन्वयक को उपलब्ध कराई जाए। जिससे समस्या का निराकरण कराया जा सके। उन्होंने बताया कि किसानों को प्राकृतिक आपदा जैसे अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, बाढ़, भूस्खलन, आंधी, तूफान, जलभराव, चक्रवात, सूखा, आकाशीय बिजली, कृमि प्रकोप, फसल बुआई से कटाई के बाद 14 दिन खेत पर सूखने के लिए रखी गई अधिसूचित फसलों के होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति का भुगतान बीमा कंपनी सर्वे के बाद आंकलन रिपोर्ट या जिला प्रशासन द्वारा कराई क्राप कंटिग के आधार पर किया जाता है। खरीफ 2024 के तहत धान, बाजरा, मक्का, ज्वार, उर्द, तिल एवं अरहर फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसान बीमित राशि का दो प्रतिशत प्रीमियम जमा करा कर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

**निगरानी शुरू** | यमुना नदी का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से साढ़े नौ मीटर दूर

# झमाझम बारिश से यमुना में बढ़ा जलस्तर

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश के कारण यमुना का जलस्तर छह से सात सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। इससे यमुना व सेंगुर के जल्द ही उफान पर आने की आशंका से लोग परेशान हैं। फिलहाल पानी खतरे के निशान से करीब साढ़े नौ मीटर दूर है।



यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से तराई क्षेत्र में पहुंचने लगा पानी। अमृत विचार

- 6-7 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा पानी

यमुना नदी में बढ़ रहे पानी को लेकर तटवर्तीय गांवों के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें आ गई हैं। बाढ़ की आशंका से प्रशासन ने यमुना नदी के पानी पर निगरानी रखना शुरू कर दिया है। बारिश के मौसम में यमुना नदी के उफनाने से भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के करीब 28 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। इन गांवों के किसानों की हजारों बीघा फसल जलमग्न होकर चौपट हो जाती है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

यमुना नदी की बाढ़ से सेंगुर नदी भी उफनाकर रौद्र रूप धारण कर लेती है। क्योंटरा बांगर, पथार, मुसरिया समेत अन्य गांव के लोगों का कहना है कि लगभग हर वर्ष बरसात में यमुना नदी में बाढ़ आने से प्रभावित गांव के लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल अभी यमुना नदी का जलस्तर सामान्य है। केंद्रीय जल आयोग केंद्र कालपी के शिफ्ट प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि बुधवार को यमुना नदी का जलस्तर दोपहर एक बजे तक करीब 98.05 मीटर पर रहा है। हालांकि प्रति घंटे 6-7 सेंटीमीटर की रफ्तार से जलस्तर में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि अभी किसी बांध से पानी नहीं छोड़ा गया है। बरसात का पानी है। देर रात तक पानी कम होने की उम्मीद है।

# पेंशन बहाली के लिए चलेगी लंबी लड़ाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अटेवा जिला कार्यकारिणी की बैठक में हुआ संगठन विस्तार

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक अकबरपुर स्थित जिला कार्यालय में संपन्न हुई। यहां कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

बैठक में जिला संयोजक प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि 28 मार्च 2005 से पूर्व जारी विज्ञप्ति के आधार पर भर्ती हुए सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की पेंशन बहाल कराकर संगठन ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह जीत अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय बंधु के प्रयासों से ही संभव हो पाई है। पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई जारी रहेगी। मंडल अध्यक्ष डॉ. पंकज संखवार ने अगस्त के कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सहसंयोजिका ज्योति शिखा मिश्रा ने की और संचालन महामंत्री प्रताप भानु सिंह गौर ने किया। कोषाध्यक्ष अखिलेश पाल ने जिला कार्यकारिणी द्वारा जारी अटेवा क्यों, किसलिए और उपलब्धियों का पंपलेट व स्टीकर प्रचार-प्रसार के लिए सभी ब्लॉक कार्यकारिणियों को वितरित किया। संगठन का विस्तार करते हुए मनीष अवस्थी, विवेक कुमार, विश्वनाथ प्रजापति, शिवकुमार साहू व अमन गोस्वामी को सरवनखेड़ा, डेरापुर और अकबरपुर की ब्लॉक कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया। इस दौरान आत्मप्रकाश मिश्रा, अनंत त्रिवेदी, अनिरुद्ध सिंह, विवेक तिवारी, गौरव मिश्रा, विकास सिंघल, रमेंद्र सिंह, आलोक दीक्षित, अमित मिश्रा, जयश्री अवस्थी, सारिका शुक्ला, श्रद्धा शुक्ला रहीं।

## एक नजर

### डिवाइडर से टकराई बाइक युवक की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ब्राम्हणपुर के समीप एनएच-2 में मंगलवार की देर शाम अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव निवासी देवीशरण का पुत्र राजन सिंह देर शाम बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था जब वह ब्राम्हणपुर के समीप एनएच-2 पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### मशीन से गिरकर मजदूर की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उधन्नापुर के समीप बुधवार की सुबह मिक्चर मशीन का टायर निकल जाने से लगभग 40 वर्षीय मजदूर की गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव निवासी शिवचरण का पुत्र मैकू आज सुबह लगभग आठ बजे मिक्चर मशीन में बैठकर स्लेप डालने के लिए साथियों के साथ जा रहा था। जैसे ही मशीन उधन्नापुर के समीप पहुंची तभी अचानक मिक्चर मशीन का टायर निकल गया। जिससे वह नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### पटाखा छुड़ाते समय किशोर झुलसा

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अरबपुर चीत मजरे मवई में मंगलवार की शाम पटाखा जलाते समय 13 वर्षीय किशोर बुरी तरह झुलस गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अरबपुर चीत मजरे मवई गांव निवासी राजेश कुमार का 13 वर्षीय पुत्र विपिन पड़ोस की शादी में पटाखा छुड़ा रहा था। तभी अचानक उसके हाथ में पटाखा दग जाने से वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर।** बिंदकी कस्बे में बुधवार की दोपहर पारिवारिक कलह के चलते 30 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे सीएचसी ले गए। जहां हालत ठीक न होने पर उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बिंदकी कस्बा निवासी राजेश के पुत्र देवेंद्र का आज दोपहर अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद हालत ठीक न होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिस पर परिजन सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### संदिग्ध हालात में युवक की हुई मौत

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के ग्राम कारीकान नरिहाईपर में संदिग्ध परिस्थितियों में 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। कारीकान नरिहाईपर गांव निवासी चोखेलाल का पुत्र दिलेश कुमार मंगलवार की शाम संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई सत्य कुमार ने घटना को संदिग्ध बताते हुए बताया कि पहले बताया गया कि उसकी करंट लगने से मौत हुई है।

# तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबकर मौत

## सभी कक्षा दो के छात्र, घर से ढाई सौ मीटर दूर हुई घटना

संवाददाता, बिंदकी-फतेहपुर



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब नहाने गए तीन बच्चों की डूबकर मौत हो गई। जिससे उनके परिजनों समेत पूरे गांव में हड़कम्प मच गया। तीनों बच्चे कक्षा दो के छात्र थे।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जनता गांव में बुधवार को अपरान्ह करीब तीन बजे कक्षा दो के पढ़ने वाले अंश रैदास (9) पुत्र अर्जुन रैदास, विष्णु रैदास (8) पुत्र गौरेलाल रैदास एवं आयुष प्रजापति (8) पुत्र सुनील प्रजापति स्कूल से पढ़ कर घर वापस आए। आसपास रहने वाले तीनों विद्यार्थियों ने अपने-अपने घर जा कर स्कूल बैग रखा और खाना खाया। इसके बाद तीनों बच्चे घर से खेलने के लिए निकल गये। खेलते-खेलते उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिये घर से करीब ढाई सौ मीटर दूर तालाब में जाकर नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। यह देखकर तालाब के समीप ही बकरियां चरा रहीं बच्चियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और गांव जाकर बताया। घटना की जानकारी होते ही परिजन एवं ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे।

ग्रामीणों ने तालाब में घुस कर तीनों बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों बच्चों की मौत हो गई थी। जिंदगी की उम्मीद में बच्चों को बिंदकी सीएचसी पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बिंदकी संजय पाण्डेय ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तीनों को मौत हो चुकी थी। पुलिस ने तीनों बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिये भेज दिया है। हादसे से पूरा गांव गमगीन रहा।

## निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**फतेहपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों में औद्योगिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से सामूहिक प्रशिक्षण योजना चलाई जा रही है। इसके तहत जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। निदेशालय द्वारा निर्धारित ट्रेड़ों में पुरुष अभ्यथियों के लिए ट्रैक्टर रिपेरिंग एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए मेडिकल नर्सिंग (आया) ट्रेड़ में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आंमत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उन पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए है जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य हो तथा कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हों। इस प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 1250 रुपये प्रतिमाह यातायात एवं स्वल्पाहार के रूप में दिया जाएगा। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट पर 25 जुलाई तक आनलाइन किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ फोटो, आधार आदि नत्थी करें।

# उपचुनाव में 489 मतों से जीते सभासद

संवाददाता, फतेहपुर



प्रमाण पत्र के साथ खुशी मनाते समर्थक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर नगर पालिका के वार्ड नंबर 32 से सभासद नाएला खातून की मौत के बाद रिक्त हुई सीट में हुए उप चुनाव में सपा समर्थित मोहम्मद एजाज उर्फ राहत ने विजय हासिल की। इन्होंने 489 मत के अंतर से प्रतिद्वंदी को पराजित किया। चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी भी किस्मत आजमाने को उतारे लेकिन वह दहाई के आंकड़े में ही सिमट कर रह गए।

सदर नगर पालिका के पनी वार्ड की निर्वाचित सभासद नाएला खातून की 13 मई को हार्टअटैक से मौत हो गई थी। उनकी मौत से यह सीट रिक्त हो गई थी। आठ जुलाई को उपचुनाव कराया गया। इस चुनाव में राहत समेत छह उम्मीदवार थे। निर्वाचन अधिकारी अजय बाबू गुप्ता की निगहबानी में हुए इस चुनाव में 1317 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें राहत 831 मत पाकर चुनाव जीत गए। नफीस उर्फ चिकन 342 मत के साथ दूसरे नंबर पर रहे जबकि भाजपा समर्थित राजेश उर्फ रावण 96 मत पर सिमट गए। मो. वसीम 37, सैय्यद मो. माहीन 0, विजय 0 और नोट ने 3 मत बटोरे। जबकि आठ मत अनवैलिड हो गए। सैयद मोहम्मद माहीम व विजय के लिए यह चुनाव काफी सबक देने वाला रहा। जिन्हें एक भी मत हासिल नहीं हुआ। निर्वाचन अधिकारी अजय बाबू गुप्ता ने प्रस्तावक मेराज को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। मतगणना को लेकर नई तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम रहे। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, सपा जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, जगदीश उर्फ जालिम सिंह, नफीस उद्दीन, मो. रेहान, सदफ रेहान एडवोकेट, सुनील उमराव, जैद अहमद, सऊद अहमद, अरूण यादव, शकील गोल्डी, सुहैल अहमद हेमू, फूल सिंह मौर्या, धीरेंद्र कुमार मौर्या टीटू, अरूण यादव भी मौजूद रहे।

- वार्ड नंबर 32 से निर्वाचित हुए मरहूम सभासद के पति

### अपने ही वोट को तरसे दो प्रत्याशी

पनी वार्ड के सदस्य पद के लिए हुए उप चुनाव में छह प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें दिवंगत सभासद के पति मो. एजाज उर्फ राहत, नसीम उर्फ चिक्कन, राकेश उर्फ रावण, मो. वसीम, सैय्यद मो. माहीन व विजय शामिल हैं। इस चुनाव में रोमांचक बात यह रही कि दो प्रत्याशी अपने ही वोट के लिए तरस गए। सैय्यद मो. माहीन व विजय ने अपने आप पर ही भरोसा नहीं जताया और स्वयं का वोट भी दूसरे प्रत्याशी को दे दिया। जिससे इन दोनों प्रत्याशियों से ज्यादा नोटा को तीन मत मिले और नोटा दोनों प्रत्याशियों से जीत गया।

# 172 लेखपालों को मिले नियुक्ति पत्र तो खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



नियुक्ति पत्र के साथ खड़े नवनियुक्त लेखपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन लखनऊ में किया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी सी. इन्दुमती, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप एवं अन्य अधिकारियों व जनपद में नवनियुक्त लेखपालों की उपस्थिति में देखा व सुना।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने जिले में 172 नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सिंह ने नवनियुक्त लेखपालों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। सभी लोग अपनी योग्यता के आधार पर इस पद पर चयनित किए गए हैं। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर उतरने में लेखपाल की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। जिलाधिकारी ने नवनियुक्त लेखपालों को बधाई देते हुए कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करें। क्योंकि लेखपाल वरासत, नामांतरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पैमाईश आदि के कार्य करते हैं। शासन की नियमावली के अनुसार कार्यवाही करके कार्य करें। उन्होंने कहा कि लेखपाल की ही रिपोर्ट प्राथमिकी रिपोर्ट होती है उसके आधार पर ही उच्चाधिकारी कार्य करते हैं। लेखपाल राजस्व के दिल और दिमाग होते हैं। गांव की कानून व्यवस्था बनाए रखने की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी

**फतेहपुर।** शहर के शांतीनगर स्थित श्रीबांके बिहारी मंदिर परिसर में आदर्श व्यापार मंडल के सौजन्य से जिलाधिकारी सी. इंदुमती, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर, अपर उप जिलाधिकारी, एआरटीओ प्रशासन आदि ने पीपल, अशोक, नारियल आदि के पौधे रोपित किए। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे लगाना जरूरी है। इससे वातावरण सुन्दर एवं स्वच्छ रहेगा और शुद्ध हवा मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### दुकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**फतेहपुर।** थाना जाफरगंज के गांव दामोदरपुर निवासी प्रदीप पटेल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरी जहानाबाद कस्बे के मोहल्ला सानी गढ़वा मोड़ के सामने स्थित दुकान में हमारे गांव के ही अमित एवं रामप्रसाद काम करते है। दुकान का ताला तोड़कर वहां खड़ा छोटा हाथी, जनरेटर एवं स्टील के दरवाजे सहित अन्य सामान गायब है जब खोजबीन की तो पता चला जनरेटर उनके दरवाजे खड़ा है। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### कोविड प्रभावित परिवारों के तीन बच्चों को दिए लैपटॉप

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में कोविड बीमारी से प्रभावित परिवारों के तीन बच्चों को लैपटाप दिए गए। लैपटाप पाकर बच्चों ने खुशी का इजहार किया और सरकार की योजनाओं को जमकर सराहा। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी सी. इन्दुमती की मौजूदगी में वितरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री बाल सेवा (कोविड-19) योजना के अंतर्गत कोविड-19 से प्रभावित परिवार के तीन बच्चों को पढ़ाई के लिए लैपटॉप वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा, जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसों में महिला समेत दो घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान महिला समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। राधानगर थाने के समीप रहने वाले अशोक कुमार की पत्नी मृदुला सिंह 60 वर्ष आज दोपहर घर से बाहर सामान लेने जा रही थी। तभी विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गई। इसी प्रकार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी स्व. भवानी शंकर का 45 वर्षीय पुत्र घनश्याम मिश्रा बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था। जब वह चक्की नाका के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकितसालय में भर्ती कराया।

### संविदा कर्मियों ने वेतन काटने का लगाया आरोप

**किशनपुर।** विद्युत उपकेंद्र के क्षेत्र में तैनात संविदा कर्मियों ने अवर अभियंता पर वेतन काटने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत अधिशासी अभियंता से की हैं। क्षेत्र के रहने वाले संविदा कर्मी छेद्दू यादव, सत्यम मिश्रा, दीपक निषाद, महेश मिश्रा का आरोप है कि वह विद्युत विभाग में लाइन मैन के पद पर कार्यरत हैं। सभी चारों व्यक्ति दिन रात अपने कार्य में लगे रहते हैं। इसके बाद भी उनके साथ गलत व्यवहार किया जाता है। सभी लोगों का बीच बीच हर महीने वेतन काट दिया जाता है। वेतन काटने की वजह से परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। कई बार विद्युत उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता से भी उन्होंने कहां लेकिन उनकी कोई बात नहीं सुनी जा रही है। जिससे तंग आकर सभी लोगों ने अधिशाषी अभियंता को शिकायती पत्र देकर वेतन दिलवाने की मांग की है। मामले में अवर अभियंता ने बताया कि उपकेंद्र में कुल 22 कर्मचारी कार्यरत हैं। ये चारों लोग काम के प्रति लापरवाह है। बिना सूचना दिए गायब रहते हैं। जो कार्य दिया जाता है वह भी पूरा नहीं करते। पिछले महीने छेद्दू यादव चार दिन सत्यम मिश्रा दो दिन दीपक निषाद दो दिन महेश मिश्रा एक दिन अनुपस्थिति थे जिसका वेतन काटा गया है।

### चक मार्ग को कराया अतिक्रमण मुक्त

**जहानाबाद।** विकास खंड देवमई की ग्राम पंचायत मिर्जापुर मकरंदपुर के मजरे सैकापुर सरांयबदले में ग्रामीण चक मार्ग पर एक महिला द्वारा चबूतरा बना उसके ऊपर छप्पर डालकर मवेशियों को बांध मार्ग को पूर्ण रूप से आवागमन बाधित कर दिया था। जिसकी खबरे वायरल हो रही थीं। नायब तहसीलदार अमरेश सिंह ने जांच की। पुलिस प्रधान उमाकांत कुशवाहा की मौजूदगी में अतिक्रमण किए जाने पर कब्जा मुक्त कराया। चेतावनी दी कि जो भी अतिक्रमण किए हुए हैं उसको शीघ्र हटाएं।

# दुर्घटना में पुत्र की मौत, पिता गंभीर

संवाददाता, शिवली



घटना के बावत जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बैरी-मैथा मार्ग पर सूरजपुर गांव के पास बाइक से जा रहे पिता-पुत्र को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में डॉक्टर ने पुत्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि पिता को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के टाटामऊ खखरा निवासी बिलायती नाथ (20) मंगलवार को अपने पिता विश्वनाथ के साथ बाइक से बैरी सवाई के मजरा ह्रदयपुर जोगी डेरा अपने चचरे भाई मुनेश्वर नाथ की पुत्री कीर्ति की शादी में शामिल होने जा रहे थे। अभी वह बैरी-मैथा मार्ग पर सूरजपुर गांव के समीप पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पिता-पुत्र घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी काली चरण ने दोनों को शिवली सीएचसी भेजा। जहां ईएमओ डॉ. सिंधुजा सिंह ने बिलायती नाथ को मृत घोषित कर दिया। जबकि विश्वनाथ को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। पुत्र की मौत से मां मालती देवी बदहवास हो गई। जबकि भाई पंकज, अंकित, बहन रमा देवी आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डंपर को कब्जे में लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।



बिलायती नाथ।

### चार दिन बाद युवक की होनी थी शादी

सूरजपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में मारे गए बिलायती नाथ की शादी 14 जून को रूरा थाना क्षेत्र के बनीपारा जोगी डेरा निवासी प्रिया के साथ होनी थी। जिसके ठीक चार दिन पहले उसकी मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी पर दोनों पक्षों में मातम पसर गया और लोग रोते-बिलखते रहे।

# शिविर में किसानों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

संवाददाता, चौडगरा-फतेहपुर

- कृषि विशेषज्ञ बोले-तिल उत्पादन भी आवश्यक

**अमृत विचार।** मलवां विकासखंड के शिवराजपुर ग्राम सभा में सहकार फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा तिल व मूंगफली उत्पादन की तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र से आए कृषि विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य फसलों के उत्पादन के साथ-साथ तिल उत्पादन भी आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि एक हेक्टेयर में लगभग 8 कुंतल तिल की पैदावार की जा सकती है। इसकी बुवाई के लिए 15 जुलाई तक खेत को बनाकर के बुवाई करने से अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सकती है। यह समय तिल बुवाई के लिए उपयुक्त होता है। बुवाई के 20 दिन के उपरांत निराई के माध्यम से विरलीकरण किया जाता है। जिससे फसल अच्छी होती है पेड़ मजबूत होता है जिससे अच्छी पैदावार होती है। वहीं आशापुर ग्राम सभा में मूंगफली के उत्पादन जी जे जी 36 मूंगफली के बीज उत्पादन प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव से आए डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि मूंगफली का उत्पादन एक हेक्टर में 25 से 28 कुन्टल तक प्राप्त किया जा सकता है, जिसकी बुवाई जुलाई माह में करके अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को प्रशिक्षण देकर अधिक से अधिक किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. संजय कुमार पांडेय, डॉ. जितेंद्र सिंह, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी चौडगरा के निदेशक रमाकांत त्रिपाठी आदि रहे।

मौसम का हाल

## राजपुर पीएचसी, ब्लॉक कार्यालय समेत कई मोहल्लों में भरा पानी

# झमाझम बारिश से राजपुर में जलभराव



राजपुर पीएचसी परिसर में बारिश से हुआ जलभराव। अमृत विचार



जोरदार बारिश से राजपुर में जलमग्न गली। अमृत विचार

संवाददाता, राजपुर

- दो घंटे तक हुई बारिश से सड़क पर चलना मुश्किल हुआ

**अमृत विचार।** पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ था। बुधवार सुबह तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहे। दोपहर में अचानक आसमान में काली घटा छाने के साथ करीब दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से राजपुर में जगह-जगह जलभराव हो गया। जिससे सड़क पर चलना मुश्किल हो गया और जलभराव से दुकानदारों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

बुधवार को जोरदार बारिश ने नगर पंचायत प्रशासन के जलनिकासी के दावों की पोल खोलकर रख दी। राजपुर पीएचसी, ब्लॉक कार्यालय, समेत मुखर्जी नगर, अशोक नगर व कन्हैया नगर की गलियों में जलभराव हो गया। वहीं आंबेडकर नगर में नालियों की सफाई न होने से बारिश में नालियों का पानी सड़क पर भर गया। कन्हैया नगर के जावेद, शाहरुख, पवन, सुमित, सौरभ आदि ने बताया कि जलनिकासी का प्रबंध न होने से दो वर्षो से नगर में जलभराव की समस्या है। बारिश में पूरी गली जलमग्न हो जाती है। इस बावत ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि समस्या की जानकारी है। जलनिकासी का प्रबंध कराया जा रहा है। इधर, खेतों में पानी भरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि खेत पर तैयार व कटी पड़ी मूंग की फसल में नुकसान होने की संभावना है।

## करंट से स्नातक के छात्र की मौत

**गाजीपुर।** थाना क्षेत्र के नहर खोर अपने ननिहाल में रह रहे भांजे रीतेश की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के अस्पताल से शव लेकर घर चले गए।

शाह निवासी रीतेश कुमार 20 वर्ष पुत्र मनोज कुमार बीए का छात्र था। जो बुधवार की सुबह घर की बिजली खराब होने पर वह बिजली केबिल को ग्यारह हजार हाईटेंशन लाइन को क्रास कर उस पार कर रहा था। तभी केबिल कटी होने के कारण हाई टेसन से टकरा गई। जिससे रीतेश बुरी तरह से जल गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने मामा के यहां रह कर एक सैलून के दुकान में काम सीखता था। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव लेकर घर चले गए। थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कहा कि ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई है।

# सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने किया निरीक्षण

संवाददाता, पुखरायां



छात्रों को जानकारी देतीं इग्नू की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रीना कुमारी।

**अमृत विचार।** पुखरायां के रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इग्नू के अध्ययन केंद्र का बुधवार को सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रीना कुमारी ने जून 2024 सत्र की चल रही सत्रीय परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। नए कोर्स पर चर्चा की चर्चा करते हुए कहा कि इग्नू श्रीमद्भगवत गीता में परास्नातक कोर्स लाने वाला प्रथम विश्वविद्यालय बना है।

उन्होंने कहा कि इग्नू ऐसे अनेक कोर्स खासकर मास्टर ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट से रिलेटेड लेकर आया है। यह छात्रों को हुनर बंद बनाकर रोजगार के अवसर देता है। प्राचार्य प्रो. आरपी चतुर्वेदी ने कहा कि भगवत गीता एक ऐसा विषय है, जो वास्तव में मनुष्य के तमाम पहलुओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करता है। जिस तरह से गीता के माध्यम से कुरुक्षेत्र अर्थात युद्ध क्षेत्र में खड़े हुए अर्जुन को कृष्ण के द्वारा उपदेश दिया जाता है। वह न सिर्फ महाभारत काल में प्रासंगिक था। बल्कि प्रत्येक काल खंड में वह प्रासंगिक है। इसी तरह हम सबके जीवन में जन्म से लेकर के मृत्यु तक कुरुक्षेत्र ही है।

जहां हम तमाम सारी जटिलताओं में उलझे हुए हैं और इन सब से निकलने का एकमात्र उपाय गीता को आत्मसात करना है। अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. पर्वत सिंह ने कहा कि अभी जुलाई 2024 सत्र के प्रवेश चल रहे हैं। इसमें जिस विद्यार्थी को किसी भी तरह के कोर्स में प्रवेश लेना है। वह इग्नू के समर्थ एप पर जाकर प्रवेश ले सकता है। स्नातक स्तर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट प्रदान की गई है। बाद में महिला छात्रावास में सागौन व आम के पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर डॉ. हरीश कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई, काली पट्टी बांध पढ़ाया

## तीसरे दिन भी ऑफलाइन उपस्थिति दर्ज कराई, शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन से अभिभावक पूरी तरह असहमत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी बुधवार को तीसरे दिन भी नहीं लगी। शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए तैयार नहीं है। उनका कहना है कि शिक्षकों की समस्याओं का निदान किया जाए। राज्य कर्मचारियों की तरह व्यवहार किया जाए। शिक्षक संगठनों के नेताओं का दावा है कि तीसरे दिन किसी भी शिक्षक ने ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। शिक्षक स्कूल तो पहुंचे और बच्चों को पढ़ाया लेकिन ऑफलाइन हाजिरी ही लगाई। साथ में बांह में काली पटटी बांध कर विरोध जताते रहे। वहीं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का मानना है कि शिक्षकों का विरोध जायज नहीं है।

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी लगानी है। यह व्यवस्था सोमवार से लागू की गई थी लेकिन लगातार तीसरे दिन भी यह व्यवस्था फ्लाप रही। शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए तैयार नहीं है और शिक्षक संगठन भी ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई जाएगी। इसके साथ ही शिक्षकों के साथ राज्य कर्मचारियों जैसा व्यवहार किए जाने की मांग भी की जा रही है।

इस मामले को लेकर विभिन्न शिक्षक संगठन आंदोलन भी कर रहे हैं। शिक्षक संघ के आह्वान पर स्कूलों के शिक्षक काली पट्टी बांधकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं और इस ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी का कहना है कि संघ के आह्वान पर शिक्षक 14 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे और मांगों को लेकर 15 जुलाई को धरना देंगे। बताया कि शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। शिक्षक कालीपट्टी बांधकर विरोध कर रहे हैं।


अन्दोलन को गति देने के लिए बीआरसी में बैठक करते शिक्षक। अमृत विचार

### 15 जुलाई को धरना प्रस्तावित

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदर्शन के बाद 15 जुलाई को जूनियर शिक्षक संघ का बीएसए दफ्तर में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम है। जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ भी शामिल होकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाएंगे।

### टैबलेट नहीं बता रहा सही लोकेशन

ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए शिक्षकों को टैबलेट दिए गए हैं। इन्ही के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी लगाई जानी है। स्थिति यह है कि ऑनलाइन हाजिरी के लिए टैबलेट पर सही लोकेशन ही नहीं आ रही है। शिक्षक स्कूल में हो तो टैबलेट लोकेशन कहीं दूसरे स्थान की बता रहा है। शिक्षक स्कूल में रहे तो टैबलेट उनकी लोकेशन स्कूल से कई किलोमीटर दूर की बताता रहा।


### शिक्षकों को किया जा रहा परेशान

कई शिक्षकों ने बताया कि बीते कई सालों से शिक्षकों पर एक के बाद एक नई जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। अब तो शिक्षकों को यह भी बताया जाता है कि आपको कब, कैसे और क्या पढ़ाना है। हमारे वर्षों के अनुभव को दरकिनार कर दिया गया। शिक्षकों का कई सालों से प्रमोशन नहीं हुआ है। इस पर विभाग तेजी नहीं दिखा रहा है।

### क्या कहते हैं अभिभावक


सरकार अध्यापकों को महीने में इतनी मोटी रकम देती है कि इन्हें रातों दिन बच्चों को पढ़ाना चाहिए। सरकार यदि समय से इनकी हाजिरी लगवा रही है तो इन्हें बुरा नहीं लगना चाहिए।
–कल्लू, गलाथा देवमई


यदि अध्यापक इस डिजिटल हाजिरी का विरोध कर रहे हैं तो ये खुद के लापरवाह होने का सबूत दे रहे हैं, या यूं कहें कि ये यूनियन की ताकत दिखाकर मनमानी करने पर उतारू हैं। ईश्वर इन्हें सद्बुद्धि दे।
–सर्वेश रावत, औंग


स्कूल में अध्यापकों के आने और जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। सरकार द्वारा जो डिजिटल हाजिरी की व्यवस्था की गई है, पूरी तरह से सही है। अध्यापकों द्वारा इसका विरोध किया जाना गलत है।
–सत्यनारायण, देवमई


मास्टर लोग कभी आते हैं तो कभी गायब रहते हैं। बेटी का नाम लिखाने के लिए कई बार स्कूल गया लेकिन इधर उधर की बातें करके टरका दिया जाता है। पता नहीं मेरी बेटी का नाम लिखेंगे या सिर्फ नेतागिरी ही करते रहेंगे।
–धर्मेन्द्र कुमार, थानपुर मलवां

जब तक मांगे पूरी नहीं होती हैं तब तक ऑनलाइन हाजिरी नहीं देंगे। हमारी मांगें काफी समय से लंबित हैं। शिक्षकों के साथ सरकार गलत कर रही है। कोई न कोई नया आदेश थोप दिया जाता है।
–विजय त्रिपाठी, जिला महामंत्री प्राशिसं

# बारिश न होने से गर्मी व उमस कर रही बेहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक दो बार बारिश होने के बाद मानसून फिर रूठ गया। बारिश न होने से मौसम में फिर बदलाव आया है। जिससे लोग धूप और उमस से परेशान हो रहे हैं। वहीं तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान उछल कर 36 डिग्री पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पिछले तीन दिनों से बारिश न होने से जहां उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। वहीं बुधवार को तेज धूप ने लोगों को झुलसने पर मजबूर कर दिया। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया। अप्रैल, मई व जून में धूप, उमस और लू के थपेड़े सहने वाले लोग जुलाई की पहले हफ्ते की बारिश में कुछ हदतक राहत पाए थे। अब दूसरे हफ्ते में फिर बारिश पर ब्रेक लगते ही मौसम गर्मी और उमस के आगोश में चला गया।

बुधवार को सारा दिन धूप लोगों की परीक्षा लेती रही। पुरुष गमछा व कैप व महिलाएं स्टॉल व दुपट्टा लगाए धूप के असर को कम करती रहीं। हालांकि बीच-बीच में आसमान में मामूली बादल दिखे। कुछ देर के बाद बादल गायब हो गए। जिससे लोगों को निराशा हुई। बारिश के बाद धूप की उमस लोगों को काफी आजिज कर रही है। लोग बेसब्री के साथ बारिश का इन्तजार कर रहे हैं। जिससे गर्मी से राहत मिल सके। मौसम के जानकार बताते हैं कि आने वाले दो से तीन दिनों में बारिश होने की सम्भावनाएं हैं।


तेज गर्मी से परेशान दिखे लोग।

- सुबह से ही लोग पसीना पसीना होने को मजबूर

# चार सेमी प्रतिघंटे बढ़ रहा यमुना का पानी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- हथिनी कुंड से 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने व बारिश का असर
- यमुना की कटरी के गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न होने से बाशिंदों में चिंता बढ़ी

**93.25** मीटर सुबह 8 बजे

**94.51** मीटर शाम 6 बजे

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में गंगा एवं यमुना नदी के जलस्तर में बढोत्तरी हो रही है। साथ ही हथिनी कुंड से पानी छोड़े जाने से यमुना के जलस्तर में 4 सेमी प्रतिघंटे की रफ्तार से इजाफा हो रहा है। इससे यमुना कटरी के गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है।

बारिश होने के साथ ही हथिनी कुंड से 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से यमुना के जलस्तर में लगातार इजाफा हो रहा है। जानकार बताते हैं कि यमुना में चार से पांच सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से पानी बढ़ रहा है। बुधवार सुबह 8 बजे यमुना 93.25 मीटर पर बह रही थी। जबकि शाम 6 बजे 94.51 मीटर पर पहुंच चुका था। हालांकि अभी खतरे का निशान दूर है, लेकिन यमुना में लगातार पानी बढ़ने से तटवर्ती गांवों के लोगों को अभी से बाढ़ का खतरा डराने लगा है।

बारिश के मौसम में यमुना के उफनाने से ललौली थाना क्षेत्र के कोर्राकनक, ललौली समेत अन्य कई डेरों में हर साल कटान के मामले होते हैं। इन गांवों के रास्तों में 15 से बीस फुट तक पानी भरने से जहां यह गांव टापू में तब्दील हो जाते हैं। वहीं ग्रामीणों को आवगमन के लिए हफ्तों परेशान होना पड़ता है। जबकि सैकड़ों बीघा फसलें नष्ट होने से किसान हर साल तबाही के शिकार होते हैं। नदी में पानी बढ़ने से यमुना तटवर्ती के गांवों में भी बाढ़ का खतरा मंडराने लगता है।

### प्रशासन सतर्क, शुरू हुई निगरानी

यमुना के जलस्तर में इजाफा देख प्रशासन सतर्क हो गया है। हालांकि अभी खतरा काफी दूर है, लेकिन अफसरों ने जलस्तर बढ़ने के साथ ही निगरानी बढ़ा दी है। जून माह में ही प्रशासन स्तर पर बाढ़ चौकियां गठित करने के साथ साथ जिम्मेदार कर्मचारियों की डयूटी भी लगा दी गई है। जो जल स्तर पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

# बिजली रुला रही, फाल्ट और ट्रिपिंग बड़ी समस्या

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती कोढ़ में खाज

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में बेपटरी हुई बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार की रात साउथ सिटी के दर्जनों मोहल्लों में रात 12 बजे तक सुचारु रूप से बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी। इसके बाद बिजली ने ऐसा रुलाया कि लोग उमस भरी गर्मी सहने को मजबूर हो गए। साथ ही आटा चक्की, वेल्डिंग समेत अन्य छोटे कारखाने लगाने वालों से लेकर हर कोई परेशान है।

गर्मी में विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित चल रही है। कई बार विभागीय अधिकारियों से भी संपर्क स्थापित कर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से किए जाने को लेकर उपभोक्ता आवाज उठा चुके हैं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इससे सम्बंधित क्षेत्र की जनता में अत्यंत रोष व्याप्त है। साउथ सिटी स्थिति राधानगर उपकेन्द्र से संचालित करीब आधा दर्जन से अधिक फीडरों में मंगलवार दोपहर से शुरू हुई बिजली ट्रिपिंग आधी रात चलती रही। इस बीच परेशान उपभोक्ता पावर हाउस के जिम्मेदारों को फोन करते रहे लेकिन किसी ने यह बताना मुनासिब नहीं समझा कि आखिर आपूर्ति क्यों बाधित हुई और कब तक जारी होगी। इसी तरह से ग्रामीणांचलों केउपभोक्ताओं को मात्र 8 से 10 घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल पा रही है।

# अस्पताल में फिर बढ़ने लगे मरीज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जुलाई माह भी अच्छी बारिश न होने से बढ़ रही उमस और तीखी गर्मी से लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इससे लोगो को बुखार, पेट दर्द, उल्टी, दस्त, डायरिया की समस्याएं हो रही हैं। मरीजों की भारी भीड़ जिला अस्पताल पहुंच रही है। वहां डॉक्टरों की ओपीडी के बाहर खड़े होकर मरीजों को इलाज के लिए घंटो इंतजार करना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में बुधवार की सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक मरीजों का तांता लगा रहा। अस्पताल के पर्चा काउंटर पर 835 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। ओपीडी में करीब इतने ही पुराने मरीज भी इलाज कराने पहुंचे। इससे अस्पताल में मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अस्पताल के पर्चा, दवा काउंटर समेत सभी ओपीडी में मरीजों की कतारें लगी रहीं। मरीजों को इलाज के लिए घंटो लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

मरीजों और तीमारदारों की भारी भीड़ होने के कारण ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़ को देखते लम्बी लम्बी लाइनें लगवानी पड़ी। इसके बावजूद मरीज बार-बार अपनी बारी आने के बारे में पूछते रहे। ओपीडी में डॉक्टरों ने बारी बारी से सभी मरीजों को देखा और उनकी बीमारियों से संबंधित जांचे लिखी। इससे अस्पताल के एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलाजी में भी मरीजों की भारी भीड़ लगी रही।


जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़।

### डायरिया के लक्षण वाले रोगी ज्यादा आ रहे

जिला अस्पताल में सबसे अधिक मरीज फीवर, डायरिया एवं पेट सम्बंधी मरीज इलाज कराने पहुंचे। वहां तैनात डाक्टरों ने बारी-बारी से मरीजों को देखा और उनकी बीमारियों से संबंधित जांचे कराकर दवाएं दी है। डॉ. रघुनाथ सिंह ने बताया कि बारिश होने से डायरिया लक्षण वाले मरीजों में इजाफा हुआ है। ऐसे मौसम में लोगों को परहेज करने की जरूरत है। लोगों को बारिश में भीगने से बचना है। बाहर की खुली चीजों को नहीं खाना है। ठंडे पानी को नही पीना है। अपने आस पास साफ सफाई रखनी है।

# दबंगों ने युवक को पीटकर किया घायल

संवाददाता, फतेहपुर

- बिजली तारों में कटिया लगाने को हुआ था विवाद

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र के एक गांव में बिजली के तार में कटिया न लगाने से खुन्नस खाए दबंगो ने एक युवक को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

थरियांव थाना क्षेत्र के आलमपुर मजरे रामपुर गांव निवासी अजय कुमार पुत्र धर्मवीर अपने पारिवारिक भाई उमाशंकर पुत्र छोटेलाल के घर खड़े ट्रैक्टर को लेने गया था तभी गांव के ही दूसरे समुदाय के आरोपित मुकीम पुत्र खलील अहमद, शकील पुत्र खलील व अंजुमा बानो व खलील आ धमके जिन्होंने अजय से बिजली की अवैध कटिया लगाने को कहा। अजय के मना करने पर सभी आरोपी उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने एकराय होकर अजय को लात घूसों व लाठी डंडो से पीटना शुरू कर दिया। जिन्होंने अजय को पीट पीटकर बेदम कर दिया जो कि लहुलुहान होकर घटनास्थल पर ही गिर पड़ा। स्वजन बीच बचाव के लिए दौड़े जिनको आरोपियों ने दौड़ा लिया। ग्रामीणों ने आरोपियों को ललकारा तो आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए नजदीक की सीएचसी में भिजवाया।

# अस्पताल से गायब हुई पत्नी, नहीं दर्ज की गई गुमशुदगी

**फतेहपुर।** पिछले चार दिनों से लापता पत्नी की खोज के लिए पति चौकी से लेकर आलाधिकारियों के चौखट पर हाजिरी लगा रहा है। पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही हैं। बुधवार को पति ने मामले की शिकायत डीएम और राष्ट्रीय महिला आयोग से की है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के नरौली निवासी राहुल सिंह ने बताया कि 6 जुलाई को वह पत्नी महक उर्फ राधा के साथ सदर अस्पताल आया था। अस्पताल मे पर्चा बनवाने लगा तभी पत्नी बिना कुछ बताये कहीं चली गयी। पत्नी के पास एक मोबाइल हैं। पत्नी राधा उर्फ महक की खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। वह लगातार थाना व पुलिस के चक्कर काट रहा है।

# शहर की सड़कों पर गड्ढे दे रहे दर्द

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में शहर की सड़कों की कलई खुल गई है। जगह-जगह सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। जिनमें जलभराव की भी समस्या हो रही है। शहर के भीतर कई सड़कों में गड्ढे जानलेवा बन चुके हैं। जिनमें हादसे होने की संभावना रहती है। जिम्मेदार महकमे गड्ढों की मरम्मत के नाम पर गम्भीरता नहीं दिखा रहे हैं। हल्की बारिश भी सड़कें नहीं झेल पा रहीं है।

डीएम आवास से होते हुए रेलवे स्टेशन को जाने वाली वीआईपी रोड खराब होने के साथ ही गड्ढे हो गए हैं। कई दिन से बारिश नहीं हुई, फिर भी जलभराव की स्थिति है।

इसी तरह से बुलट चौराहे से तहसील मार्ग, अस्ती जाने वाली सड़क समेत अन्य कई मार्गो में कई जगह गड्ढे हो गए है। कई जगह सड़क पूरी तरह उखड़ गई है। जिनमें बारिश के दौरान जलभराव होने से सड़क और खराब हो रही है।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी का तबादला होने के बाद अभी तक नई तैनाती नहीं हो सकी है। विभागीय की माने तो जिन मार्गों पर गड्ढे हो गए है, जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा। जल निकासी की समस्या कहीं नहीं है। कहीं-कहीं दिक्कत होती है, कुछ घंटे में ही पानी निकल जाता है।


सड़क पर जगह-जगह गड्ढे। अमृत विचार

- शहर का वीआईपी रोड तक गड्ढों से पटा

## सार-संक्षेप

### युवक पर चापड़ से किया वार

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के सूपा गांव निवासी महबूब ने थाने में बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब ढाई बजे दो व्यक्ति आ गए और मामूली बातों को लेकर उसे गाली-गलौज करते हुए पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान एक व्यक्ति चापड़ लेकर आ गया और उस पर प्रहार कर दिया। जिससे उसकी पीठ हाथ, सिर पर चोट आई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### विवेकानंद यूथ एवार्ड के लिए करें आवेदन

**फतेहपुर।** जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किए जाना है। जनपद स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 से 35 आयु वर्ग के युवा आवेदन कर सकते हैं। बताया कि राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ एवार्ड के विजेता को राज्य सरकार द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कार स्वरूप एक पदक व प्रमाण पत्र एवं 50 हजार रूपये से पुरस्कृत किया जाएगा। एवार्ड के लिए राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण आदि क्षेत्रों में एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर प्रस्ताव दें। अन्तिम तिथि 25 अगस्त 2024 निधार्रित है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सरकार के निर्देश बेअसर | परिवहन विभाग का निरीक्षण औपचारिकताओं तक सिमटा

# निजी वाहनों से स्कूल जाने वाले बच्चों की जोखिम में जान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सड़कों पर फर्राटा भर रहे अनफिट वाहनों की धरपकड़ के लिए प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री ने सोमवार से विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए थे। पिछले कई दिनों से जिले में ऐसे वाहनों को खोजा जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों की नजर नहीं पड़ पा रही है। एआरटीओ विभाग का चेकिंग अभियान भी मात्र औपचारिकता में ही निपट गया।

शहर से लेकर कस्बों तक की सड़कों में खासकर सुबह-शाम विक्रम और वैन से बच्चों को स्कूल ले जाते दिखाई पड़ जाते हैं। ये वाहन कहीं से मानक पूरे नहीं कर रहे हैं। इसके बावजूद सड़कों पर धड़ल्ले के साथ फर्राटा भर रहे हैं।

शहर क्षेत्र में ही कई प्राइवेट विद्यालय वर्षो से संचालित हैं। यह विद्यालय कहीं से कोई मानक पूरे नहीं कर रहे हैं, इसके बावजूद धड़ल्ले से स्कूल संचालित हो रहे हैं। ऐसे विद्यालयों में छात्रों को वैन और मानक विहीन वाहनों से बच्चों को ढोया जा रहा है। इसके अलावा जिला मुख्यालय पर कई विद्यालय ऐसे है, जहां पर वैन, बोलेरो सहित अन्य गाड़ियों से बच्चों को लाया जाता है। कस्बों में तो स्कूल में बच्चों को छोड़ने के बाद इन गाड़ियों को गुप्त स्थान पर छिपा दिया जाता है। अवकाश होने पर गाड़ियां दोबारा पहुंच जाती हैं। अधिकारी सड़कों पर इधर-उधर कुछ वाहनों का चालान करके अपनी पीठ थपथपा लेते हैं, लेकिन ऐसे वाहन धड़ल्ले से संचालित रहते हैं।


स्कूली बच्चों को ढोते डग्गामार वाहन। अमृत विचार

## 22 तक चलेगा अभियान : पुष्पांजलि

**फतेहपुर।** एआरटीओ पुष्पांजलि मित्रा ने बताया कि एक जुलाई से स्कूल खुल गए हैं। इसको देखते हुए बच्चे सुरक्षित स्कूल आए और सुरक्षित अपने घर पहुंचे इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार स्कूली बसों में दिए गए सुरक्षा मानक और जरूरी उपकरणों को लेकर लगातार 8 जुलाई से 22 जुलाई तक एक अभियान चलाएगी। इसके तहत स्कूली बसों की फिटनेस और बस में बच्चों की संख्या पर ध्यान दिया जाएगा। यदि किसी स्कूली बसों में खामियां पाई जाती हैं, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पहले ही दिन स्कूल बसों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया है। आधा दर्जन से अधिक स्कूली बसों को चेक किया गया है। जिसमें कुछ खामियां मिली तो उन्हें नोटिस भी दी है। उन्होंने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार जो भी तय मानक के रूप में निर्धारित की गई है, उनको पूरा करना और करवाना हमारी प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि स्कूल में बच्चे सुरक्षित आएं और घर जाएं। परिवहन विभाग की तरफ से नियम कायदे को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### ये हैं वाहनों के मानक

- वाहन पर जितनी सीट, उतने ही बच्चे होने चाहिए
- वाहन में सीट बेल्ट अनिवार्य
- वाहन सीसीटीवी कैमरों से लैस होने चाहिए
- फिटनेस
- परमिट
- प्रदूषण
- फायर सिलेंडर
- वाहन का रंग पीला होना अनिवार्य

# महिला से मंगलसूत्र छीनकर भागे बाइक सवार बदमाश

**फतेहपुर।** वाहन के इंतजार में हाईवे पर खड़ी महिला का मंगलसूत्र छीनकर बाइक सवार तीन बदमाश भाग निकले।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक रसूलपुर गांव निवासी रोहित की पत्नी सुनील देवी थरियांव थाना क्षेत्र स्थित मायके दिहुली गांव आई थी। वह मेला देखने मां शीतला देवी मंदिर जाने के लिए दिहुली मोड़ हाईवे पर किसी वाहन का इंतजार कर रही थी।

बाइक सवार लुटेरे पहुंचे। महिला ने बताया कि बाइक सवारों ने गले में झपट्टा मारा तो उसने एक बदमाश का हाथ पकड़ लिया। इस पर मारपीट कर गले से सोने का मंगलसूत्र व कान से आर्टिफिशियल टॉप्स छीनकर भाग निकले। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# आठ साल बाद मिले 47 लेखपाल, महिलाओं की संख्या 35

## उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने बांटे नियुक्तिपत्र, 10 अभ्यर्थी नहीं शामिल हो सके कार्यक्रम में



नियुक्ति पत्र पाने के बाद जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी के साथ खड़े लेखपाल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** करीब आठ साल के लंबे इंतजार के बाद जनपद को 47 नए लेखपाल और मिल गए हैं। इसमें महिला लेखपालों की संख्या 35 है। बुधवार को जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान 10 अभ्यर्थी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

कलक्ट्रेट के गांधी सभागार में 35 महिला व 12 पुरुष लेखपालों को नियुक्ति पत्र देने के लिए बुलाया गया था। इसमें 37 ही शामिल हुए। नियुक्ति पत्र देने के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि लेखपाल अपने दायित्व अच्छी तरह से निभाएं। उन्होंने महिलाओं की संख्या अधिक होने पर भी खुशी जताई। बताया गया है कि छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में 25, कन्नौज सदर के लिए 10 और तिर्वा तहसील इलाके के लिए 12 लेखपाल तैनात किए गए हैं। इनको संबंधित तहसीलों में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि वर्ष 2017 से 2020 तक के अधियाचन के तहत यह भर्ती हुई है। सबसे पहला नियुक्ति पत्र शिवी दीक्षित को दिया गया। शिवी कलक्ट्रेट में तैनात रहे प्रशासनिक अधिकारी जगदीश दीक्षित की पुत्री हैं। वर्तमान में वह मैनपुरी में तैनात हैं।

बताया गया है कि मामला कोर्ट में जाने की वजह से नियुक्ति पत्र वितरण पर रोक लग गई थी। वहां से निर्णय लेखपालों के पक्ष में आने के बाद ही नियुक्ति पत्र बांटे गए। कार्यक्रम में भूलेख में तैनात कानूनगो केपी सिंह व राकेश बाबू मौजूद रहे। इससे पहले तत्कालीन डीएम अनुज झा के समय में अंतिम बार वर्ष 2015-16 में जिले में 111 लेखपालों का चयन हुआ था। उस दौरान प्रशिक्षण शहर के एक वित्तविहीन महाविद्यालय में हुआ था।

# 'अच्छी तरह से कराएं विकास कार्य'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने की समीक्षा बैठक
- पेंशन के नए आवेदन स्वीकृत होने पर विभागों की तारीफ की गईं

**अमृत विचार।** उच्च शिक्षा राज्य मंत्री व जिले की प्रभारी रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में कई विभागों व सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। निर्देश दिए कि अच्छी तरह से कार्य कराए जाएं। सभी स्कूलों में चहारदीवारी, पेयजल, शौचालय व साफ-सफाई आदि की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए।

बैठक में बताया गया कि चार राजकीय, माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत कार्य हो रहा है। 13 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पाइप पेयजल के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। तीन अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों, तीन सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में जर्जर भवनों के पुर्ननिर्माण के लिए सहयोगी अनुदान योजना में प्रस्ताव भेजा जा चुका है। मंत्री ने फार्मर रजिस्ट्री योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, पशुपालन विभाग की समीक्षा भी की। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन के नए 1949, निराश्रित महिला पेंशन के 495 तथा दिव्यांग पेंशन के 340 आवेदन स्वीकृत होने पर विभागों की सराहना की। मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान जिन सड़कों की खुदाई कराई गई है उनकी मरम्मत भी कराई जाए।

### बिजली विभाग के अधिकारी फोन उठाएं

भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की शिकायत के बाद मंत्री ने कहा कि बिजली विभाग के सभी अधिकारी फोन अवश्य उठाएं। बिजली से संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण तत्काल किया जाए। खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे के अंदर बदला जाए। सभी सीएचसी/पीएचसी में दवाई की उपलब्धता होनी चाहिए। कोई भी डॉक्टर बाहर की दवा नहीं लिखेगा। कहा कि प्रत्येक प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय और चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। 20 जुलाई को वृहद पौधरोपण में जो भी व्यक्ति पौधे रोपें उसका संरक्षण भी करें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों की महिलाएं प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंटीन संचालित करें।

### एक भी विधायक, सांसद नहीं पहुंचे

राज्य मंत्री रजनी तिवारी की बैठक में जनता की ओर से चुने गए ज्यादातर जनप्रतिनिधि नदारद रहे। सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत व छिबरामऊ से अर्चना पांडेय बैठक में नहीं दिखीं। इसी तरह विपक्ष के सांसद अखिलेश यादव भी नजर नहीं आए। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, एसपी अमित आनंद, एडीएम आशीष सिंह, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय मौजूद, बीडीओ निरंजन त्रिवेदी व भाजपा नेता सौरभ कटियार रहे।



सुप्रभाष अकादमी में मैंगो पार्टी मनाते बच्चे। अमृत विचार

# नन्हें-मुन्नों ने मैंगो डे का जमकर उठाया लुत्फ

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में मैंगो डे का आयोजन किया गया। बुधवार को हुए आयोजन में विद्यालय को हरे व पीले रंग के आम के कटआउट और गुब्बारों से सजाया गया। प्री प्राइमरी कक्षाओं के बच्चे और अध्यापिकाएं हरे व पीले रंग के वस्त्रों में आई। प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने बच्चों को आम के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। नौनिहालों ने आम का स्टिक पेपर बनाया तथा आम के स्वाद का भी आनंद लिया गया। मैंगो राइम्स व डांस का भी आनंद उठाया। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन विभा रानी सक्सेना, मैनेजर हिमांशु सक्सेना के अलावा प्री प्राइमरी टीचर्स वंशिका, प्रियांशी, नेहा, गुंजन, दिव्या आदि मौजूद रहीं।

# गैरहाजिर प्रधानाध्यापक का वेतन कटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



प्राथमिक विद्यालय पिपरौली का निरीक्षण करते बीएसए संदीप कुमार। अमृत विचार

- नए बीएसए ने एक दिन में नौ परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया

**अमृत विचार।** नए बीएसए संदीप कुमार ने एक ही दिन में नौ परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया। कई जगह शिक्षण कार्य व व्यवस्थाएं बेहतर मिलीं तो कुछ जगह कमियां भी सामने आईं। गैरहाजिर प्रधानाध्यापक का वेतन भी काटा गया।

साथ ही शौचालय में ताला व विद्यालय परिसर में गंदगी होने पर नाराजगी भी जताई गई। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने कहा कि अच्छा काम करने वाले शिक्षक जल्द सम्मानित भी किए जाएंगे।

ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल पिपरौली में बीएसए को प्रधानाध्यापक विद्यासागर श्रीवास्तव नहीं मिले। उनका वेतन काट दिया गया है। साथ ही कम छात्र ही यूनिफार्म में थे। कन्नौज सदर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल याकूबपुर में टीएलएम, रंगाई-पुताई व किचेन गार्डन काय कार्य अच्छा मिला। टैबलेट का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। उमर्दा के प्राथमिक स्कूल इनायतपुर, भिखनीपुर्वा की स्थिति ठीक मिली। तालग्राम के कंपोजिट स्कूल बिरौली में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर मिली। प्राथमिक स्कूल निकवा में शैक्षिक गुणवत्ता खराब मिली। बच्चे यूनिफार्म में नहीं थे। शौचालय में ताला लगा था। विद्यालय परिसर में बड़ी-बड़ी घास खड़ी थी। रसोई में भी साफ-सफाई कम थी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तालग्राम में शत-प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश दिए गए। सदर क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल उदैतापुर में सफाई बेहतर करने के निर्देश मिले। यहां शिक्षण कार्य ठीक मिला। नरायनपुर्वा के प्राथमिक स्कूल में भी सफाई के लिए कहा गया।

# सोशल मीडिया पर हाजिरी स्थगित होने की अफवाह

**कन्नौज।** परिषदीय स्कूलों में आठ जुलाई से लागू हुई चेहरा दिखाकर ऑनलाइन हाजिरी लगाने के तीसरे दिन अध्यापकों ने आदेश का विरोध जताया। मांगें पूरी होने तक इस व्यवस्था का बहिष्कार करने की बात कही। दूसरी ओर मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कई शिक्षकों व अन्य लोगों ने टैबलेट से हाजिरी लगाने वाले आदेश को शासन से स्थगित करने की अफवाह फैला दी। फेसबुक, व्हाट्सएप व एक्स प्लेटफार्म पर शिक्षकों ने भ्रम फैलाने वाले आदेश को कॉपी-पेस्ट करना शुरू कर दिया। हालांकि जब इसकी सच्चाई पता चली तो कई अध्यापकों ने अपनी पोस्ट डिलीट मार दी। बेसिक शिक्षा कार्यालय के मुताबिक जनपद में एक भी परिषदीय स्कूलों के शिक्षक ने चेहरा दिखाकर ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। नई व्यवस्था के विरोध में सभी शिक्षक व उनके संगठन एकजुट खड़े हैं।

# अफसरों के 'चश्मे' से मंत्री ने देखा जिले का हाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जहां बताया वहां पहुंचीं प्रभारी मंत्री, नरायनपुर्वा में चौपाल
- आखिर उदैतापुर, सहजापुर में ही क्यों पहुंचते हैं वीआईपी



प्राथमिक विद्यालय नरायनपुरवा में बच्चों को पुस्तकें वितरित करतीं मंत्री रजनी तिवारी।

**अमृत विचार।** जिले के अधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को जो दिखाया वह उन्होंने देखा। चौपाल के लिए जिस गांव का चयन काफी पहले ही कर लिया गया था आखिर वह वहीं ही पहुंचीं। गोशाला का निरीक्षण भी वहीं किया जहां पहले कई वीआईपी जा चुके हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारियों व नेताओं के बीच 'मैच' पहले से ही 'फिक्स' रहता है।

दरअसल, कलेक्ट्रेट सभागार में नए लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण व समीक्षा बैठक करने के बाद जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने ब्लॉक सदर क्षेत्र के सहजापुर में गोशाला का निरीक्षण। बताते चलें कि यहां लखनऊ, प्रयागराज व कानपुर मंडल से आने वाले कई आलाधिकारी सहजापुर का निरीक्षण कर चुके हैं। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी यहीं पहुंचे थे। ग्रामीण इलाके की यह गोशाला जिला मुख्यालय से निकट और ठीक हालत में मानी जाती है इसलिए जिले के अफसर यहीं पर नेताओं व आलाधिकारियों को लेकर पहुंचते हैं। ग्राम पंचायत उदैतापुर में वीआईपी मूवमेंट को लेकर पहले से ही तैयारियां चल रहीं थीं। मंडलायुक्त कानपुर का भी कार्यक्रम यहीं प्रस्तावित है। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने इसी के मजरा नरायनपुर्वा में चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को तीन करोड़ सात लाख पांच हजार रुपये का डेमो चेक दिया। नव प्रवेश पाए कक्षा एक की छात्रा आरुषी, रौनक, अवी व कक्षा दो की सलोनी, सफल व गुंजन को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक वितरण की। उन्होंने बाल विकास पुष्टाहार विभाग के तहत सविता, आकांक्षा व अनीता की गोद भराई की। सात महीने के आर्या को अन्नप्राशन कराया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत उदैतापुर की उमाकांती, प्रतिभा व आशा देवी को कूड़े दान बांटे। सहजापुर गोशाला में केयर टेकर को अंग वत्र भेंट कर सम्मानित किया। गाय को गुड़ व केले खिलाए। यहां पर ही हरीशंकरी का पौधा रोपित किया। डीएम ने आम, सीडीओ ने आंवला तथा जिलाध्यक्ष भाजपा ने नीबू का पौधा लगाया। इस मौके पर बीएसए संदीप कुमार, सीडीपीओ विजय लक्ष्मी दुबे मौजूद रहीं।

### मॉडल गांव की सूची में शामिल उदैतापुर

डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने चौपाल में बताया कि ग्राम पंचायत उदैतापुर को मंडल कानपुर में मॉडल गांव के रूप में चयनित किया गया है। आयुक्त की ओर से यहां विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पूरी ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाना है। उदैतापुर के 973 परिवारों को कूड़ेदान बांटे जा रहे हैं जिससे डोर टू डोर आने वाली कूड़ा कलेक्शन गाड़ी में कूडा डालने में सहूलियत रहेगी।

# संविदा, ठेका कर्मचारियों के आवास होंगे खाली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला अस्पताल के सीएमएस ने जारी किये नोटिस कर्मचारियों में आक्रोश

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के आवासों में रह रहे कंपनी या संविदा कर्मचारियों के आवास खाली कराने की कवायद तेज कर दी गई है। इसको लेकर कर्मचारियों में गुस्सा है। दो दिन में कर्मचारी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आवास न खाली कराने की मांग करेंगे।

जिला अस्पताल में संविदा व ठेके पर कार्यरत कर्मचारी रह रहे हैं। इससे अब सरकारी कर्मचारियों के रहने को आवास नहीं बचे हैं। इससे कर्मचारी भटक रहे हैं। कर्मचारियों ने सीएमएस से आवास दिलाने की मांग की थी। इसी को लेकर सीएमएस ने बाबू व अन्य स्टाफ से बात करने के बाद निर्णय लिया कि आवासों पर जो भी संविदा या ठेका कर्मचारी कब्जा किये हैं उनको खाली कराया दिया जाये। इससे सरकारी कर्मचारियों को आवास दिये जा सकें। इसी को लेकर किस आवास में कौन रह रहा है इस की सूची तैयार की गई। अब ठेका या संविदा कर्मचारियों से आवास खाली कराने का काम किया जा रहा है। यह कर्मचारी अब किराये के आवास में रहेंगे। जिन कर्मचारियों ने अभी तक आवास खाली नहीं किये हैं उन्होंने आपस में बैठक की।

# चलन में नहीं लेकिन परीक्षा शुल्क में चवन्नी-अठन्नी भी किए हैं शामिल

**अमृत विचार पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हाईस्कूल में 500.75 रुपये तो इंटर में 600.75 रुपये शुल्क रखा गया है

**अमृत विचार।** बाजारों में इन दिनों लोग एक-दो रुपये के सिक्के लेने से मना कर देते हैं लेकिन माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में फीस इस तरह से निर्धारित की है कि उसमें चवन्नी व अठन्नी भी देनी पड़ेगी। भारतीय मुद्रा की यह छोटी इकाई अब देखने तक को नहीं मिलती है। प्रधानाचार्य के लिए यह किसी मुसीबत से कम नहीं है। इसका एक ही रास्ता है कि निर्धारित से अधिक शुल्क जमा करें। यूपी बोर्ड ने कोषागार में जमा करने को हाईस्कूल संस्थागत परीक्षार्थी का जो शुल्क जारी किया है वह 500.75 रुपये है। हाईस्कूल क्रेडिट सिस्टम संस्थागत की फीस 200.75 रुपये है। दोनों ही तरह की फीस में 25-25 पैसे प्रधानाचार्य के प्रयोग के लिए शामिल हैं। इंटरमीडिएट में संस्थागत परीक्षार्थी का शुल्क 600 रुपये 25 पैसे रखा गया है। कृषि भाग एक व दो में भी इतना ही शुल्क निर्धारित है। दूसरी ओर हाईस्कूल व्यक्तिगत परीक्षार्थियों, क्रेडिट सिस्टम व विनियम के तहत अतिरिक्त विषय की परीक्षा के लिए अंकपत्र का शुल्क डेढ़-डेढ़ रुपये घोषित है। व्यक्तिगत में 50-50 पैसे प्रधानाचार्य के लिए शामिल हैं। यही हाल इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों में से संस्थागत व व्यक्तिगत के लिए भी है। किसी न किसी रूप में अंकपत्र, प्रधानाचार्य व योग में 25 और 50 पैसे का जिक्र जरूर है।

### आरबीआई, सरकार से बंद हो चुकी अठन्नी-चवन्नी

एक बैंक के जिम्मेदार ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) व भारत सरकार से भारतीय मुद्रा के लेने से कोई भी व्यक्ति या बैंककर्मी मना नहीं कर सकता है। एक रुपये का नोट या सिक्का भारत सरकार से जारी होता है। एक रुपये से अधिक की राशि आरबीआई से निकलती है। चवन्नी व अठन्नी लीगल टेंडर (चलन) नहीं रहे।

# विकास कार्यों के प्रस्ताव की होगी मौके पर पड़ताल

**कन्नौज।** गांव में विकास कार्य कराने के लिए जिला पंचायत सदस्यों ने सैकड़ों प्रस्ताव दिए हैं। इसको लेकर बैठक भी हो चुकी है। अब इन प्रस्तावों पर मुहर लगाने के लिए मौके पर पहुंचकर पड़ताल की जाएगी। उसके बाद कार्य कराने वाले स्थलों की फाइनल सूची जारी होगी। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्य ने बताया कि छह जुलाई को विकास भवन सभागार में बैठक हो चुकी है। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, ब्लॉक प्रमुख व सदस्य आदि शामिल हुए थे। सदस्यों ने विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए हैं। उन्होंने बताया कि 18 करोड़ रुपये से कार्य कराए जाएंगे, इस पर सहमति बन चुकी है।



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

# बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कन्नौज।** जेपी स्कूल में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें गोल्डन विंग्स हाउस से अन्वित, कृतिका, हर्षित, अंतस गुप्ता व शिवांश ने प्रथम, ग्रीन लीव्स से प्रियल दुबे, एलिजा सलीम खान, अर्चिता, आकर्षी कटियार, अक्षांश ने द्वितीय, रेड रोजेस से आर्या श्रीवास्तव, राजवर्धन चतुर्वेदी, आराध्या सिंह, रीतेश दुबे, सुयश दिवाकर ने तृतीय व ब्लू बड्र्स से वशिष्ठ, अंशिका यादव, क्षितिज शर्मा, अभियुद्ध राजपूत, कौष्तुभि पाठक ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य संजय शुक्ला ने वितेताओं को शुभकामनाएं दीं तथा प्रबंध निदेशक अवधेश कुमार मिश्रा (वीरू) ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान अमित मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, अर्चना द्विवेदी, रितिका पटेल, समीना नाज, ज्ञान मिश्रा, मेधा गुप्ता, निशांत श्रीवास्तव मौजूद रहे।

**जन जागरण** | विश्व जनसंख्या पखवाड़े पर दिया जाएगा संदेश, 11 से 31 जुलाई तक चलेगा अभियान

# परिवार नियोजन के लिए लोगों को जागरूक करेंगे 'सारथी'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



सीएमओ कार्यालय के बाहर जनसंख्या नियंत्रण का प्रचार प्रसार करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी।

**अमृत विचार।** विश्व जनसंख्या पखवाड़ा के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में परिवार नियोजन जागरूकता का आयोजन गया। सीएमओ ने प्रचार प्रसार के लिये सारथी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा को सफल बनाने के लिये प्रचार वाहन सभी ब्लाकों के लिये रवाना किये गये हैं। जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि जनसंख्या पखवाड़ा दो चरण में मनाया जा रहा है। प्रथम चरण 27 जून 2024 से 10 जुलाई 2024 तक मनाया जा चुका है जिसमें ग्रामीण और शहरी आशाओं द्वारा भी जनमानस तक परिवार नियोजन के लिए प्रेरित किया गया है। दूसरा चरण 11 जुलाई से 31 जुलाई तक सेवा प्रदायगी चरण के रूप में मनाया जाएगा। इस वर्ष विश्व जनसंख्या पखवाड़ा 'विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दंपति की शान' की थीम पर मनाया जा रहा है। इस दौरान लाभार्थियों को परिवार नियोजन के अस्थाई साधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थाई साधन नसबंदी की भी सेवा प्रदान की जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केपी त्रिपाठी ने बताया जनपद कन्नौज मुख्यालय से दो सारथी वाहन रवाना किया गए हैं। वहीं ब्लॉकों पर 3-3 सारथी वाहन प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर आशा के माध्यम से परिवार नियोजन के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। डीईओ डॉ. ओपी गौतम, एनएचएम नोडल डॉ. बृजेश शुक्ला, अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल, परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रबंधक यामिनी वर्मा मौजूद रहे।

### जनसंख्या पखवाड़ा के तहत निकाली रैली

**जलालाबाद, कन्नौज।** सीएचसी जलालाबाद एमओआईसी डॉ. मनोज कुमार ने जनसंख्या पखवाड़ा के तहत बुधवार को सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एमओआईसी ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण से ही देश, समाज व परिवार का उत्थान व विकास संभव है। जब आबादी कम होगी। तभी समुचित साधनों में बेहतर जीवन यापन किया जा सकता है। जागरूक लोगों को परिवार नियोजन के उपाय अपनाने चाहिए। बताया कि सारथी वाहन गांव गांव घुमाया जाएगा और परिवार नियोजन के बारे में जनता को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान शिवांगी शुक्ला, दीपा सोनिका, ज्ञानेंद्र, शशांक कटियार, निरमेश कुमार, योगेंद्र कटियार आदि मौजूद रहे।



वाहन को हरी झंडी दिखाते एमओआईसी डॉ. मनोज कुमार।

# आसरा आवासों पर हो गए कब्जे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बलही गांव में बनी प्रधानमंत्री आसरा आवास कॉलोनी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहरी गरीबों के लिए बनाए गए प्रधानमंत्री आसरा आवासों पर अराजकतत्वों ने ताला तोड़कर कब्जा कर लिया है। जानकारी होने के बाद भी जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के अधिकारी कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इनमें कई आवंटी भी हैं, जो एक से अधिक आवासों पर कब्जा कर रह रहे हैं। बाशिंदों की माने तो इसमें डूडा के कर्मचारियों की मिलीभगत है।

शहरी बेघर गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के पास बलही गांव के निकट 84 आवासों का निर्माण किया गया था, जिनमें 30 पात्र लोगों आवंटित कर दिए। वर्तमान में यहां लगभग सभी आवासों पर कब्जा हो गया है। मूल आवंटियों के अलावा कई बाहरी अराजकतत्वों ने भी डेरा जमा लिया है। जानकारी करने पर पता चला कि जो आवंटी हैं, उनमें भी कई अपात्र हैं। फिर भी वह तीन-तीन आवासों पर कब्जा किए हैं। कई लोग तो इनमें कबाड़ व अन्य सामान भरे हैं। जिनके नाम आवंटन नहीं है, वह भी ताला तोड़कर कब्जा किए हैं। कई बार डूडा कार्यालय में शिकायत हुई, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। बताया गया कि डूडा के कर्मचारियों की ही मिलीभगत से अपात्रों को आवास दिए गए हैं।

> प्रधानमंत्री आसरा आवास योजना के लिए कई लोगों ने आवेदन किए हैं, जिनकी पात्रता की जांच कराई जाएगी। पहले से जो आवंटी रह रहे हैं, उनका भौतिक सत्यापन किया जाएगा और अपात्रों को बाहर किया जाएगा।
>
> –गिरीशचंद्र, परियोजना अधिकारी (डूडा)

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है ।

## संपादकीय

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

उन्नाव जिले में बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। इससे पहले मंगलवार को दिल्ली से सिवान जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई। इस प्रकार दो दिनों में दो भीषण हादसों ने लोगों को दहला दिया है। आए दिन सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएं महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। सड़क हादसे गंभीर चिंता का विषय है। अर्थव्यवस्था की गति को रफ्तार देती सड़कें देश के विकास एजेंडे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं से भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रत्येक वर्ष सकल घरेलू उत्पाद का तीन से पांच प्रतिशत नुकसान होता है। रोड सेफ्टी सेल की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 41 हजार से अधिक सड़क हादसे हुए। इनमें 22 हजार 595 लोगों की मौत हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सड़क यातायात से होने वाली मौतों और क्षति को 2030 तक कम-से-कम 50 प्रतिशत रोकने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ 'वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार' का संकल्प अपनाया। इस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अनुरूप विश्व के 108 देश अब तक सड़क दुर्घटनाओं में दस प्रतिशत कमी लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके विपरीत भारत में सड़क दुर्टनाएं प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। प्रतिवर्ष सड़कों पर वाहनों की बढ़ोतरी, शून्य फिटनेस और जुगाड़ से चलते वाहन देश में चुनौती बन चुके हैं। शिवहर (बिहार) से सवारी लेकर चली इस दुर्घटनाग्रस्त बस के बारे में भी इसी तरह की जानकारी मिल रही है।

केंद्र सरकार ने बीते वर्ष मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इसके प्रावधानों को कठोर बनाने का प्रयास किया था। साथ ही वाहन सुरक्षा के लिए नए इंजीनियरिंग मानक लागू किए गए थे। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा का जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। यह इस ओर संकेत करता है कि भारत के कानून प्रवर्तन तंत्र में कहीं-न-कहीं कमी विद्यमान है। कानून प्रवर्तन के लिए ज़िम्मेदार राज्य सरकारें इस ओर उदासीन बनी हुई हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में लोगों की मौतों को रोकने के उपाय जरूर किए जाएं। आवश्यक है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन का प्रयास किया जाए। दुर्घटना के पश्चात तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना और पीड़ित को जल्द-से-जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करना कई लोगों की जान बचा सकता है। आम लोगों को इस कार्य के प्रति जागरूक किया जाए। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

# आहार के बारे में एकांगी सलाह की अवैज्ञानिकता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है।

अनाज के आटे से रोटी बनाने, धातु और टेराकोटा के पात्रों जैसे माध्यम का एक अनोखा और अंतरंग रिश्ता पारंपरिक रीति पर चलने वाले संस्कारित भारतीय समाज में आज भी कायम है। चिकनी मिट्टी से बनाए हुए चूल्हे (ओपन हर्थ) और तंदूर में सेंकी सिर्फ हथेलियों और अंगुलियों की दाब और करवट आदि क्रियाओं के इस्तेमाल से बढ़ाई जाने वाले रोटी के अलावा यह जानना महत्वपूर्ण है कि रोटी बनाने के भीगे हुए आटे के एक टुकड़े की लोई को रोटी की आकार देने के लिए इस पर हथेलियों को गीला करके पानी की परत चढ़ा कर हथेलियों के बीच लेकर, थपलिया कर पतला करते हुए अमाप बढ़ाया जाता है। एक अन्य विधि में हथेली पर घी का लेप चढ़ा कर, लोई को थपलियाकर एक निश्चित आकार और आकृति में रोटी तैयार की जाती है। मक्का और बाजरे के आटे से रोटी बनाने के लिए हथेलियों पर बारम्बार पानी की परत चढ़ानी होती है। गेहूं का आटा, मोटा पिसा है या बारीक, इसमें कौन से और अन्न का आटा मिलाया गया है, यह भी सिकाई से रोटी के पकने और इसे एक निश्चित स्वाद देने के लिए जरूरी होता है। मक्का और बाजरा के अनाजों का आटा महीन ही होना चाहिए। रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है। रोटी का स्वाद इस तथ्य पर निर्भर करता है अनाज की किस्म क्या है और आटे में कितनी मात्रा में कौन से पोषक तत्व मौजूद हैं। रोटी सेंकने के लिए और सिकने के दौरान आंच (हीट या रेडिएशन) कितनी मात्रा में कितनी देर तक और किस एंगिल से रोटी की भीतर प्रवेश करती है। आंच को संग्रहीत करके रखने वाले तंदूर या खुले डिजाईन वाले चूल्हे में रोटी को उलटने-पलटने की वजह यही है कि रोटी के सर्फेस को हर तरफ से एकसा सेंक मिले। गैस के चूल्हे पर पकाई जाने वाली रोटी में स्वाद पैदा करना भी एक हुनर है। रोटी या अन्य पकवानों के रंधने-पकने के लिए थर्मल एम्बियन्स एंड एनवायरनमेंट का काफी बड़ा रोल है।

कार्यालय में एक दिन मेरे पास गाज़ियाबाद से एक व्यक्ति आया जिसने एक फ्लोर मिल लगाई हुई थी। मुझसे पूछा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) के प्रयोगशाला संस्थानों में से किसी एक में आटे में पोषक तत्वों की किस्म की पहचान, इनकी मात्रा का आकलन और गुणवत्ता की परीक्षा करवाई जा सकती है। मैंने कहा कि प्राइवेट पार्टीज का काम हम नहीं करते। अपनी बात को जारी रखते हुए उसने बताया कि अखबार में एक इश्तिहार देकर हमारी मिल ने क्लेम किया था कि इस मिल का आटा औरों की मिल के आटे की बनिस्पत अधिक पोषक और प्रोटीनयुक्त है। उन दिनों फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया का वजूद नहीं था। आमतौर से मार्किट में उपलब्ध एक फ़ूड प्रोडक्ट के बारे में तब ऐसे दावे जिसके बारे में मालिक ने अन्य वैसे ही ब्रांड प्रोडक्ट्स के मुकाबले में कहीं बेहतर बता दिया, तो इसकी इसको लीगल चुनौती देने के मामले मोनोपोलिस्टिक एंड रेस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसेस कमीशन में शिकायत करके उठाए जाने चाहिए, इतना भी मालूम नहीं था। किसी व्यक्ति ने अदालत में पीएॅफ़ए एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर दिया। सुनवाई से पहले ही यह मिल मालिक मुझसे मिलने आया था। उसने मुझसे कहा कि उसका दावा गलत था और उसने फ़ूड बायो-न्यूट्रीएंट्स बनाने वाली किसी भी इंडस्ट्रियल कंपनी से विशुद्ध प्राकृतिक प्रोटीन खरीद कर अतिरिक्त रूप से न तो अपनी फैक्ट्री द्वारा तैयार आटे में मिलवाई और न ही यह जांच करवाई थी कि सिर्फ उसके द्वारा पीसे गए गेहूं के आटे में प्रोटीन की कितनी मात्रा प्रति 100 ग्राम पहले से उपलब्ध थी। मैंने इस व्यक्ति को सलाह दी कि अदालत में वह बिना हिचक लिखित में मुआफिनामा जमा करवा दे और आश्वासन दे कि भविष्य में लैब जांच करवाए बिना कोई दावा नहीं करेगा। उसे मामूली जा जुर्माना करने की घोषणा के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। देखा गया है कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन में जो दावा अकसर किया जाता है उसे एक पोषण विज्ञानी नहीं बल्कि पोषाहार सलाहकार समर्थन देता या प्रोमोट करता दिखता है। इनमें सेलिब्रिटीज़ तो अनेक हैं।

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है।

पिछले दिनों अंग्रेजी भाषा के एक अखबार के में मैंने एक खबर की हैडलाइन-विच रोटी इज बेस्ट फॉर वेटलॉस? फाइंड आउट व्हाट न्यूट्रीशनिशट्स से, देखी जिसने मुझे चौंकाया है। एक व्यक्ति के शरीर का वजन उसकी आयु और जेंडर के हिसाब के हिसाब के अलावा डाइट की किस्म, मात्रा एवं दिनचर्या के अलावा उसके लाइफ स्टाइल से भी जुड़ा होता है। यह भ्रम है कि केवल रोटी को आधार बनाकर शरीर के वजन को आदर्श केटेगरी में बनाए रखा जा सकता। उक्त खबर की हैडलाइन एक पोषाहार सलाहकार के कथन के आधार पर है और यह आंशिक रूप से अवैज्ञानिक और अमान्य इसलिए है कि यह खतरनाक है। ऐसी बात करने का वैज्ञानिक और कानूनी अख्तियार फिजियोलॉजिस्ट, न्यूट्रीशनिश्ट्स, बायो-केमिस्ट और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट को होता है।

रोटी के सेंकने के तौर-तरीके, आटे की किस्म -जैसे कि एकल अनाज या मिश्रित अनेक अनाज, पर रोटी की गुणवत्ता और पोषक मान निर्भर होता है। मोटे अनाज और मोटा पिसे हुए आटे में रेशा और प्रोटीन के अलावा और भी बहुत कुछ मिला होता है जिसके बारे में तथ्यात्मक और भरोसेमंद जानकार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अंतर्गत काम करने वाले संस्था नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन (हैदराबाद) की पुस्तक न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ़ इंडियन फूड्स में दर्ज की गई है। लोगों को मालूम नहीं है कि एक न्यूट्रीशनिश्ट्स उपरोक्त फील्ड्स में प्रशिक्षित और अनुभवी डॉक्टर-तिकड़ी के निर्देशन में एक बड़े अस्पताल, जैसे कि एम्स जिसमें रिसर्च भी होती है, में काम करता है तब वह इनकी निगरानी में होता है। लेकिन स्वतंत्र होकर मार्किट में प्रैक्टिस करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स पर निगरानी कौन रखता है? वैसे तो अपनी तरफ से कोई एक न्यूट्रीशनिश्ट्स किसी को भी त्रुटिपूर्ण सलाह नहीं देता लेकिन अस्पताल में काम करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स की डाइट योजना को एक सीनियर डॉक्टर दस्तखत करके ही मंजूरी देता है और मरीज़ को फॉलो-अप करवाने की हिदायत देता है जैसेकि टाइप-2 के नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटिक से पीड़ित एक व्यक्ति के लिए किया जाता है।

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है। एक बायो-केमिकल प्रोसेस के रूप में स्वतंत्र रूप से समझना भी इन्हें कठिन है। एक-पक्षीय और स्वतंत्र शोध कार्य के नतीजे भी कभी एक डॉक्ट्रिन के बतौर व्यक्ति पर लागू नहीं किये जाते बल्कि ऐसा करने से शरीर पर पड़ने वाले संयुक्त प्रभाव देखकर ही इन्हें विवेकपूर्ण होकर लागू किया जाता रहा है। सिर्फ रोटी और इस आधार पर कि इसे फलां किस्म के अनाज और अनाजों में मिश्रण से बनाया गया है और यह अनेक व्यक्धियों और विकारों को दूर रखने में सहायक है, एक विवेकपूर्ण कथन नहीं है। एक ही विषय से संबद्ध अनेक पक्षों पर सैंकड़ों तरह से डिजाईन किए गए शोध के नतीजे एक्सपर्ट्स की निगाह में संयुक्त जानकारी से जिस समग्रता और विवेक का बुध करते हैं उसी के अनुसार अपार अनुभवी डॉक्टर्स शारीरिक व्याधियों और विकारों की नैदानिकी और उपचार का फैसला लेते हैं और दवा का चुनाव करते हैं। इसलिए यह प्रचारित करना कि रोटी के स्रोत अनाजों की किस्म ऐसी हो, वैसी हो और इन्हें बदलने या ऐसा सेंक कर खाने से यह लाभ होगा, कोलेस्ट्रोल कम होगा, डायबिटीज में फायदा होगा, कैंसर पनपने की संभावना कम होगी, मोटापा विकसित नहीं होगा, शुगर कम होगी आदि, नितांत एकांगी कथन हैं और विज्ञान सम्मत भी नहीं। विज्ञान सम्मत अगर कुछ है तो वह टेक्स्टबुक्स हैं जो एक समय विशेष की हद में प्रिसीजन इनफार्मेशन होती है। यह भी रिसर्च की तत्परता और विशालता को देखते हुए हमेशा 90 प्रतिशत को ही छू पाती हैं। बाकी 10 प्रतिशत की पूर्ति रिसर्च जर्नल्स में छपे पर्चों की जानकारी में दर्ज होती है।

## प्रसंगवश

# क्यों होते हैं हाथरस जैसे हादसे



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

एक तरफ विज्ञान मंगल और चांद के रहस्यों की थाह लेने में जुटा है, लेकिन भोले बाबा सरीखे तमाम नाम इस समाज में अपना ऐसा मायाजाल फैलाए हैं, जिनकी गिरफ्त में आम जनता है। आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। भोले बाबा के सत्संग को लेकर पुलिस के खुफिया तंत्र ने अपनी रिपोर्ट सत्संग से पहले ही तैयार की थी। इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि सत्संग में सवा लाख से अधिक भीड़ जुटेगी। यहां पर एलआईयू ने अप्रिय घटना होने की आशंका भी रिपोर्ट में व्यक्त की थी, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों ने सत्संग में जुटने वाली भीड़ की बात को गंभीरता से नहीं लिया और इसका परिणाम सामने आ गया। सत्संग समापन के बाद हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गईं।

हाथरस में सत्संग स्थल पर ढाई लाख लोग मौजूद थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अंदाजा न तो आयोजकों को था और न ही जिला प्रशासन को। इसलिए इस संख्या के हिसाब से मौके पर व्यवस्था ही नहीं की गई थी, जबकि सत्संग स्थल के अंदर की व्यवस्था आयोजकों को संभालनी थी और बाहर कानून-व्यवस्था पर प्रशासन और पुलिस को नजर रखनी थी, क्योंकि इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से बाकायदा अनुमति ली गई थी। इसके बावजूद सत्संग स्थल पर न तो श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार नहीं थे ।

ऐसे आयोजनों में एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं।

नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। भीड़ में शामिल लोग, खासकर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इस भगदड़ का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होता है, जो आस्था के आगे हाथ खड़े कर देता है। छोटे स्थल पर अधिक लोगों की भीड़ बढ़ने पर भी वह लोगों को रोकता नहीं है।

हाथरस के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि हाथरस में अनुमति और आकलन से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। इसके बावजूद प्रशासन तमाशबीन बना रहा और न तो आयोजन निरस्त किया और न ही लोगों को रोकने की कोशिश की।

इस तरह की दुर्घटना भविष्य में न हो इसके लिए सभी धार्मिंक लोगों को दो चीजों का पालन करना होगा। पहला कि उन्हें अपने जीवन में धर्म का पालन करना होगा। दूसरा अधर्म होते हुए न देखने का प्रण लेना होगा कि मैं अधर्म नहीं होने दूंगा। अगर रोक नहीं सकता, तो विरोध करूंगा। और विरोध भी नहीं कर सकता तो कम से कम वहां से हट जाउंगा। मेरे घर में अगर मेरे सामने कचरा पड़ा है, तो उसे हटाना मेरा धर्म है। ऐसे ढोगी लोगों का हर स्तर पर बहिष्कार होने चाहिए। इस दुर्घटना के बाद धार्मिक संस्थाएं भी सक्रिय हुई हैं।

हाथरस हादसे से सुर्खियों में छाए भोले बाबा समेत 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सभी 13 अखाड़ों के बीच इसकी सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मेला अधिकारी को कहा जाएगा कि इन ढोंगी स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने में भूमि और सुविधाएं न दी जाएं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के मुताबिक भोली भाली जनता को भ्रमित कर अपने भक्तिजाल में फंसाने वाले तरह-तरह के रूपों वाले पाखंडी बाबाओं की सूची अखाड़ा परिषद ने तैयार कर ली है। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में अपनी दुकानें नहीं सजाने देंगे। इस बारे में सभी तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों की सहमति बन चुकी है कि पाखंडी बाबाओं की सूची जारी की जाए। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में बसने के लिए भूमि और शिविर की सुविधाएं नहीं दी जाएं, इसकी मांग मेला प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

# विपक्षियों के सामने संभलने में लगी है भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं।

मोदी जी का योग्यतम शीर्ष नेतृत्व भाजपा को अभी भी पूरी मजबूती से संभाले हुए है किंतु पार्टी को अगले प्रधानमंत्री की खोज में अभी से लग जाना चाहिए और यदि यह जिम्मा परंपरा से राष्ट्रीय सेवक संघ पर है तो उसे भी इस दिशा में सक्रिय हो जाना चाहिए। जैसे कि तिब्बती लामाओं में अगले दलाईलामा की तलाश की जाती है। जहां मौजूदा दलाईलामा ही यह बता देता है कि उनके पश्चात जन्म लेने वाले पीठाधीश को किन शारीरिक लक्षणों से पहचाना जाएगा। और वैसे ही लक्षणों वाले सद्य जन्में शिशु की तलाश गहनता से शुरु हो जाती है ताकि रिक्त स्थान पर अगले दलाईलामा को तत्काल प्रतिष्ठापित किया जा सके। बिना अंतराल के।

विचारणीय यह होगा कि मोदी जैसा कोई दूसरा क्या सहजता से मिल पाएगा? और क्या स्वयं मोदी जी यह अग्रिम चयन कर देंगे? यह असंभाव्य है। क्योंकि मोदी जैसा कोई और हो यह फिलहाल भाजपा में दिखता नहीं। वैसा गतिशील व्यक्तित्व, वैश्विक इमेज का जन प्रतिनिधि, भारत को एक उल्लेखनीय आर्थिक शक्ति बना देने वाला प्रधानमंत्री और कई रिकार्ड अपने नाम करने वाला विलक्षण व्यक्तित्व कोई दूसरा हो सकता है?

अभी तक तो 'मोदी-योगी' का एक आश्वस्ति भरा शब्द युग्म जन जन के जुबान पर था। मगर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन ने इसमें डेंट लगा दिया है। मोदी जी का कद तो बरकरार रहा और अगर उसमें भी तनिक इफ्स ऐंड बट्स लगा तो उसका भी उत्तरदायी उत्तर प्रदेश ही है। सोचिए यदि वे गुजरात में कहीं से प्रत्याशी होते तो क्या बनारस जैसे हल्के मार्जिन से विजयी होते? तो उनके आभामंडल की यह तनिक सी फीकी हुई चमक के जिम्मेदार वे स्वयं नहीं हैं। प्रदेश की भाजपा पार्टी और बनारस के कृतघ्न मतदाता हैं। प्रतिकूलताओं के बाद भी मोदी जी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद को सुशोभित करने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं। ऐसे में मोदी के बाद कौन का चयन एक टेढ़ी खीर है। अभी किसी संभावना पर मुहर लगा देना संभव नहीं लगता। क्योंकि जिस तरह मोदी जी ने पद के अनुरुप अपने को साबित कर दिखाया है वैसी क्षमता का कोई दूसरा भाजपा नेतृत्व में दिख नहीं रहा। इस प्रतिष्ठापरक पद के लिए पहले किसी भी महत्वाकांक्षी भाजपाई को खुद को साबित करना होगा। क्या आसन्न उपचुनाव ऐसा कोई संकेत दे पाएंगे या फिर उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनाव ही कुछ स्थिति स्पष्ट कर पाएंगे? इसलिए कि ज्यादातर प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश ने ही दिए हैं। फिलहाल तो भाजपा विपक्षियों के बढ़े मनोबल के सामने संभलने में लगी हुई है। किंतु अभी भी आम जनता की दृष्टि में कोई तात्विक बदलाव भाजपा में नहीं दिख रहा है। नीट की परीक्षा, हाथरस हादसा आदि मुद्दों पर उसकी कार्यशैली वही पुराने ढर्रे वाली है, जो आमजन को पसंद नहीं। जबकि चाल चरित्र और चेहरे का दम रखने वाली पार्टी को तत्काल इन पर कड़े निर्णय लेना चाहिए था और जनसंशयों को उभरने का अवसर नहीं देना था। नारायण साकार स्वामी को क्लीन चिट मिला रहना देखिएगा भाजपा के लिए काऊंटर प्रोडक्टिव होगा। खिसके दलित वोट की भरपाई क्या इससे होगी? भारी संशय है।

भाजपा को वोट बैंक के ऐसे नारदमोहों से बचना चाहिए। ऐसे व्यामोह से दूर रहना चाहिए। किसी भी नेतृत्व का, जनता में उसकी इमेज, वोट की पिपासा से नहीं बल्कि उसके राज काज से स्थापित होती है। और भाजपा ने पहले यह कर भी दिखाया है। भगवा पार्टी के कोर वोटर अभी भी उसका दामन थामे हैं। प्रदेश में मुसलमान यादव और दलित का नया समीकरण मजबूत हो रहा है। इस कटु सत्य को आत्मसात करके रणनीति बनानी होगी। और वह केवल है-स्वच्छ प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था तथा अधिकाधिक नौकरियों के अवसर।

भाजपा में बिखरे वोटबैंक के जाति-मजहब के नेताओं के कान उमेठने का वक्त अब आ गया है। उन्हें अल्टीमेटम मिल जाना चाहिए कि अब नहीं तो फिर कभी नहीं। क्यों उन्हें पाला पोषा जा रहा है और मलाईदार पदों पर यथावत बनाये रखा गया है? उनकी जवाबदेही क्यों नहीं? यदि भाजपा अपने डुलमुल और ढीले ढाले तेवर को त्यागकर कठोर फैसले लेने लेंगे तो देखिएगा उसकी फिर जनता में जय जय होने लगेगी।

## सोशल फोरम

# परंपरा



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बंगाल की दुर्गा पूजा हो या महाराष्ट्र की गणेश पूजा। इन दोनों अवसरों पर केमिकल रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों को बहते जल के स्रोतों में प्रवाहित किया जाता है। रसायनों से जलीय जीवन और जल स्रोतों को हुए नुकसान की अक्सर चर्चा होती है और इनको रोकने के प्रयास भी होते हैं। फिर भी गणेश चतुर्थी या दुर्गा पूजा के बाद नदी या समुद्र तट पर बिखरी टूटी फूटी मूर्तियों को कचरे के रूप में ढोये जाने का दृश्य किसी भी आस्थावान को विचलित कर सकता है। लेकिन हम विचलित नहीं होते। क्योंकि यही हमारी परंपरा है। और परंपराओं के साथ कोई खिलवाड़ हमें बर्दाश्त नही। भले ही पर्यावरण को कितनी भी क्षति हो।

उड़ीसा की मशहूर रथ यात्रा के बारे में पढ़कर हैरत हुई कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ बनाने के लिए पांच अलग-अलग किस्म के कुल 865 वृक्षों की लकड़ी लगती है। और उससे भी बड़ी हैरानी की बात की शायद ये रथ हर साल बनाए जाते हैं। एक मित्र को अपनी जमीन पर लगे वृक्षों को काटने के लिए परमिशन चाहिए। सरकारी परमिशन के बगैर लोग अपने लगाए, अपने घरों के वृक्ष भी नही काट सकते। इतने कठोर नियमों के बीच मेरा ध्यान बार-बार 865 वृक्षों पर चला जाता है। छतीसगढ़ का हंसदेव जंगल हो या मुंबई का आरे जंगल। लोगों ने इनको बचाने के लिए लंबी लड़ाइयां लड़ी। भारतीय संस्कृति में पेड़ों का बहुत महत्व है। झारखंड में सरहुल पर्व पर साल वृक्ष की पूजा होती है। उड़ीसा में वट सावित्री के दिन स्त्रियां वट वृक्ष की पूजा करती हैं। राजस्थान में खेजड़ी के वृक्ष की पूजा की जाती है। सनातन में पीपल के वृक्ष को भी पूजा जाता है। क्या ये बात अजीब नही कि एक तरफ पारंपरिक रूप से हम पेड़ों की पूजा करते हैं और दूसरी तरफ परंपरा के नाम पर वृक्ष काटे भी जाते हैं। अफसोस होता है कि पेड़ों को पूजने वालों के देश मे जंगल का रकबा लगातार घट रहा है। हमे ये मानना होगा कि हमारी संस्कृति, पूजा, परंपरा इन जंगलों को बचाने में नाकामयाब रही है।

-फेसबुक वॉल से

# क्या भारत सीबीडीसी को सफल बना सकता है



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) की प्रस्तावित शुरूआत के साथ भारत अपनी मौद्रिक प्रणाली में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के कगार पर है। यह कदम डिजिटल मुद्राओं और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी में बढ़ती वैश्विक रुचि के बीच आया है, जो दुनिया भर के वित्तीय क्षेत्रों में व्यापक डिजिटल क्रांति को दर्शाता है। हालांकि, डिजिटल मुद्रा का आगमन साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की समग्र तैयारी के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाता है।

सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा किसी देश की फ़िएट मुद्रा का एक डिजिटल रूप है, जिसे केंद्रीय बैंक द्वारा जारी और विनियमित किया जाता है। बिटकॉइन या एथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, जो विकेंद्रीकृत हैं और केंद्रीय प्राधिकरण के बिना संचालित होती हैं, सीबीडीसी सरकार द्वारा केंद्रीकृत और नियंत्रित होता है। सीबीडीसी का लक्ष्य डिजिटल मुद्राओं के लाभों-जैसे गति, कम लेनदेन लागत और बढ़ी हुई वित्तीय समावेशन - को पारंपरिक फिएट मुद्राओं से जुड़ी स्थिरता और विश्वास के साथ जोड़ना है। भौतिक नकदी के विपरीत, सीबीडीसी केवल डिजिटल रूप में मौजूद है, जिससे लेनदेन सहज और त्वरित हो जाता है।

डिजिटल भुगतान सफलता भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) और आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली जैसी पहलों ने भारतीयों के लेनदेन के तरीके में क्रांति ला दी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में यूपीआई लेनदेन प्रति माह 2 बिलियन का आंकड़ा पार कर गया, जो डिजिटल भुगतान प्रणालियों में व्यापक रूप से अपनाने और विश्वास का संकेत देता है।

भारत अपने साइबर सुरक्षा ढांचे को बढ़ाने में प्रगति कर रहा है, लेकिन डिजिटलीकरण की तीव्र गति के लिए इन उपायों के निरंतर विकास और मजबूती की आवश्यकता है।

वर्तमान साइबर सुरक्षा अवसंरचना-राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीतिः 2013 में शुरू की गई इस नीति का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को साइबर खतरों से बचाना है।

ऐसे कई उदाहरण हैं जहां डिजिटल वित्तीय प्रणालियों से समझौता किया गया है। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख बिटकॉइन एक्सचेंज माउंट गोक्स की हैकिंग के कारण 450 मिलियन डालर से अधिक का नुकसान हुआ। 2019 में भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की हैकिंग सबसे सुरक्षित प्रणालियों में भी कमजोरियों को उजागर करती है।

भारत में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी की शुरूआत वित्तीय प्रणाली को और आधुनिक बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने का एक आशाजनक अवसर प्रस्तुत करती है। हालाँकि, इस पहल की सफलता महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा जोखिमों को संबोधित करने और सहायक बुनियादी ढांचे की मजबूती सुनिश्चित करने पर निर्भर करती है। डिजिटल भुगतान की सफलता से सीखकर और साइबर सुरक्षा ढांचे को लगातार विकसित करके, भारत डिजिटल मुद्रा के फलने-फूलने के लिए एक सुरक्षित वातावरण बना सकता है। एक सफल सीबीडीसी की राह में एक सुरक्षित, लचीला और समावेशी डिजिटल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिकों के समान प्रयासों की आवश्यकता होगी।

# पुराणों की कहानियों से



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हम हिंदू हैं, सनातनी हैं। हम वेद, पुराण, उपनिषद आदि सब पर दृढ़ विश्वास रखते हैं। अगर थोड़ी गहराई में जाकर खुद को पूछें कि हमारे तैंतीस वैदिक देवता कौन थे तो टंटा शुरू। तैंतीस नहीं, तैंतीस करोड़। तैंतीस कम पड़ता है। कोटि के दो अर्थों पर प्रवचन न दें। चलो, तैंतीस ही सही। कितने हिंदू उन तैंतीस देवताओं का नाम भी जानते हैं? बारह आदित्य। कौन? क्या हम उनके नाम और उनकी कीर्ति के बारे में जानते हैं? क्या उनकी कभी पूजा भी की? कोई रिश्ता है हमारा उनसे? एक फूल, एक धूपबत्ती कभी उनके नाम? रोज अजीबोगरीब प्रवचन मोबाइल पर आते रहते हैं। कौन थे बारह आदित्य? कौन थे ग्यारह रुद्र? कौन थे आठ वसु? उन्होंने क्या किया? है कोई नामलेवा? और हम हिंदू हैं। सनातनी हैं। श्रीमद् देवी भागवत कहता है कि व्यास ने पुराणों की रचना ही इसीलिए की कि जिनकी पहुंच वेदों तक नहीं है उनका कल्याण हो। वे सनातनी बने रहें।

अठारह पुराण। यह भी कम पड़ा। तो बहुत सारे उपपुराण। हजारों कहानियां। रोमहर्षण सूत थे, ब्राह्मण्यां क्षत्रियासूतः, याने वर्णसंकर। वही सूत जी हुए। व्यास के शिष्य। और कौन व्यास जी? वही जो मत्स्यगंधा और पराशर के पुत्र थे। महा ज्ञानी व्यास। उन्हीं के शिष्य सूत जी। प्रवचन कर्ताओं में सर्वश्रेष्ठ। हर जगह सूत जी बोलते भये।

विष्णु पुराण, शिवपुराण, वराह पुराण, कूर्म पुराण, नृसिंह पुराण, वामन पुराण, मत्स्य पुराण, देवी भागवत, कृष्ण भागवत, पद्मपुराण, गरुड़ पुराण, नारद पुराण, मार्कण्डेय पुराण, अग्नि पुराण, वायु पुराण, स्कंद पुराण, ब्रह्मांड पुराण। और भी कई। यहां हमारा उद्देश्य पुराणों के नाम गिनाना नहीं है। पुराणों का मुख्य उद्देश्य जो भी रहा हो, उनकी कहानियों से हिंदू अनेक सेक्ट बने।

## एक नजर

### हादसे और मौत का कारण भाजपा सरकार: अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव ने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे पर गहरा शोक जताते हुए कहा है कि इस तरह के हादसे और मौत का कारण भाजपा सरकार की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे पर विशेष पार्किंग ज़ोन की व्यवस्था होते हुए भी, कोई वाहन बीच रास्ते में क्यों खड़ा हुआ था। सीसीटीवी के लगे रहने के बावजूद खड़े वाहन की निगरानी में चूक कैसे हुई। क्या सीसीटीवी काम नहीं कर रहे थे। हाई-वे पुलिस कहाँ थी, क्या नियमित पेट्रोलिंग नहीं हो रही थी।

### मरीजों को घर पर ही मिलेंगी होमकेयर सेवाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैक्स एट होम ने राजधानी में अपनी सेवाएं शुरू कर दी। इसके बाद मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत या इलाज की सुविधा घर पर ही उपलब्ध होंगी। इसका उद्देश्य लखनऊ वासियों को उच्च गुणवत्ता वाली, व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है। गोमती नगर स्तिथ मैक्स सहारा हास्पिटल में बुधवार को होमकेयर सेवाओं का उद्घाटन करते हुए डॉ. संदीप बुद्धिराजा ने कहा, "मैक्स एट होम का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को अच्छी और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

### रात में खिलाएं फाइलेरिया बचाव की दवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने कहा की फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी को दवा खिलाना है, यदि दिन में लोग नहीं मिल रहे तो रात में दवा खिलाये इसके लिए आशा के साथ कोई पुरुष वर्कर रखा जाए। साथ ही सभी डेटा ई-कवच पर दर्ज किया जाए, इसे आशा मॉडुल में भी जोड़ा गया है। एनएचएम निदेशक, बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी।

# ई-कोर्ट से गैरहाजिर पर एक तरफा होगा फैसला

- रेरा ने लंबित मामलों पर बिल्डर व आवंटी को दिया अंतिम मौका
- लखनऊ व गौतमबुद्ध नगर की शिकायतों पर होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) लखनऊ व गौतमबुद्ध नगर के लंबित 42 मामलों की सुनवाई ऑनलाइन करेगा। सुनवाई में शामिल होने के लिए आवंटियों व बिल्डरों को आखिरी मौका दिया है। इनके उपस्थित न होने पर एकतरफ फैसला सुनाया जाएगा।

रेरा के ई-कोर्ट में घर खरीदारों की लखनऊ में 23 व गौतमबुद्ध नगर में 19 शिकायतें लंबित हैं। सुनवाई के दौरान किसी में आवंटी तो किसी में बिल्डर उपस्थित नहीं होते हैं। इस वजह से मामलों का समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में रेरा ने संबंधित आंवटियों और बिल्डरों को सुनवाई का अंतिम मौका दिया। जिन्हें सार्वजनिक सूचना जारी करके हरहाल में ऑनलाइन सुनवाई में उपस्थित होने को कहा है और जुड़ने के लिए ई-मेल व रजिस्टर मोबाइल नंबरों पर लिंक भेजा है। इसके बाद भी सुनवाई में उपस्थित नहीं होते हैं तो रेरा अधिनियम के प्रावधानों के तहत एकतरफा फैसला देगा।

**लखनऊ में बिल्डरों की परियोजनाएं**

रोहटल प्रोजेक्ट्स, शामियाह इंटरनेशनल बिल्डर्स, अलावाह कन्स्ट्रक्शन्स, अर्थ इन्फ्रस्ट्रक्चर्स, गृह वाटिका होम्स, आइकोनिक इंफरवेंचर, यूनीवर्ल्ड बिल्डर्स, वन प्लस इन्फ्रस्ट्रक्चर्स, प्रत्यक्ष इंफ्रा डेवलपर्स, प्रापलरिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, शाइनसिटी शॉपर्स, अलाया कन्स्ट्रक्शन्स।

**गौतमबुद्ध नगर के ये बिल्डर**

प्रापलरिटी इंफ्राटेक, एयरविल स्मार्ट सिटी, अर्थकॉन इंफ्राकॉन, एमएसएक्स रियलटर्स, सुपरसोनिक इंटेरटेन्मेंट, आधार इंफ्राटेक, कॉस्मिक स्ट्रक्चर्स, न्यू ओखला इन्डस्ट्रीअल डेवलपमेंट अर्थॉरिटी, एच 2 ओ कन्स्ट्रक्शन्स, ओम रियल्टी कन्स्ट्रक्शन्स।

### आलोक रंजन के 383 डॉलर खाते से कटे, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़े एक एफआईआर गोमतीनगर थाने में दर्ज हुआ है।

उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से बिना उनको सूचना दिए 383 यूएस डालर काट लिए गए। यह धनराशि किसने और क्यों काटी इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में उनके साथ फ्राड किया गया है। एसएचओ ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# चयनित शिक्षक 19 को पाएंगे मेडिकल कॉलेजों में तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंबेडकरनगर, आजमगढ़ समेत प्रदेश के सात राजकीय मेडिकल कॉलेजों में, उप्र. लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। बतौर सहायक आचार्य के पद नियुक्त होने वाले अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित करने के लिए 19 जुलाई को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय, जवाहर भवन में आयोजित की जाएगी।

यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि अंबेडकरनगर, आजमगढ़, जालौन, कन्नौज, सहारनपुर, बांदा और बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भर्ती के लिए अधियाचन भेजा गया था। चयनित शिक्षकों की सूची सार्वजनिक हो चुकी है, सभी को कॉलेज आवंटन के लिए काउंसलिंग में बुलाया गया है।

# दो विधायकों समेत 19 आरोपियों को 26 तक करें गिरफ्तार

## विशेष न्यायाधीश ने गिरोह बंद अधिनियम के तहत दिया आदेश

- जखनिया विधायक बेदी राम और ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे पर कार्रवाई के आदेश
- आरोपियों के पास से रेलवे भर्ती ग्रुप डी संबंधित प्रश्न पत्र हुआ था बरामद

विधि संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** गिरोह बंद अधिनियम के एक मामले में गाजीपुर के जखनिया विधायक बेदी राम और भदोही के ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे सहित 19 आरोपियों के हाजिर न होने पर अदालत ने पुलिस को 26 जुलाई तक उनकी गिरफ्तारी का वारंट की तामील करने के आदेश दिए।

गिरोह बंद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने कहा है कि अभियुक्त शिव बहादुर सिंह, दीनदयाल, संजय श्रीवास्तव, बेदी राम, अवधेश सिंह के अलावा पूर्व से अनुपस्थित चल रहे विधायक विपुल दुबे, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार मौर्य, शैलेश कुमार सिंह, रामकृपाल सिंह, भद्रमणि त्रिपाठी, आनंद कुमार सिंह, कृष्णकांत, धर्मेंद्र कुमार, रमेश चंद्र पटेल, मोहम्मद असलम, सुनील कुमार एवं अख्तर हुसैन को गिरफ्तारी वारंट के माध्यम से तलब किया जाता है। अदालत ने इंस्पेक्टर कृष्णा नगर को आदेश दिया है कि वह अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। इसी के साथ-साथ अदालत ने आरोपियों के जमानतदारों को नोटिस भी जारी किया है। अदालत ने कहा है कि आगामी 26 जुलाई को सभी आरोपियों के हाजिर होने पर आरोप तय किए जाएंगे। विशेष अधिवक्ता लक्ष्मण प्रसाद दीक्षित के अनुसार, 26 फरवरी 2006 को तत्कालीन एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडे एवं उनकी टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दावा किया था कि आरोपियों के पास से रेलवे भर्ती ग्रुप डी के 26 फरवरी 2006 की परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र के अलावा कई वाहन बरामद हुए थे।

### हाथरस कांड पर एसआईटी की रिपोर्ट राजनीति से प्रेरित : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ:** बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाथरस में सत्संग भगदड़ कांड पर एसआईटी द्वारा सरकार को पेश की गई रिपोर्ट को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष महिलाओं व बच्चों आदि की दर्दनाक मौत सरकारी लापरवाही काजीता जागता प्रमाण है, बावजूद घटना को गंभीरता से नहीं लिया गया।

बसपा प्रमुख ने बुधवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एसआईटी की रिपोर्ट पर दुःखद बताते हुए कहा, एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में मुख्य आयोजक भोले बाबा की भूमिका पर खामोशी साध ली, जो कि चिंताओं का कारण है। उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के बजाए उसे क्लीनचिट देने का प्रयास किया गया है। सरकार जरूर ध्यान दे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# विजय माल्या और नीरव मोदी के बाद अब राशिद नसीम पर लगेगा एफईओए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



आरोपी राशिद नसीम।

- यूपी मे भगौड़े आर्थिक अपराधी के खिलाफ पहली बार हो रही कार्यवाई
- ईडी ने शुरू की तैयारी, 1000 करोड़ की धोखाधड़ी का कथित सरगना है आरोपी

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 1000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के कथित सरगना, शाइन सिटी ग्रुप के चेयरमैन राशिद नसीम के खिलाफ भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओए), 2018 के तहत मामला दर्ज कर सकता है।

बता दें कि एफईओए, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत गठित किसी भी विशेष अदालत को उन आर्थिक अपराधियों की सभी संपत्तियों और परिसंपत्तियों को जब्त करने का अधिकार देता है, जिन पर 100 करोड़ रुपये से अधिक के अपराधों में आरोप हैं और जो भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहकर अभियोजन से बच रहे हैं।

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब यूपी में किसी भगोड़े आर्थिक अपराधी के खिलाफ यह अधिनियम लगाया जाएगा। शराब कारोबारी विजय माल्या और हीरा व्यापारी नीरव मोदी के खिलाफ यह अधिनियम लगाया गया था, जो सैकड़ों करोड़ रुपये के बैंक ऋण को चुकाने में चूक करने के बाद देश छोड़कर भाग गए थे।

ईडी की जांच से पता चला कि अपराध की आय उनके और उनके करीबी व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित विभिन्न अन्य कंपनियों को हस्तांतरित की गई थी। ईडी की जांच में अब तक 128 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई है।

उन्होंने कहा कि ईडी जल्द ही लखनऊ की विशेष पीएमएलए अदालत में एफईओए के तहत एक आवेदन दायर करेगी, जिसके बाद अदालत उन्हें घोषित भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर सकती है। इससे पहले, ईडी ने शाइन सिटी घोटाले से संबंधित एक मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत जांच के सिलसिले में आसिफ नसीम (राशिद के भाई), अमिताभ कुमार श्रीवास्तव और मीरा श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने शाइन सिटी धोखाधड़ी मामले में राशिद नसीम, उनके छोटे भाई आसिफ और शाइन सिटी ग्रुप के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज लगभग 250 एफआईआर के आधार पर पीएमएलए अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी, जिसमें उन्होंने जनता से लगभग 800-1000 करोड़ एकत्र किए थे। ईडी की जांच से पता चला कि अपराध की आय उनके और उनके करीबी व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित विभिन्न अन्य कंपनियों को हस्तांतरित की गई थी। ईडी की जांच में अब तक 128 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई है।

# आम महोत्सव में दिखेंगे 800 से अधिक किस्म के आम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजधानी में 12 जुलाई शुक्रवार को तीन दिवसीय आम महोत्सव की शुरुआत करेंगे। प्रदर्शनी में विशेष आकर्षण के रूप में 120 से अधिक किस्म के आम होंगे। साथ ही लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियां महोत्सव में देखने को मिलेगी।

उद्यान राज्य मंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास पर प्रेस कान्फ्रेंस सम्बोधित कर रहें थे। उन्होंने बताया कि आम महोत्सव में करीब 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन भी प्रदर्शित किये जायेंगे, साथ ही प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उद्यान मंत्री ने बताया कि आम उत्पादन में स्वरोजगार के साथ ही आमदनी की भरपूर सम्भावनाएं हैं। आम उत्पादकों के लिए पैकहाउस से लेकर निर्यातको, खुदरा व्यापारियों और रेस्टोरेन्ट को एक मंच पर लाकर आम की बिक्री और खपत बढ़ाने का कार्य किया है। दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में 3.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगभग 58 लाख मीट्रिक टन से अधिक आम उत्पादित होता हैं।



जानकारी देते मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

- मुख्यमंत्री कल महोत्सव की करेंगे शुरुआत

# नीट पीजी काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए इंटर्नशिप जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य के चिकित्सा संस्थान व राजकीय मेडिकल कॉलेजों में परास्नातक पाठ्यक्रम (पीजी) में दाखिले के लिए राज्य स्तर पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। आरक्षण के नियमों का अनुपालन करते हुए पीजी सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। यह दिशा- निर्देश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा मंगलवार को जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि, नीट पीजी2024 की मेरिट लिस्ट में शामिल राजकीय सेवा में कार्यरत अर्थात पीएमएचएस संवर्ग के एमबीबीएस चिकित्सकों को नियमानुसार भारांक देकर, स्टेट की मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चिकित्सा संस्थान व राजकीय मेडिकल कॉलेजों में, एमडी, एमएस, डिप्लोमा, व डीएनबी में दाखिला लेने के लिए नीट पीजी 2024 काउंसिलिंग में, वहीं अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे, जिनकी इंटर्नशिप 15 अगस्त तक पूरी हो रही हो या हो चुकी हो।

# 10 पीपीएस अफसरों के किए तबादले

- प्रवीण और असीम चौधरी को कुंभ मेला की कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** शासन ने बुधवार को 10 और पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। पीपीएस प्रवीण सिंह चौहान को महाकुंभ मेले की सुरक्षा की कमान सौंपी गई है।

प्रवीण सिंह चौहान को अपर पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला प्रयागराज बनाया गया है। वहीं, असीम चौधरी को भी अपर पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला बनाया गया है। इसके अलावा अमित कुमार को मेरठ से उपसेना नायक चौथी वाहिनी पीएसी प्रयागराज भेजा गया है। अवनीश कुमार को मेरठ भेजा गया है। वहीं, पीपीएस अवनीश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद मेरठ बनाया गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को एएसपी जालौन, वीरेंद्र कुमार प्रथम को उपसेना नायक 01 वाहिनी एसएसएफ लखनऊ, पीयूष कुमार सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त गाजियाबाद, देवेश कुमार शर्मा को एएसपी यूपीपीसीएल मुख्यालय लखनऊ, मनोज कुमार यादव को एएसपी ट्रैफिक मथुरा और कृष्णकांत सरोज को एएसपी ग्रामीण बदायूं बनाया गया है।

# बांके बिहारी मंदिर में सुरक्षा का खींचा खाका

- मुख्य सचिव और डीजीपी पहुंचे मथुरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के नियंत्रण और सुविधा को लेकर निरीक्षण किया। कुंज गलियों में घूमने के बाद मंदिर के आसपास की स्थिति का आकलन किया और सुरक्षा का खाका खींचा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बुधवार की दोपहर करीब एक बजे मंदिर पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी ने मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं को परखा। डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने उन्हें मंदिर के अंदर की स्थितियों की जानकारी देने के साथ प्रवेश और निकास मार्गों के बारे में बताया। बताया गया कि भीड़ अधिक होने पर श्रद्धालुओं को सीमित संख्या में अंदर अगला भेजने की व्यवस्था बनाई हुई है। इसके बाद दोनो अधिकारी प्रवेश द्वार-दो होते हुए बाहर आकर पुलिस चौकी के सामने स्थित गली से होते हुए दाऊजी मंदिर तिराहा पहुंचे। यहां जुगल घाट से आने वाले रास्ते की जानकारी दी गई। यहां से अधिकारी पैदल विद्यापीठ चौराहा से हरिनिकुंज चौराहा पहुंचे। यहां से होकर श्रद्धालु मंदिर तक पहुंचते हैं। निरीक्षण के दौरान एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी, आईजी दीपक कुमार, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह आदि मौजूद थे।

## वर्ग पहेली-127

**बाएं से दाएं**

1. 1. रास्ता, मार्ग 2. तराज़ू पर चीज़ें तौलने का बटखरा, बट्टा। (मु.)- जोहना : प्रतीक्षा करना। -पड़ना : पीछे पड़ना। -कहीं बाट पड़ना : डाका पड़ना।

4. पुंज, समूह, राशि।

6. नालदार जूता।

7. 1. छोटा 2. कमज़ोर, कृशकाय 3. लघु, अल्प।

8. 1. निर्झर, पानी का झरना 2. सोता 3. वह धन जो हाट या बाज़ार में बैठकर सौदा बेचने वाले छोटे दुकानदारों से नित्य प्रति कर के रूप में उगाहा जाता है


9. 1. तमोगुण से युक्त 2. तामस स्वभाव का।

**ऊपर से नीचे**

2. बाग या बगीचे में पेड़-पौधे उगाने और उनकी देखभाल करने वाला व्यक्ति; बाग का माली।

3. 1. किसी तरल पदार्थ को सांस के साथ भीतर की ओर खींचना, नास लेना 2. उदरस्थ करना, पी जाना।

5. 1. बेशऊर होने की अवस्था 2. बदतमीज़ी, नौसिखियापन, फूहड़ता।



### वर्ग पहेली -126 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 फ | ल | 2 मं | डी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ |
| ■ | 3 स | र | स | री | ■ |
| ■ | ■ | ■ | मी | ■ | 4 ब |
| 5 ना | 6 के | दा | र | ■ | ड़ |
| ■ | व | ■ | ■ | 7 सिं | ह |
| 8 ए | का | ए | क | ■ | ल |

## सुडोकू-40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 3 | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | | 2 | | | 9 | |
| 5 | 3 | | | 8 | | 2 | 7 | |
| 2 | | | 3 | | 5 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 9 | | | 4 | 3 |
| | 9 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | 6 | | 4 | 9 | | |
| | | 5 | | 7 | | | | 1 |

### सुडोकू -39 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 10.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 01.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज आर्थिक क्षेत्र में आय एवं व्यय का संतुलन बना रहेगा। आगंतुक मेहमान से ग्रह खर्चे में वृद्धि होगी। श्रम संघर्ष दौड़ धूप के बावजूद लाभ कम होगा। रिश्तों में मजबूती आएगी। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी का प्यार और सहयोग मिलेगा।

**वृष** – आज का दिन आपके लिए चिंता भरा रहने वाला है कार्य क्षेत्र में आपको कुछ समस्या हो सकती हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। घर में भोग विलास की सामग्री पर धन खर्च होगा। व्यापार में आय कम होने के योग हैं।

**मिथुन** – आज आपका कोई काम पूरा होने से कल आपको खुशी होगी जिस कारण आप किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं। बैंक सेवा से जुड़े लोगों को धन एवं उपहार प्राप्त होंगे। व्यापार में आपकी सूझबूझ के कारण हानि लाभ में बदल जाएगी।

**कर्क** – आज आपके लिए स्वास्थ्य के लिए हाथ से कमजोर रहने वाला है। आपका मन-आप किसी बात को लेकर परेशान रहेगा जिसे लेकर आप जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आर्थिक मामला में कोई भी निर्णय सोच विचार कर लें।

**सिंह** – आज व्यवसाय में आपको आपको कोई नया ऑफर मिल सकता है और आप किसी काम को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे तो वह भी कल पूरा हो सकता है। आज आप अपना ऋण चुकाने में सफल होंगे।

**कन्या** – आज परिवार में यदि कोई वाद विवाद हो तो आप उसमें चुप लगाए नहीं तो वह बढ़ सकता है। आर्थिक लेनदेन में मामलों में सतर्कता रखें। जहां तक संभव हो अधिक धन न लें। घर में भौतिक सुख साधनों की वस्तु पर खर्च होगा। वाहन आदि का कार्य कर सकते हैं।

**तुला** – आज काम की अधिकता रहने के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे, जिस कारण आप अपने परिवार के सदस्यों को समय थोड़ा काम देंगे। कार्य क्षेत्र में किसी अधीनस्थ लाभ होगा। आय बढ़ेगी। पैतृक धन संपत्ति मिलेगी।

**वृश्चिक** – आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा दूर होने से रुका हुआ धन मिलेगा। बौद्धिक कार्य को करने वालों को विशेष सफलता मिलेगी। आपके परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मन रखेंगे जिसे देखकर आपको खुशी होगी।

**धनु** – आज नौकरी में अपेक्षित धन लाभ न होने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। धन किसी अनजान व्यक्ति को न दें अन्यथा वह लेकर भाग जाएगा। व्यापार में पिता से सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन का खर्चा सोच विचार कर करें। वाहन खरीद सकते हैं।

**मकर** – आज आमदनी कम खर्च अधिक होगा। आर्थिक क्षेत्र में पुराने आय स्रोतों पर अधिक ध्यान देना पड़ेगा। प्रेम संबंध में अत्यधिक धन व्यय होगा। नौकरी में कोई आपसी मतभेद होने से आपकी आय पर असर पड़ेगा। संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण लेना पड़ सकता है।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आर्थिक क्षेत्र में किए गए परिश्रम से सफलता प्राप्त होगी। पूर्व से रुका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन संपत्ति वाहन आदि खरीदने के योग बन सकते हैं।

**मीन** – आज आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। व्यापार में अच्छी आय होने के योग हैं। नौकरी में पदोन्नति संग वेतन वृद्धि होगी। प्रेम संबंध में धन, मान का लाभ मिलेगा। उधार वापस मिलेगा। विदेश से धन एवं उपहार प्राप्त होंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
तेरी कसम – सुबह : 08.40
हीरो – रात : 09.17

**&pictures**
टॉयलेट – सुबह : 10.45
धमाल – रात : 07.30

**Sony Pix**
हैनकॉक – सुबह : 11.23
लाइट आउट – शाम : 05.39

**Zee Cinema**
सीटीमार – सुबह : 10.31
ऑपरेशन जावा – रात : 08.00

**Colors Cineplex**
जुर्माना – सुबह : 07.49
कुछ कुछ होता है – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू का पांव केले के छिलके पर पड़ा और वो फिसल कर गिर गया...
सोनू उठा और फिर आगे चला, तो दूसरे छिलके में पांव पड़ा और फिर फिसल कर गिर गया...
सोनू फिर उठा और थोड़ा आगे और चला, तो उसे तीसरा छिलका दिख गया...
सोनू रोते- रोते बोला – धत तेरे की, अब फिर से फिसलना पड़ेगा...

पत्नी- मैंने जन्मदिन पर गिफ्ट में गहने मांगे और तुमने दिया "खाली डिब्बा कितनी शर्म आई मुझे फ्रेंड्स के आगे
रामू- शर्म ही तो औरतों का गहना है पगली।

# शहर में हरित जंगल बनाकर रोकें बढ़ता तापमान और प्रदूषण

## मियावाकी पद्धति से जंगल विकसित करने के लिए शासन देगा डेढ़ से 5 करोड़ तक

**उपवन योजना**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शासन की चिंता है कि शहरों में तेजी से जनसंख्या व क्षेत्रफल में वृद्धि के अनुपात में हरित क्षेत्र विकसित नहीं हो रहा है। इससे तापमान और प्रदूषण में वृद्धि के साथ मानव जीवन के लिए अन्य समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम और वन विभाग के सामने हरित क्षेत्र बढ़ाने की चुनौती है।

ऐसे में शासन ने उपवन योजना लांच कर नगरीय क्षेत्र में हरित वातावरण विकसित करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम को शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से जंगल बनाने को कहा गया है। योजना के मुताबिक नगर निगम को एक एकड़ जमीन पर जंगल का विस्तार करना है। शासन की ओर डेढ़ से पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शासन ने नगर निगम को इस संबंध में पार्कों व खुली भूमि का चयन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मियावाकी पद्धति से नगर निगम ने अभी तक शहर में 8 पार्क विकसित किए हैं। 2 अन्य पार्क लगभग तैयार हैं। 2 नए स्थानों पर ऐसे पार्क और बनाने की तैयारी है।



विजय नगर में मियावाकी पद्धति से तैयार जंगल। अमृत विचार

"शासन का पत्र आया है। उपवन योजना के अंतर्गत मियावाकी पद्धति से पार्क को विकसित किया जाएगा। शहर में नगर निगम पहले ही हरित क्षेत्र विकसित करने के काम लगा है।

– मदन सिंह गर्ब्याल, नगर आयुक्त

**यह पेड़ लगाए जाते**

अर्जुन, शीशम, गुलमोहर, पिलखान,जामुन शहतूत, मेहंदी, अशोक, पीपल, चंपा आदि के पौधे खास तकनीक से लगाए जाते हैं, जिससे यह तेजी से बढ़ते हैं।

**मियावाकी पद्धति के अभी 8 पार्क**

- रूमा में चारागाह भूमि पर भूल-भुलैया (मेज पार्क)
- सराय मीता अखाड़ा पार्क के सामने
- गुप्तार घाट, सिविल लाइंस
- रत्न शुक्ल इंटर कॉलेज, किदवई नगर
- ट्रैफिक चिल्ड्रन पार्क, विजय नगर
- अंबेडकर पार्क, पनकी
- शनेश्वर मंदिर ग्रीन बेल्ट, विजय नगर
- शेखपुरा का जाना गांव

- आबादी के साथ तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच हरित वातावरण बनाने की कवायद

### एक एकड़ क्षेत्रफल में बनाना है जंगल

शासन ने नगर निगम से कहा है कि ऐसे पार्क का चयन किया जाए, जिसमें कम से कम एक एकड़ का समर्पित क्षेत्र हो। अगर एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल है, तो ऐसे पार्क को दो भागों में बांट दिया जाए। शासन एक एकड़ भूमि पर जंगल बनाने के लिए डेढ़ से 5 करोड़ रुपये धन का आवंटन करेगा।

### निगरानी के लिए गठित होगी टीम

उपवन योजना विकसित करने और इसकी निगरानी के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। इसमें नगर निगम के जोनल अधिकारी, नामित इंजीनियर व उद्यान अधिकारी रहेंगे। टीम पार्कों का नियमित निरीक्षण कर त्रैमासिक रिपोर्ट पेश करेगी।



लेखपालों को दिए गए नियुक्ति पत्र। अमृत विचार

# राजस्व प्रशासन को मिले 29 लेखपाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सरसैया घाट नवीन सभागार में 18 को दिए गए नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार।** जनपद में राजस्व प्रशासन को बुधवार को 29 और लेखपाल मिले हैं। सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान जन प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया।

नवीन सभागार में सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी व सरोज कुरील ने लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कुल 29 लेखपाल राजस्व प्रशासन को मिले हैं। नवीन सभागार में 18 लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। पांच लेखपालों को नियुक्ति पत्र लखनऊ में मिला है, बाकी छह लेखपाल कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। जिलाधिकारी ने बताया कि राजस्व प्रशासन में लेखपालों के शामिल होने से अब राजस्व के मामलों में तेजी आएगी। अभी तक कई लेखपाल दो-दो जगह का काम देख रहे थे। अब एक जगह की ही जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे कामों में विलंब नहीं होगा और सुधार आएगा।

**महिला स्वावलंबन की दिखी झलक**

जिलाधिकारी ने बताया कि 29 लेखपालों में 17 महिलाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है। राजस्व प्रशासन में इतनी संख्या में महिलाओं की भागीदारी से महिला स्वावलंबन की झलक दिखी है।

# 140 करोड़ की जमीन सरकारी खाते में जाएगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्राम समाज की जमीन हथियाने के लिए फर्जी ढंग से अनेक पट्टे किए गए। अपर आयुक्त अजीत कुमार सिंह की कोर्ट में अपील दाखिल होने पर उन्होंने निर्णय सुनाया कि अकबरपुर तहसील के कुंभी गांव की 140 करोड़ रुपये कीमत की जमीन सरकारी खाते में दर्ज होगी।

अकबरपुर तहसील के कुंभी गांव की 200 बीघा ग्राम समाज की जमीन को हथियाने के लिए फर्जी ढंग से पट्टे हुए थे। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व नीरज सिंह सेंगर ने बताया कि कुंभी के मजरा मोहम्मदपुर में विभिन्न गाटा संख्या की भूमि पर 73 लोगों को पट्टे हुए थे। कुछ लोगों ने राजस्व अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर अपने खाते में दर्ज कराकर जमीन की खरीद दिखाई थी। एसडीएम अकबरपुर ने जमीन ग्रामसभा में दर्ज करने के आदेश दिए। मई में लोगों ने अपर आयुक्त अजीत कुमार सिंह की कोर्ट में अपील दाखिल की। जिस पर सुनवाई करते हुए अपर आयुक्त ने एसडीएम के निर्णय को सही पाया। अपर आयुक्त ने 200 बीघा जमीन को ग्राम समाज के खाते में दर्ज रहने का आदेश दिया।

# दो नाबालिग समेत पांच वाहन चोर गिरफ्तार किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चोरी की एक स्कूटी और पांच मोटरसाइकिल बरामद की गईं

**अमृत विचार।** रावतपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार पांच वाहन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जिसमें दो नाबालिग हैं। चोरों की निशानदेही पर एक स्कूटी, पांच मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। ये शातिर अपनी अय्याशियों को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे।

एडीसीपी पश्चिम विजयेंद्र द्विवेदी ने खुलासा करते हुए बताया कि रावतपुर पुलिस ने अवधपुरी तिराहा जीटी रोड पर चेकिंग में बाइक सवार पांच लोगों को रोक कर पूछताछ की। बाइक चोरी की निकली। आरोपियों ने अपना नाम कल्याणपुर निवासी हिमांशु, सुखऊपुरवा नवाबगंज निवासी आदित्य उर्फ मुर्गा, मकड़ीखेड़ा निवासी आकाश प्रजापति बताया वहीं दो चोर नाबालिग हैं। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। आदित्य उर्फ मुर्गा पर पहले से नवाबगंज थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, सभी आरोपी अपनी अय्याशियों को पूरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

गिरफ्तार करने वाली टीम में रावतपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज, उप निरीक्षक अंकुर चौधरी, राजकुमार, शैलेंद्र सिंह, विवेक त्यागी, धर्मेंद्र सिंह, निखिल कुमार, कां अनिल कुमार और मोहम्मद अख्तियार की मुख्य भूमिका रही। गुड वर्क करने वाली टीम को पुलिस प्रशासन की ओर से पंद्रह हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया है।



चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लाइब्रेरी से छात्र का लैपटॉप चोरी, साथी पर आरोप

**कानपुर।** जूही कलां स्थित अर्थ एकेडमी अकादमी के फतेहपुर निवासी छात्र ने साथी पर लाइब्रेरी में पढ़ने के दौरान लैपटॉप चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फतेहपुर, चतनपुर अमौली निवासी वैभव ने बताया कि वह 4 जुलाई की सुबह काम से बाहर गया था। इस दौरान उसका लैपटॉप लाइब्रेरी में ही रखा था। वैभव का आरोप है कि बगल सीट पर बैठने वाले साथी छात्र रोहित सिंह गौतम ने लैपटॉप चोरी कर लिया। उसने रोहित से कई दिन तक लैपटॉप वापस देने को कहा, लेकिन उसने नहीं दिया। बर्रा थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### घरेलू विवाद में महिला ने दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में मंगलवार देर रात नानकारी इलाके में घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पति ने फंदे पर लटकते शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। नानकारी निवासी अतुल गौतम ट्रांसपोर्टेशन का काम करते हैं। परिवार में पत्नी 30 वर्षीय अनीता और तीन बच्चे हैं। मंगलवार देर रात अनीता का किसी बात को लेकर पति अतुल से विवाद हो गया था। इसके बाद अनीता दूसरे कमरे में सोने चली गई। देर रात अनीता ने पंखे के सहारे गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पति अतुल ने पुलिस को बताया कि 2018 में दोनों ने लव मैरिज की थी। अनीता को शक था कि पति का किसी दूसरी महिला से संबंध है। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

### शहर के कृष्णा आज स्वीडन के लिए होंगे रवाना

**कानपुर।** कैंटोनमेंट बोर्ड प्रेरणा स्कूल के कृष्णा अग्रवाल का चयन गोठिया कप फुटबाल के लिए हुआ है। कृष्णा 11 जुलाई गुरुवार को कोच के साथ स्वीडन के लिए रवाना होंगे। स्वीडन में 14 से 19 जुलाई तक गोठिया कप फुटबाल का आयोजन होना है। जिसमें प्रतिभाग करने 24 देशों की टीम पहुंचेगी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए शहर से कैंटोनमेंट बोर्ड प्रेरणा स्कूल के कृष्णा अग्रवाल का भी चयन हुआ है, जो 11 जुलाई को शहर से नई दिल्ली के लिए कोच सत्येंद्र सिंह यादव के साथ रवाना होंगे। दिल्ली से वह स्वीडन के लिए उड़ान भरेंगे। कृष्णा की फुटबाल प्रैक्टिस प्रेम एकेडमी क्राइस्ट चर्च इंटर कालेज मैदान पर हुई है। फुटबाल नेशनल कोच के डेरिक मसीह और कोच सत्येंद्र सिंह यादव ने प्रशिक्षण दिया है। कृष्णा के कोच ने बताया कि गोठिया कप के लिए उसने जबरदस्त प्रैक्टिस की है। उम्मीद है कि शहर का नाम रोशन करेगा।



दोनों कोच के साथ कृष्णा अग्रवाल।



इनरव्हील क्लब की कार्यकारिणी ने शपथ ली। अमृत विचार

# नई कार्यकारिणी ने कार्यभार संभाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इनरव्हील क्लब आफ कानपुर मेन ने अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**अमृत विचार।** इनरव्हील क्लब ऑफ कानपुर मेन का स्थापना दिवस सिविल लाइन स्थित लिटिलशेफ में मनाया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष संगीता माहेश्वरी ने अपनी कार्यकारिणी के साथ 2024-25 का कार्यभार संभाला।

कार्यक्रम में क्लब की सभी पूर्व प्रेसिडेंट ने अतुल्य भारत थीम को साकार किया। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के अंदाज में साड़ियां पहनकर पहुंचीं। इनरव्हील क्लब की ओर से किए गए सामाजिक कामों का विवरण पेश किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन नीलू ढाकरे, विशेष अतिथि डिस्ट्रिक्ट ईएसओ मनीषा बाजपेई और डिस्ट्रिक्ट आईएसओ आरती मेहरोत्रा रहीं। अतिथि के तौर पर चार्टर प्रेसिडेंट सुशीला सिंघानिया, पीडीसी शोभा अग्निहोत्री, पीडीसी शालिनी खन्ना और पूर्व अध्यक्ष ऊषा झुनझुनवाला रहीं। डॉ. रोचना विष्णोई को सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष ने सभी पूर्व प्रेसिडेंटों का सम्मान किया। स्थापना दिवस में 60 सदस्य, क्लब के पदाधिकारी, जेपीसी सीजीआर मौजूद रहीं। उपाध्यक्ष डॉ. रोचना विस्नोई, सचिव रेनू जायसवाल, क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सुशीला सिंघानिया की कार्यक्रम में मौजूदगी पर क्लब ने उनका स्वागत किया।

# किशोरी का अपहरण कर फर्जी दस्तावेज से शादी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिता का जेवर व नकदी भी ले जाने का आरोप, रिपोर्ट

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां इलाके में पिता ने आरोप लगाया है कि एक युवक उनकी 16 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर ले गया और आर्य समाज में उसके साथ धोखाधड़ी कर शादी कर ली। आरोप है, कि उनकी बेटी नकदी और जेवरात भी लेकर चली गई है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अहिरवां निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बेटी चार जुलाई की दोपहर से लापता है। पता चला कि सनिगवां कांशीराम कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। सचेंडी स्थित आर्य समाज मंदिर में फर्जी दस्तावेज लगाकर बेटी के साथ शादी कर ली। बेटी घर से दस हजार रुपये और दो लाख की कीमत के जेवरात भी लेकर गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### कोचिंग जा रही छात्रा से छेड़खानी, विरोध पर पीटा

कानपुर। कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा को बीच रास्ते में रोक कर शोहदे ने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने मोबाइल छीन कर धमकाया। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत करने वह अपनी मां के साथ आरोपी के घर गई, जहां उसके परिजनों ने अभद्रता कर मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी किशोरी ने बताया कि सोमवार शाम वह कोचिंग जा रही थी। तभी मछरिया स्थित पप्पू टेंट हाउस के पास रहने वाले युवक साजिद शाह ने उसे रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसका मोबाइल छीनने लगा।

# सीएसए मेट्रो में गई भूमि के बदले बनाएगा फार्म

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बिधनू में नया फार्म विकसित करेगा। यहां विश्वविद्यालय को नवाबगंज क्षेत्र में स्थापित 15 हेक्टेयर के फार्म के बदले जमीन मिली है। नवाबगंज के फार्म में उन्नतशील बीज तैयार होते थे। लेकिन यह जमीन मेट्रो प्रोजेक्ट में चली गई है। सीएसए के मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि नवाबगंज फार्म के बदले विश्वविद्यालय को बिधनू में हाईवे के निकट 15 हेक्टेयर जमीन मिली है। यह लो-लैंड एरिया है।

यहां फार्म के बीच से नहर निकली है। पहले चरण में बिधनू में कृषि फार्म विकसित कर धान और गेहूं के उन्नतशील उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन होगा, हालांकि संसाधनों की कमी के कारण विश्वविद्यालय के लिए यह काम चुनौती भरा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि **श्रवण कुमार पुत्र श्री मुंशी लाल पाल, निवासी– ग्राम नगरा पर0 भवली तहसील नवल जिला कानपुर नगर** मैने अपनी पुत्री मोनी पाल से उसके चाल–चलन ठीक न होने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। यदि मोनी पाल द्वारा किसी की तरह का नैतिक व अनैतिक कार्य या किसी से लेन देन आदि किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी। मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं. UP 20041138509 में मेरा नाम त्रुटिवश धीरज कुमार दर्ज है। मेरा सही नाम आधार कार्ड अनुसार **धीरज कुमार पाण्डेय पुत्र उमेश चन्द्र पाण्डेय (नि.– प्लाट नं. 12, तकरोही, पो.– अमराई गाँव, इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016)** है। मेरा सही नाम रिकाड्‌र्स में दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती जोहरा पत्नी फारुख, निवासी– ग्राम व परगना खीरों तहसील– लालगंज जनपद रायबरेली,** मेरे चार पुत्र क्रमशः मारूफ, रउफ हारून व शमीम पुत्रगण फारुख है मेरा पुत्र हारून अपनी पत्नी के साथ मिलकर आये दिन मुझे परेशान करता है तथा मेरे साथ मार– पीट किया करता है मैं इन दोनों हारून व उसकी पत्नी के कृत्यों से तंग आ चुकी है इसलिए मैं खूब सोच समझकर हारून व उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज के बाद से हारून वा उसकी पत्नी के किये गये किसी प्रकार के कार्य के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगें, मेरा अथवा अन्य सदस्य का कोई वास्ता सरोकार न होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद अहमद पुत्र मुख्तार अहमद, निवासी– 61/110 हाता ख्वाजा गौहर, हुसैनगंज लखनऊ,** मैं मकान नम्बरी 119/162 के जुजभाग स्थित खन्दारी बाजार, वार्ड जगदीश चन्द्र बोस मार्ग, लखनऊ रकवा 444.68 वर्ग फिट का मालिक हूँ। जिसे मैने जरिये बैनामा 22.5.12 को क्रय किया था। उक्त भूखंड का मूल बैनामा वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सक्षम शुक्ला के स्कूल में उसकी माता का नाम त्रुटि वश सविता शुक्ला हो गया है जो कि गलत है। सक्षम शुक्ला की माता का सही नाम मनोरमा शुक्ला है इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मनीष कुमार शुक्ला पुत्र बिन्देश्वरी प्रसाद शुक्ला निवासी – गायत्रीपुरम, सिविल लाईन परगना, तहसील व जिला–गोण्डा।**

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सदई अपने पुत्र व पुत्रबधू को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि पुत्र व पुत्रवधू के द्वारा कोई अपराधी कृत्य किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे मै और मेरे पूरे परिवार से कोई लेना देना नही है। **भवदीय सदई पुत्र फ़ईयादीन ग्राम जोतिया मौजा बेलाहरी थाना धानेपुर जनपद गोंडा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मौजी लाल (नि.– 538 क /984, श्रीपुरम, त्रिवेणी नगर– III** सीतापुर रोड, लखनऊ) अपने पुत्र अंकित के गलत आचरण के कारण उसे अपनी चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किये किसी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का प्रमाण पत्र / अंक तालिका यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत 2007 का जिसका रोल नंबर 1006960 है जो की रास्ते में कहीं गिर जाने की वजह से वास्तव में खो गई है। **–सतीश कुमार रावत 283/129 भारतपुरी भी तालकटोरा रोड लखनऊ**


**हेल्थ अलर्ट** स्वास्थ्य विभाग की टीमें टीबी, फाइलेरिया, मलेरिया के मरीजों को खोजेंगी

# आज से दस्तक अभियान, बताएं कौन बीमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार से दस्तक अभियान की शुरूआत होगी। अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर सेहत का हाल पूछेंगी और संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देंगी। डायरिया रोको अभियान के तहत ओआरएस व जिंक के बारे में बताया जाएगा।

सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर पता लगाएंगी कि किसी को बुखार, दिमागी बुखार, खांसी, एलर्जी, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, मलेरिया, टीबी जैसी बीमारी तो नहीं है। अभियान में उन बच्चों को चिह्नित किया जाएगा, जिनका वजन तय मानक से कम है। लक्षणयुक्त मरीजों का नाम, पता और मोबाइल नंबर आशा कार्यकर्ता ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। ताकि संबंधित मरीज का इलाज करने के साथ फॉलोअप किया जा सकेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान उन क्षेत्रों और मकानों की सूची बनाई जाएगी, जहां मच्छरों का प्रजनन अधिक है। वहां मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कराया जाएगा। बरसात का मौसम देखते हुए टीमें अपने साथ ओआरएस पैकेट, जिंक टैबलेट और क्लोरीन की गोलियां भी रखेंगी और दस्त से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी।



आशा कार्यकत्रियों को जानकारी देते जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह व सीएमओ डॉ.आलोक रंजन। अमृत विचार

### हाथों की सफाई से डायरिया पर नियंत्रण संभव

दस्तक अभियान में आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संचारी रोग नियंत्रण के लिए हाथों को स्वच्छता पर जोर देंगी। हाथ की गंदगी रोकने से डायरिया की बीमारी 30 फीसदी और बच्चों में संक्रमण 20 फीसदी तक कम किया जा सकता है।

**सुमन-के का होता यह मतलब**

- एस- पहले दोनों हथेलियों को सामने से साबुन लगाकर धोएं।
- यू- हथेलियों को उल्टा कर साफ करें।
- एम- मुट्ठी की सफाई करें।
- ए- अंगूठें की सफाई करें।
- एन- नाखून को रगड़ कर साफ करें।
- के- कलाइयों की सफाई करें।

### मच्छरों के प्रजनन स्रोत नष्ट करने पर रहेगा जोर

जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान जहां कहीं भी कमियां मिलेगी, वहां ब्लॉक स्तरीय अधिकारी डैशबोर्ड के जरिए देखकर उन्हें ठीक कराएंगे। इस दौरान लोगों को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक कर मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# उद्यमी नवीन जैन को नहीं मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे-21 की कोर्ट ने खारिज की अर्जी
- 52 करोड़ की टैक्स चोरी में पकड़े गए हैं

**अमृत विचार।** 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में बुधवार को एडीजे-21 की कोर्ट ने राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवीन जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से टैक्स चोरी का आरोप लगाते हुए मामले की जांच प्रचलित होने का हवाला दिया, जिस पर कोर्ट ने आदेश सुनाया।

के ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन की फतेहपुर, मलवां में राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म है। फजलगंज, सिग्मा हाउस प्लॉट नंबर 17 में उनका कार्यालय है। बीते कुछ समय पूर्व टैक्स चोरी की जानकारी पर डीजीजीआई लखनऊ की टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान टीम ने 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी। डीजीजीआई टीम ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए स्पेशल सीजेएम कोर्ट में पेश किया था, जहां से आरोपी नवीन जैन को 9 जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया गया था।

9 जुलाई को 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की याचिका दाखिल की गई थी, जिसको स्वीकृत किया गया था। अभियोजन अधिवक्ता अंबरीष टंडन ने बताया कि निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद बचाव पक्ष ने एडीजे-21 विनय सिंह की कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। बुधवार को कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## एक नजर

### स्कूल के ताले तोड़कर चोरी

**इटावा।** बसरेहर ब्लाक क्षेत्र में गांव हरनाथ पुर में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर चोरों ने बैट्री का पंखा, माइक स्पीकर, डिनर सेट, टीएलएम बॉक्स, सिलाई मशीन सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया। बुधवार सुबह प्रधानाध्यापक रामनरेश आए तब घटना की जानकारी हुई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

### कोचिंग गया किशोर लापता

**भरथना।** नगर के मोहल्ला आदेश नगर में रहने वाले शिवपूजन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 साल का बेटा घर में कोचिंग जाने की बात कहकर मंगलवार को अपराह्न तीन बजे निकला। बाद में पता चला कि वह कोचिंग पहुंचा ही नहीं। उसकी मां किरन ने बताया कि 500 रुपये लेकर गया था।

### किशोरी को ले गया युवक

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के जमुना बाग पर स्थित एक ईंट-भट्ठे पर छत्तीसगढ़ राज्य से मजदूरी करने आए एक परिवार की 14 वर्षीय किशोरी को गांव निलोई के रहने वाले तारा चंद्र सिंह का पुत्र घनश्याम उर्फ बटकन बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करली है।

# वज्रपात से किसान की मौत, एक झुलसा

## नेवरपुर में खेत में चर रहीं 13 बकरियां भी बिजली गिरने से मरीं, दो मकान क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा



हादसे की जांच करती पुलिस व मौके पर जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार की दोपहर बारिश के बाद कड़की तेज आकाशीय बिजली ने दो लोगों के साथ खेत में चर रही 13 बकरियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक किसान की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। इसके अलावा 13 बकरियों की भी मौत हो गई। बकेवर व भरथना क्षेत्र में दो मकानों पर भी बिजली गिरी जिससे मकान क्षति ग्रस्त हो गए। साथ की बिजली के उपकरण फुंक गए। झुलसे व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



महेंद्र सिंह।

थाना बसरेहर क्षेत्र के गांव खुड़ीसर में रहने वाले महेंद्र सिंह सेंगर उर्फ छोटे बुधवार को अपने खेत पर काम कर रहा था। अचानक आकाशीय बिजली गिर जाने से वह बुरी तरह से झुलस गया। परिवार वालों ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम प्रधान व परिजनों ने बसरेहर थाना प्रभारी समित चौधरी को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने गांव आकर विस्तृत छानबीन की।

दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महेरा चुंगी के पास हुई। जहां समोसा का ठेला लगाए संजीव कुमार पुत्र संजय कुमार के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे वह झुलस कर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना इकदिल थाना क्षेत्र के गावं नेवर पुर में हुई। गांव निवासी कैलाश व शिव कुमार अपनी बकरियां चराने के लिए खेतों पर गए थे। तभी अचानक बरसात के साथ बिजली कडकने लगी। तो दोनों ने अपनी बकरियों को एक पेड़ के नीचे खड़ी कर दी। तभी अचानक बिजली बकरियों के ऊपर गिरी जिससे 13 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई।

**भरथना प्रतिनिधि के अनुसार** बुधवार को पूर्व सभासद रोहित यादव उर्फ टिंकू अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थे। तभी तेज बरसात के साथ बिजली कड़कने लगी। बिजली उनके घर में लगी रेलिंग पर जा गिरी जिससे रेलिंग क्षति ग्रस्त हो गई। बकेवर प्रतिनिधि के अनुसार आकाशीय बिजली गांव चंद्र पुरा में एक मकान पर जा गिरी। जिससे घर में लगे बिजली के उपकरण फुंक गए। उक्त गांव निवासी सोनू यादव ने बताया कि बारिश के दौरान अचानक तेज बिजली तडकी और उनके छत पर लगे एयरटेल के फायवर पर जा गिरी। बिजली गिरने से मकानों में लगे इंवर्टर सहित अन्य उपकरण फुंक गए। इसके अलावा अन्य मकानों पर भी बिजली गिरने का असर पड़ा।

# मूक बधिर बच्चों के आवासीय प्रशिक्षण से रोक हटाए सरकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** समेकित शिक्षा के अंतर्गत संचालित मूक बधिर एवं विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित एक्सीलेरेटेड लर्निंग प्रोग्राम कोरोना काल में बंद कर दिए गए थे। दो साल बीत जाने के बाद भी दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण के कार्यक्रम शुरू नहीं किए गए हैं। समाजवादी पार्टी युवजन सभा ने इस मामले को उठाते हुए कचहरी में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।



ज्ञापन देते सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव। अमृत विचार

- सपा युवजन सभा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आदित्य गोविंद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मूक बधिर और दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित थे। जिसमें विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे शिक्षा ग्रहण करते थे। कोरोना कल के दौरान विद्यालय बंद कर दिए गए थे और मूक बधिर बच्चों को प्राइमरी विद्यालय में शिक्षा दी जा रही है जो कि उचित नहीं है। ऐसे बच्चे सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकते हैं।

ज्ञापन में पूर्व की भांति विशेष पाठ्यक्रम संचालित करने एवं बिजली की अघोषित कटौती बंद की करते हुए चेकिंग के नाम पर हो रही लूट को बंद करने तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर देने की मांग की गई।

इस अवसर पर आदित्य गोविंद यादव, योगेश यादव, अवनीश शर्मा, आधार यादव, अतुल मिश्रा, अरविंद यादव, आशीन अली, नागेंद्र यादव, विवेक कुशवाह, शैलेंद्र यादव, गोलू, रोहित श्रीवास्तव, विवेक यादव, मयंक भदौरिया, पुष्पेंद्र गोयल, अनिल कठेरिया, धर्मेंद्र, मुकेश, अंशुल किशन आदि मौजूद रहे।

# बंद मिला बायोगैस प्लांट, सीडीओ खफा

संवाददाता महेवा, इटावा

- स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र व अमृत सरोवर का किया निरीक्षण
- बोले-कूड़ा फैलाने वाले परिवारों से वसूला जाए जुर्माना

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी ने महेवा क्षेत्र में विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला में संचालित बायोगैस प्लांट संचालित न होने पर वहां मौजूद ग्राम पंचायत सचिव से कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि खराब यंत्र को ठीक कराकर चालू कराएं और इसकी सूचना भी दें। उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा अस्पतालों के आसपास सफाई रखने और कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने के लिए भी कहा।



महेवा में विकास कार्यों का निरीक्षण करते सीडीओ अजय कुमार गौतम।

मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने ग्राम पंचायत सराय जलाल में संचालित प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां परिसर में जलभराव को दूर करने एवं साफ़-सफ़ाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बिजौली में संचालित कंपोजिट विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर देखा। विद्यालय के परिसर में जलभराव की समस्या थी।

सीडीओ ने ग्राम पंचायत उझियानी के नगला चंदी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में पौधारोपण किया। ग्राम पंचायत अहेरीपुर में संचालित आरआरसी सेंटर, गौशाला और अमृत सरोवर का निरीक्षण किया।

अधिक से अधिक परिवारों से कूड़ा एकत्र करने एवं कूड़ा फैलाने वाले परिवारों से स्वच्छता जुर्माना वसूलने के कड़े निर्देश दिए गए। गौशाला में संचालित बायो गैस प्लांट का निरीक्षण किया। बायोगैस प्लांट संचालित न होने पर उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव पर आक्रोश व्यक्त करते हुए खराब यंत्र को ठीक कराकर शीघ्र संचालन कराते हुए अवगत कराने हेतु निर्देशि किया गया।

निरीक्षण के समय डीपीआरओ बनवारी सिंह, प्रभारी बीडीओ सूरज सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार साथ रहे।

## पहले पत्नी अब पति ने जहर खाकर दी जान


**इटावा।** दो दिन पहले गृहकलह के चलते पत्नी ने जहर खाकर जान गंवा दी। उसके मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया। इससे तनावग्रस्त होकर पति ने भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान दे दी।

कानपुर देहात क्षेत्र में रूरा थाना क्षेत्र में गांव नगला विजयी निवासी रंजीत कुमार के बेटे रवि (23) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में भरथना चौराहा के पास बुधवार सुबह सवा छह बजे हालत बिगड़ने पर उसके मित्रों सुमित व अमित ने जिला अस्पताल भर्ती कराया। वहां से सैफई रेफर कर दिया, जहां उसने गेट तक पहुंचते ही दम तोड़ दिया। उसके दोस्तों ने बताया कि रवि के भाई ने ट्रैक्टर बेचकर रकम हड़प ली। दो दिन पहले रवि की पत्नी का जेठ-जेठानी से झगड़ा हुआ जिससे गुस्से में आकर रवि की पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी। मृतका के मायके वालों ने रवि व उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया। बताया जाता है कि इसी परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली।

# विकास के नाम पर हुई धांधली की हो जांच : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपाइयों को देश का सबसे बड़ा भू माफिया करार देते हुए कहा है कि पवित्र राम मंदिर के निर्माण स्थल अयोध्या में भाजपाइयों ने बड़े पैमाने पर बेशकीमती जमीन अपने नाम करवा ली है। गृह जिले इटावा में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने सिविल लाइन स्थित आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े हुए लोग विपक्ष को भू माफिया बताते हैं जबकि असल भू माफिया भाजपा के लोग हैं,जिन्होंने अयोध्या की ही बेसकीमती जमीन को नहीं बक्सा है।



निजी कार्यक्रम में शिरकत करते प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं सांसद डिंपल यादव। अमृत विचार

- पूर्व मुख्यमंत्री निजी कार्यक्रम में हुए शामिल, भाजपा सरकार को बताया फेल

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले सात सालों से सर्किल रेट न बढ़ाना, स्थानीय लोगों के ख़िलाफ़ एक आर्थिक षड्यंत्र है। इसकी वजह से अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं। हम अयोध्या में तथाकथित विकास के नाम पर हुई 'धांधली' और भूमि सौदों की गहन जांच और समीक्षा की मांग करते हैं। महंगाई के मुद्दे पर यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के मजाकिया अंदाज पर तंज कसते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री महंगाई के मुद्दे पर आम जनमानस का मजाक तो उड़ा ही रहे हैं, साथ ही खिलखिलाकर हंसते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि हाथरस हादसा सीधे-सीधे उत्तर प्रदेश सरकार की विफलता का बड़ा कारण है। अधिकारियों के खिलाफ जरूर कार्रवाई अमल में ला दी गई है लेकिन कार्यक्रम की अनुमति के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था और अन्य इंतेजामत क्यों नहीं किए गए। एसआईटी जांच में बेशक अधिकारियों को दोषी पाया जा चुका है लेकिन अभी न्यायिक जांच का भी नतीजा सामने आना बाकी है।

सपा प्रमुख कहा कि सरकार के लोग झूठ से सरकार चलाना चाहते हैं, जमीनी हकीकत से दूर हैं, महंगाई बढ़ी है इसके जिम्मेदार खुद हैं। मुख्यमंत्री योगी के बयान सपा सरकार में चाचा-भतीजे नौकरी के नाम पर लूट मचाने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि हर नौकरी में इन लोगों ने घोटाला किया है। आरएसएस की किताब में जनसंख्या वृद्धि से जुड़े सवाल पर यादव ने कहा कि वह किताब हमें दे देना हम जला देंगे। यादव ने कहा कि मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

# सहयोगात्मक नजरिया अपनाएं बैंक : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत बैंक शाखा प्रबंधकों की सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। इसकी शुरुआत करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने कहा कि बैंकर्स से गरीब महिलाओं के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही।

परियोजना निदेशक व डीसी एनआरएलएम शरद कुमार ने एनपीए को कम करने, समूहों तथा उनकी सामुदायिक संस्थाओं को सहयोग की अपेक्षा की। कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2024-25 का रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा जारी मास्टर सर्कुलर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन की बैंक से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद के नेशनल रिसोर्स पर्सन दिलीप कुमार एवं विद्युत कुमार वासू के द्वारा प्रतिभागियों को सीबीआरएम, कॉरपस मनी, बचत खाता एवं लोन खाता खुलवाने, सीसीएल डॉक्यूमेंटेशन, केवाईसी आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, डॉ. नंदकिशोर, सूर्य नारायण पांडेय, विप्लोव भूषण, दीपेंद्र सिंह तोमर, संतोष कुशवाहा मौजूद रहे।

## गोवंश के संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**जसवंतनगर।** छुट्टा गोवंश के विचरण और गौशालाओं में उनके संरक्षण की स्थिति को जानने के लिए उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने बुधवार को जैनपुर नागर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। गौशाला में 177 गोवंश पाए गए। व्यवस्थाएं ठीक मिली किंतु कच्चे खड़ंजे और कीचड़ को देख कर सख्त नाराजगी जताई।

एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने वीडीओ श्वेता गर्ग को निर्देशित किया कि क्षेत्र की सभी गौशालाओं के कच्चे खडंजों के साथ ही कच्चे निर्माण को पक्के निर्माण में तब्दील किया जाए। ग्राम प्रधानों और सचिव द्वारा उनके क्षेत्र में आवारा घूम रहे गोवंश को गौशालाओ में संरक्षित किया जाए। कहा कि गोवंश के संरक्षण में यदि कहीं कोई कोताई बरती गई तो उस क्षेत्र के संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हादसों में युवक की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। युवक के शव को परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम कराए अपने साथ ले गए।




- घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती, पोस्टमार्टम कराए बिना शव ले गए परिजन

पहली घटना इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर गांव बिरारी के सामने हुई जहां तेज रफ्तार बाइक अचानक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार एक युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि युवती को उपचार के लिए भर्ती कर लिया।

औरैया जिले के गांव मुढी पन्हर निवासी बेटू (18) पुत्र धीरज अपनी बाइक से रिश्तेदार निशा के साथ रम्पुरा जाने के लिए निकला था। जब उसकी बाइक हाईवे पर गांव बिरारी के सामने पहुंची तभी अचानक उसकी बाइक अनयंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बेटू व निशा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने बेटू को मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना क्षेत्र के गांव उधन्नपुरा के पास हुई जहां बाइकों की आमने सामने की भिडंत में एक युवक घायल हो गया। गांव उधन्नपुरा निवासी राहुल पुत्र अशोक अपनी बाइक से जा रहा था बंबा की पटरी पर सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक भिड गई जिससे राहुल घायल हो गया। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### छत से गिरकर अधेड़ की गई जान

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव चंदरपुरा में बुधवार को एक अधेड़ अचानक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।

# छात्रा की हत्या के आरोपी पर रासुका की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- उच्चाधिकारियों की संतुति पर जिला मजिस्ट्रेट ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** सैफई कॉलेज से एएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा की हत्या कर उसके शव को फेंक देने के आरोपी पर पुलिस ने रासुका की कार्रवाई की है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि 14 मार्च को शोभा मिश्रा पत्नी अनिल कुमार निवासी होली मोहल्ला, कस्बा व थाना कुदरकोट औरैया की बेटी प्रिया जोकि सैफई कॉलेज से एएनएम प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी, की महेन्द्र बाथम ने अपने भाई के साथ मिलकर हत्या कर शव को मदरडेरी प्लांट के पास सड़क किनारे फेंक दिया। थाना वैदपुरा में ममाला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने महेंद्र बाथम व रामप्रकाश पुत्र बालेश्वर निवासी होली मोहल्ला थाना कुदरकोट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।अभियुक्त महेन्द्र बाथम ने योजना बनाकर अपनी ईको गाड़ी से सह अभियुक्त अरविन्द बाथम के साथ जनपद इटावा के सैफई मेडिकल कॉलेज जाकर प्रिया मिश्रा को फुसलाकर ले गया और उसकी हत्या कर शव को मदर डेयरी के पास फेंक दिया था।

घटना की संवेदनशीलता व अभियुक्त द्वारा कारित घटना से समाज मे फैले भय, आतंक व लोक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए थानाध्यक्ष वैदपुरा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं उच्चाधिकारीगण की संस्तुति के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट ने उस पर रासुका की कार्रवाई करने का आदेश दिया।

**आक्रोश** कचहरी में प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# मांगों को लेकर आशा और रसोइयों ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** 26 हजार रुपये वेतन तथा अन्य मांगों को लेकर आशा और रसोइयों ने बुधवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। धरना-प्रदर्शन के दौरान आशा रसोइया यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमर सिंह शाक्य ने कहा कि आशा संगिनी, रसोइया, यूपीएमएसआरआई कार्यकर्ता परेशान हैं। उनका मानदेय नहीं बढ़ाया जा रहा है। ।




मांगों को लेकर कचहरी में प्रदर्शन करतीं आशा, रसोइया। अमृत विचार

आशा संगिनी यूनियन की जिला मंत्री संगीता ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। किसान सभा के जिला मंत्री संतोष शाक्य, यूपीएमएसआरआई के प्रदेश नेता जॉय मुखर्जी, किसान सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, रसोईया यूनियन की जिला मंत्री अनीता पोरवाल, उमा देवी, जय श्री, आशा यूनियन की रजनी, सुनील भदोरिया,विजय देवी, उषा देवी ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता शकुंतला देवी और संचालन सुमित्रा ने किया। इन कर्मचारियों का कहना है कि अगले बजट सत्र में बजट बढ़ाकर सभी स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाए, 26000 वेतन प्रति माह दिया जाए, सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना बीमा, फंड, बोनस, ग्रेचयुटी, श्रम कानून को लागू किया जाए। इसके साथ ही निजीकरण और ठेका प्रथा पर रोक लगाने, रसोइयों को नवीनीकरण के नाम पर हटाने पर रोक लगाने तथा हटाई गई रसोइयों को वापस काम पर लेने आदि मांगे शामिल हैं।

## नवोदय विद्यालय में चयन पर छात्रा जागृति को किया सम्मानित

**जसवंतनगर।** ब्राइटेंड एजुकेशनल एकेडमी की छात्रा जागृति का नवोदय विद्यालय में चयन हो गया है। भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्रनाथ पुरवार ने छात्रा जागृति पुत्री सौदान सिंह को फूल माला पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य संघप्रिय गौतम ने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश के लिए द्वितीय सूची में चयन हुआ है। विद्यालय के अध्यक्ष रामधन धनगर, संस्था प्रभारी सुरेंद्र धनगर, शैलेंद्र दुबे, अनुभव यादव, आशा, लवली यादव, आकांक्षा यादव, दीप्ति शर्मा, संगीता चौरसिया, प्रिया चौहान, प्रहलाद सिंह, प्रिंस पाल ने छात्रा को बधाई दी।



छात्रा जागृति का अभिनंदन करते डॉ. पुष्पेंद्र नाथ पुरवार।

# 49 नव चयनित लेखपालों को दिए गए नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री द्वारा नव चयनित लेखपालों के नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर 49 नव चयनित लेखपालों को नियुक्त पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सभी लेखपालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




नियुक्ति पत्र सौंपतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया और जिलाधिकारी अवनीश राय।

सभागार में उपस्थित सभी नवनियुक्त लेखपालों ने मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि आपको सरकारी सेवा करने का अवसर मिला है आप तन मन से मेहनत करें। राजस्व विभाग के कार्य को ईमानदारी से करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव,उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, सभी तहसीलदार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बच्ची की गई जान

**ककोर।** बीती रात ओमनी चालक ने 9 वर्षीय ब्यूटी पुत्री मनोज कुमार एवं लक्ष्मी पुत्री सुरेश बाबू उसरारी को टक्कर मार दी। ब्यूटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घर वाले जिला अस्पताल चिचोली ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों लड़कियां सीतावाटिका पेट्रोल पंप के सामने ककोर निमंत्रण में आईं थीं। जहां ओमनी कार वाहन संख्या up 79 N5023 के चालक मनोज कुमार पुत्र राम बिहारी ग्राम पंहर, थाना औरैया की गाड़ी से टक्कर लग गई। वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


ब्यूटी।

### बिजली गिरने से गाय एवं पड़िया की मौत

**एरवाकटरा, औरैया।** बुधवार दोपहर अपरान्ह तीन बजे कस्बा ऐरवा कटरा में 45 मिनट जमकर बारिश हुई। कस्बा के छिबरामऊ मार्ग पर स्थित दादाजी किसान सेवा केंद्र के पास आकाशीय बिजली शीशम के पेड़ पर गिरी। पेड़ के नीचे बैठे अच्छी नस्ल की केशव यादव की गाय एवं अच्छी नस्ल की राजू यादव भैंस की बिजली गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पीड़ितों ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

### बिजली गिरने से भैंस मरी

**औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के सराय टड़वा गांव निवासी फूलसिंह, बुधवार की दोपहर पास ही स्थित नहर की पटरी पर भैंस चरा रहा थे। तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर भैस ने दम तोड़ दिया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. उमेश बाबू ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आकाशीय बिजली गिरने से मौत होने की पुष्टि हुई है। तहसीलदार जीतेश वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर विधिक सहायता दिलवाई जाएगी।

### गाली-गलौज करने में रिपोर्ट

**अछल्दा।** अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम नौनिकपुर निवासी रवि कुमार पुत्र स्व. मुनीम सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया 6 जुलाई को सुबह 8:30 बजे प्रार्थी के घर पर पंकज पुत्र रमेशचंद्र निवासी मिश्रीपुर तथा संजू पुत्र रामप्रकाश आये और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने मारपीट कर दी। थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### ससुरालियों पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंजू पत्नी संजू राजपूत निवासी पुठिया मौजा घसारा, थाना अछल्दा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे करीब वह घर पर थी तभी उसका पति संजू पुत्र स्व. रामसेवक व जिठानी सुनीता देवी पत्नी बृजकिशोर, चचिया ससुर रामदास, सास माया देवी पत्नी रामसेवक प्रार्थिनी को गाली-गलौज करने लगे। मना किया तो प्रार्थिनी को लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की।

### चौपाल लगाकर ग्रामीणों को बताएं शासकीय योजनाएं

**औरैया।** मंत्री मत्स्य विभाग उप्र, डॉ. संजय कुमार निषाद ने जनपद भ्रमण के दौरान नदियों के किनारे के गांवों में ग्रामवासियों को शासकीय योजनाओं से अवगत कराने एवं योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित कराने हेतु चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए थे। सीडीओ आरएस गौतम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 11 जुलाई को पूर्वाह्न 12:00 बजे ग्राम सिकरोड़ी में यज्ञ स्थल पर आयोजित होने वाली चौपाल में पहुंचकर अपने-अपने विभाग की योंजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कराएं।

# राजस्व कार्यों में आएगी तेजी, जिले को मिले 54 लेखपाल

## अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दिए गए नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया


नियुक्तिपत्र देते एडीएम व भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के 7720 लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में देखा व सुना गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महेंद्र पाल सिंह, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अनुराग एवं जनप्रतिनिधियों ने जनपद के 54 नवचयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आप लोग अभी तक अपने लिए सेवा की है लेकिन अब आप लोगों को दूसरे की भी सेवा करन है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महेंद्र पाल सिंह ने सभी नवचयनित लेखपालों को बधाई देते हुए कहा कि जनपद में लेखपालों की कमी से राजस्व कार्यों में बाधा आ रही थी जिससे कि कार्यों में प्रगति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आप लोग जितना अच्छी तरह से टेक्निकल कार्य समझेंगे उतना ही सफल होंगे एवं जमीन की समस्याओं का निस्तारण कराएंगे।

उन्होंने कहा कि कोई लेखपाल गलत कर देता है उससे दूसरों का कार्य खराब होता है जिससे गांव में वैमनस्य होता है। आप लोगों का फील्ड में महत्वपूर्ण रोल होता है। विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र तहसील स्तर से दिए जाते हैं जिसमें लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप लोग फील्ड में रहेंगे तो बहुत से लोग लालच देंगे लेकिन अपने पथ से न हटें और आगे कार्य करते रहें। फील्ड में समाज व लोगों की मदद करें। कहा कि आप लोग की रिपोर्ट कमीश्नरी, हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक जाती है। इसलिए पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल रामअवतार, उप जिलाधिकारी बिधूना हरिश्चंद्र, जनप्रतिनिधि सहित नवचयनित लेखपाल उपस्थित रहे।

# लेखपाल दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे, तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

संवाददाता बिधूना, औरैया


मांगों को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन करते लेखपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लेखपालों के साथ आए दिन अभद्रता किए जाने एवं लेखपालों की अन्य कई समस्यायों को लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व लेखपाल संघ औरैया के लेखपाल बुधवार को दूसरे दिन भी कार्य से विरत रहे। उन्होंने तहसील में प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष योगेश शाक्य ने कहा कि लेखपालों की समस्याओं के संबंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया था। इसके बावजूद अभी तक कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई। ग्राम निरंजनपुर लेखपाल चन्द्र कुमार के साथ हुई अभद्रता के बाद दिबियापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई जबकि एक सप्ताह बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री योजना में लेखपाल सत्यापन के अलावा योजना से संबंधित कोई अन्य कार्य नहीं करेंगे।

- नलकूपों की गणना का काम दिए जाने पर जताई नाराजगी

उन्होंने नलकूपों की गणना का कार्य लेखपालों को सौंपे जाने को लेकर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि जब नलकूप विभाग के कर्मचारी मौजूद हैं तो यह कार्य भी लेखपालों को सौंपा जाना सरासर ग़लत है। जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

जिला महामंत्री पतंजलि दुबे, तहसील महामंत्री रविकांत दीक्षित, प्रतिमा लक्ष्मी जादौन पूर्व महामंत्री, अवनीश कुमार, धर्मेन्द्र , प्रदीप जादौन, चंद्र प्रकाश शाक्य ,प्रियंका, तरुणराज सिंह राजावत, धीरेन्द्र, अवनींद्र यादव ,दीपक यादव, सचिन यादव आदि मौजूद थे।

# बागवानी के लिए दिया जा रहा अनुदान

**ककोर, औरैया।** जिले के सभी किसान भाइयों को बागवानी, शाकभाजी क्षेत्र के विस्तार और मसाला क्षेत्र में उद्यान विभाग ने अनुदान देने की बात कही है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करना है। आम के लिए दो हेक्टेयर, अमरूद के लिए 10 हेक्टेयर, किन्नू के लिए 18 हेक्टेयर, पपीता के लिए 2 हेक्टेयर की भूमि में पौधे लगाने पर 50 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा। अनुदान 2 और 4 हेक्टेयर पर मिल रहा है।

इस संबंध में जिला उद्यान अधिकारी अनूप कुमार ने बताया किसान भाइयों के लिए शाकभाजी क्षेत्र विस्तार में शिमला मिर्च 5 हेक्टेयर, टमाटर 30 हेक्टेयर, बंद गोभी को 25 हेक्टेयर, फूलगोभी 20 हेक्टेयर कुकर बिट लौकी तुरई करेला के लिए 40 हेक्टेयर में उगाने पर 40% का अनुदान दिया जा रहा है। इच्छुक किसान ऑनलाइन आवेदन कराकर आधार, खतौनी, एक फोटो लगाकर जिला उद्यान अधिकारी को विकास भवन ककोर में जमा कर सकते हैं।

# नेविलगंज में 15 दिन बाद भी नहीं लगा ट्रांसफार्मर


बाहरपुरा रोड पर रखा ट्रॉली ट्रांसफार्मर।

**अछल्दा।** कस्बा के बहारपुरा रोड स्थित नेविलगंज तिराहे पर रखा ट्रांसफार्मर 15 दिन पहले खराब हो गया था। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर वैकल्पिक व्यवस्था कर नेविलगंज की लाइट चालू करा दी। अब 15 दिन बीत गए लेकिन नेविलगंज में खराब पड़े ट्रांसफार्मर की सुध नहीं ली जा रही है। उपभोक्ताओं ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

**हरीगंज का ट्रांसफार्मर फूंका, वैकल्पिक व्यवस्था नहीं :** कस्बा हरीगंज बाजार का बुधवार रात्रि 2 बजे ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिससे सुबह -सुबह पानी की दिक्कत हुई और लोगों के इनवर्टर भी डाउन हो गए। जिससे उपभोक्ता को उमस भरी गर्मी में दिन बिताना पड़ा। अगर कस्बे के नेविलगंज में ट्रांसफार्मर लग जाता तो हरिगंज में वैकल्पिक व्यवस्था से कस्बे के उपभोक्ताओं को बिजली मिल जाती।

जेई मोहित रस्तोगी ने बताया कि बिधूना में ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। ट्रांसपोर्ट के द्वारा अछल्दा आएगा। यदि ट्रांसपोर्ट नहीं होगा तो नही आएगा। वही एसडीओ इंचार्ज रघुनाथ तित्तल ने बताया कि पूरे प्रयास किये जा रहे है कि हरीगंज बाजार का ट्रांसफार्मर रख कर रात तक सप्लाई चालू करा दी जाए।

# ऑनलाइन हाजिरी: शिक्षकों का विरोध जारी

कार्य्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग ने शिक्षकों व कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के निर्धारित समय सुबह 7:45 से आठ बजे तक में राहत दी थी। वहीं डिजिटल उपस्थिति पंजिका पर 30 मिनट का अतिरिक्त समय यानी 8:30 बजे (कारण सहित उल्लिखित करते हुए) तक दिया। इसके बाद भी शिक्षक इसका विरोध कर रहे हैं। यही कारण रहा की पहले दिन महज 118 शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी दी थी।शिक्षकों का विरोध बुधवार को भी जारी रहा।

जिले में 1261 परिषदीय स्कूलों में 5800 शिक्षकों की तैनाती है। शासन स्तर से जारी निर्देश के तहत सोमवार को जिले के महज एक फीसदी 118 शिक्षकों ने डिजिटल उपस्थिति पंजिका के माध्यम से की। प्रेरणा पोर्टल पर इसका रिकार्ड भी चढ़ा। कहीं न कहीं ये चंद शिक्षक शासन के मंशा के अनुरूप खड़े नजर आए। बेसिक शिक्षा विभाग में महज एक फीसदी शिक्षकों ने 99 फीसदी किनारा करने वाले शिक्षकों को सवालों के घेरे में डाल दिया है।

बता दें कि शिक्षकों की उपस्थिति का यह पारदर्शी माध्यम बेहतर व्यवस्थाओं व मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए किया गया है। सूत्र बताते हैं कि इस व्यवस्था में स्कूल न जाने वाले शिक्षकों की पोल खुल जाया करेगी। वहीं निरीक्षणों में बड़ी लापरवाही पकड़ी जाएगी। इसे लेकर सोमवार को दिखाए गए सांकेतिक विरोध में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारी महज यहां पर ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था को लागू करने के लिए प्रयास करने की बात कह रहे हैं। शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षकों को मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए विभागीय पहल पर सभी निगाहें टिकी हैं। वहीं 22 जुलाई से लगातार महानिदेशक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन के लिए धरना प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी है।

### काली पट्टी बांधकर पहुंचे स्कूल

**औरैया।** मंगलवार को शिक्षक हाथों में काली पट्टी बांधकर स्कूल पहुंचे। पूरे दिन विरोध जताते हुए कार्य किया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय नेताओं के आवाहन पर जिले के पदाधिकारियों ने 18 सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि आठ जुलाई से 14 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए शिक्षक शिक्षण कार्य करेंगे। 15 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय ककोर में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा और 18 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन भी दिया जाएगा। फिर भी यदि मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो 22 जुलाई से लगातार महानिदेशक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन के लिए धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। बीएसए कार्यकारी प्रभारी दाताराम ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप आनलाइन हाजिरी व्यवस्था को जनपद में लागू किया जाएगा। यह शुरुआती दौर है। धीरे-धीरे यह क्रम सुधार की ओर बढ़ेगा।

## सार-संक्षेप


रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने रक्षामंत्री का जन्मदिन मनाया

**औरैया।** बुधवार को औरैया नगर स्थित भाजपा नेता अवधेश भदौरिया के आवास पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन केक काटकर मनाया और उनके दीर्घायु जीवन की ईश्वर से कामना की। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. रामशंकर कठेरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवनप्रकाश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।



कुर्सियां भेंट करने के बाद जायंट्स ग्रुप की सहेलियां। अमृत विचार

### जायंट्स ग्रुप ऑफ सहेली ने स्कूल को 70 कुर्सियां दीं

**ककोर।** जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली की अध्यक्ष संध्या अवस्थी की ओर से बुधवार को इंदिरा गांधी उमा विद्यालय दिबियापुर में बच्चों के बैठने के लिए 70 कुर्सियां भेट की गईं। जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली ने सभी बच्चों को बिस्किट नमकीन वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल प्रबंधक डॉ. राम चंद्र दीक्षित एवं प्राचार्य अशोक कुमार और सभी स्कूल टीचर स्टाफ का सहयोग रहा। जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली की कोर्डिनेटर पूनम पोरवाल, फेडरेशन ऑफीसर रेनू सिंह, यूनिट डायरेक्टर प्रीती पोरवाल, डीओए सपना गुप्ता, डीओएफ रोली गुप्ता, अर्चना पोरवाल, सुधा भारती, राधा वर्मा, ज्योति त्रिपाठी मौजूद रहे।



एसडीएम सुधीर तिवारी को ज्ञापन देते बसपाई। अमृत विचार

### बसपा नेता की हत्या पर जिला मुख्यालय में जताया आक्रोश

**ककोर, औरैया।** जिला मुख्यालय पर बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल गौतम ने पार्टी नेता की हत्या के विरोध में अपने समर्थकों के साथ एक ज्ञापन एसडीएम सुधीर तिवारी को दिया। इसमें बहुजन समाज पार्टी के तमिलनाडु में प्रदेश अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग एडवोकेट की आवास के बाहर अज्ञात लोगों द्वारा हत्या करने की निंदा की गई। ज्ञापन में सरकार से मांग की गई है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए फांसी दी जाए। अन्यथा पूरे प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी सड़कों पर उतरने को मजबूत हो जाएगी। बहुजन समाज के लोगों अत्याचार अन्याय भ्रष्टाचार बलात्कार जैसी घटनाएं पर लगाम लगाई जाए। जिससे भविष्य में ऐसी घटना न हो और इसकी सीबीआई जांच कराई जाए। ज्ञापन देने के समय तीन दर्जन से अधिक लोग मौजूद थे।

### डीआईओएस ने समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा


डीआईओएस से भेंट करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**बिधूना, औरैया।** जिला विद्यालय निरीक्षक के स्थानांतरण के बाद नवनियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजेश कुमार से बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष अखिलेश दीक्षित, महामंत्री पंकज सिंह, उपाध्यक्ष कौशल किशोर राजपूत के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट कर संगठन की समस्याओं से अवगत कराया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने पदाधिकारियों को सभी समस्यायों का यथासंभव निराकरण कराये जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सभी कार्यों को प्रमुखता के साथ निपटाया जाएगा। एसीपी एवं एनपीएस के संबंध में जल्द ही निर्णय लिए जाने की बात कही। जिलाध्यक्ष अखिलेश दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल दुबे, जिला उपाध्यक्ष कौशल किशोर एवं जिला महामंत्री पंकज भदौरिया, मनोज कुमार सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 24 तक मनेगा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बैठक को संबोधित करते सीडीओ, सीएमओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक की। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। इसके तहत उत्तर प्रदेश की प्रजनन दर (टीएफआर) 2.4 को घटाकर राष्ट्रीय लक्ष्य 2.1 प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम है-विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दंपति की शान। सेवा प्रयदायगी पखवाड़ा दिनांक (11 से 24 जुलाई) के दौरान महिला एवं पुरुष नसबंदी आदि की सेवाएं प्रदान की जाएगी। सीडीओ ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अभियान का प्रचार-प्रसार करें।

बैठक में अपर चिकित्साधिकारी डॉ. शिशिर पुरी, जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम, जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र सिंह, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सहित सभी संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों का पंजीयन 21 से 26 जुलाई तक

कार्य्यालय संवाददाता, औरैया

- सरकार की योजनाओं का लाभ देने की कवायद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशों पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की महत्वपूर्ण योजना कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के अंतर्गत शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन करने के साथ ही दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन, यूडीआईडी कार्ड संबंधी जानकारी कराए जाने हेतु प्रसार प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। दिव्यांगजन अपने पास उपलब्ध प्रमाण पत्रों यथा दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र( गरीबी रेखा से नीचे ), निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, दो दिव्यागता फोटो एवं मोबाइल नंबर आदि के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण विकास खंडवार प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक कराएंगे। 19 जुलाई को विकासखंड औरैया, 20 जुलाई को विकासखंड अजीतमल, 22 जुलाई को विकासखंड भाग्यनगर, 23 जुलाई को विकासखंड बिधूना, 24 जुलाई को विकासखंड एरवाकटरा, 25 जुलाई को विकासखंड अछल्दा एवं 26 जुलाई को विकासखंड सहार में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**मतदाता अभिनंदन सम्मेलन** | पूर्व सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने औरैया और दिबियापुर के कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह

# विपक्ष के फैलाए भ्रम में न आएं, पूर्व की भांति होते रहेंगे सभी काम

कार्यालय संवाददाता, औरैया


दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत कराते पूर्व केंद्रीय मंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा द्वारा बुधवार को औरैया विधानसभा का सदर ब्लाक के सभागार में तथा दिबियापुर विधानसभा का नारायणी मंडपम में मुख्य अतिथि क्रेंद्र सरकार के पूर्व राज्यमंत्री डॉ. रामशंकर कठेरिया की उपस्थिति में मतदाता अभिनंदन सम्मेलन संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने की। औरैया में संचालन जिला उपाध्यक्ष अमरचंद राठौर तथा दिबियापुर में जिला महामंत्री कौशल राजपूत ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. रामशंकर कठेरिया ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का लोकसभा चुनाव में कड़ी मेहनत के साथ जुड़ने के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि हमारी पार्टी हमेशा चाहे हारे या जीते फिर भी मतदाता अभिनंदन सम्मेलन करती है। उन्होंने कहा कि विपक्षियों द्वारा चुनाव में भ्रम फैलाया गया था कि यदि भाजपा लोकसभा में 405 सीट पार कर लेगी तो वह संविधान बदल देगी और आरक्षण भी खत्म कर देगी। जबकि ऐसा कभी संभव नहीं हो सकता। संविधान में तो संशोधन होते ही रहते हैं। देश की आजादी के बाद प्रधानमंत्री नेहरू जी ने भी 100 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन किए थे।

उन्होंने कहा किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। सभी के कार्य हमेशा की तरह ही होते रहेंगे। पेपर लीक, अग्निवीर जैसी योजनाओं पर भी विपक्षियों ने मनगढ़ंत व्याख्यान देकर मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया था। जिसका भाजपा ने माकूल जबाब भी दिया था। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि उसकी 99 सीटें लोकसभा क्या मिलीं तो वह आज फूले नहीं समा रहे हैं। जबकि बहुमत के लिए तो बहुत बड़ा आंकड़ा चाहिए होता है। उत्तर प्रदेश में हमको सीटें कम जरूर मिलीं हैं। जिस पर हम लोग गंभीरता से मंथन और समीक्षाएं कर रहे हैं। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में हम जरूर कामयाब होंगे।

विशिष्ट अतिथि कानपुर बुंदेलखंड उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव का उत्तर प्रदेश में हमारे अनुकूल परिणाम नहीं आया। फिर भी हमारा वोट प्रतिशत 42% तक रहा जोकि पिछले चुनाव से कहीं ज्यादा ही है। कार्यकर्ताओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। सभी लोग पूर्ण मनोयोग से अपने-अपने बूथ पर जी- जान से जुटे रहें। जिससे 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी का पुनः परचम फहरा सके। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने भी मतदाताओं का आभार जताया।

सम्मेलन में औरैया नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अनूप गुप्ता, अजीतमल ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडे, भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू सेंगर, जिला पंचायत सदस्य सोनू सिंगर, ब्लॉक प्रमुख अछल्दा शरद राणा, आसाराम राजपूत, गोपीचंद वर्मा, अखिलेश चक, दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रवि त्यागी, जिला महामंत्री कुलदीप दुबे, जिला मंत्री राहुल गुप्ता, दिनेश मिश्रा, ओरैया मंडल अध्यक्ष राम जी वाजपेई, मंडल अध्यक्ष दिबियापुर जगमोहन सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरीश चंद्र, जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांति मिश्रा, मंजू सिंह, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, जिला महामंत्री शिव सिंह, अवधेश सिंह, मनमोहन सिंह, सौरव राजपूत के अलावा सैकड़ा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जच्चा-बच्चा की मौत, सड़क पर शव रख कर हंगामा

## परिजनों ने माधौगढ़ के निजी अस्पताल संचालक पर लगाए लापरवाही बरतने के आरोप, पुलिस ने रास्ता खुलवाया

संवाददाता, माधौगढ़ जालौन

**अमृत विचार।** प्रसव के दौरान नवजात तथा बाद में प्रसूता की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाकर शव अस्पताल के पास सड़क पर रखकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मौके पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार


महिला की मौत के बाद हंगामा करते परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के चितौरा गांव निवासी विक्रम सिंह ने अपनी 28 वर्षीय पत्नी उषा देवी को प्रसव के लिए 5 जुलाई को माधौगढ़ के निजी अस्पताल बालाजी में भर्ती कराया था। यहां उसी दिन प्रसव हुआ, जिसमें बच्चा मृत निकाला गया। इसके बाद महिला की हालात में सुधार नहीं होने पर निजी अस्पताल की महिला चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया, परिजनों ने महिला को उरई के एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया, जहां महिला की हालत में सुधार न होने पर झांसी मेडिकल कालेज के लिए 9 जुलाई को रेफर किया गया। यहां इलाज दौरान बुधवार की रात महिला की मृत्यु हो गई।

परिजन महिला का शव माधौगढ़ ले आए और शव को बीच सड़क में रखकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि शुरुआती समय ही महिला को सही इलाज मिला होतो तो जच्चा और बच्चा दोनों की जान बच जाती।

### पुलिस ने खुलवाया जाम

माधोगढ़ कोतवाल सुनील कुमार ने बताया कि महिला के परिजनों ने माधौगढ़ के बालाजी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था, हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उरई के लिए रेफर कर दिया था, जिसकी झांसी में इलाज दौरान मृत्यु हो गई है। परिजनों ने अस्पताल पर शुरुआती इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर सड़क पर लगे जाम को हटाया गया और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई की जायेगी।

### महिला को 6 माह से था बुखार

माधोगढ़ के बालाजी अस्पताल की संचालिका महिला चिकित्सक मानसी कुशवाहा ने बताया कि उषा को लेकर 5 जुलाई को इलाज लिए आए थे, महिला को पिछले 6 महीने से बुखार आ रहा था, जिससे उसमें खून की कमी थी। बीमारी के कारण महिला के पेट में ही बच्चे की मृत्यु हो गई थी। महिला के परिजन गरीब थे, दयावश निस्वार्थ इलाज किया।

# बिजली गिरने से नाबालिग की मौत

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वा छतना गांव से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर एक नाबालिग बंबा के पास बकरी चराने के लिए गया था। तभी बारिश होने लगी और आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही नाबालिग की मृत्यु हो गई।

बुधवार की दोपहर छात्र अंकित (14)पुत्र सुरेश यादव गांव के नजदीक बम्बा के पास बकरी चराने के लिए गया था। तभी तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए वही नजदीक आम के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। तभी अंकित पर आकाशीय बिजली गिर गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक मौके पर जांच की।


अंकित।

## सार-संक्षेप


कैंडल जलाकर शहीदों को नमन करते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाल शहीदों को किया नमन

**इटावा।** कांग्रेस पार्टी ने कश्मीर के कठुआ में आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों को शास्त्री चौराहा पर मौन रखकर एवं कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। देर शाम हुई बरसात के बीच कांग्रेस जन शास्त्री चौराहा पर पहुंचे और शहीदों को नमन किया। शहीद जवानों को नमन करते हुए जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव एवं शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि जिस प्रकार से कश्मीर में आतंकी लगातार हमले कर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उसमें वीर जवान शहीद हो रहे हैं। देश के आम नागरिक मारे जा रहे हैं यह बेहद दु:खद एवं चिंताजनक है। जहां एक ओर सरकार ओप्रेशन क्लीन से आतंक वाद के खात्मे की बात कह रही है वहीं ऐसी घटनाएं सरकार के तमाम दावों को झुठला रहीं हैं। केंद्रीय सरकार को ऐसी आतंकी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से कोमल सिंह कुशवाहा, संजय दोहरे, सरवर अली, अवनीश वर्मा, सत्येन्द्र महेश्वरी, शोजैव रिजवी, आसिफ जादरान, हरेंद्र सिंह दिवाकर, सतीश शाक्य, शुभम सिंह चौहान शिवा ठाकुर, अंसार अहमद, मुश्ताक अली, एम के मन्नू मिश्रा, रौनक खान, अल्तमश खान, बाबू अली सहित कई कांग्रेसजन शामिल रहे।


शील्ड व प्रशस्तिपत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जगाई स्वच्छता की अलख

**औरैया।** गेल कंप्रेशर स्टेशन द्वारा प्रायोजित स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को गेल डीएवी मॉडल स्कूल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से लेकर पांचवी तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गेल विहार के वासियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। मुख्यप्रबंधक गेल दिबियापुर जितेंद्र पाठक, प्रगति महिला क्लब की अध्यक्ष सरोज पाठक, मानव संसाधन गेल के महाप्रबंधक अजय रावत, मानव संसाधन गेल के प्रबंधक अनिल त्रिवेदी तथा अन्य गेल अधिकारियों ने बच्चों के प्रयासों एवं प्रस्तुति को सराहा और उनका उत्साह वर्धन किया। नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर बच्चों को पुरस्कार दिए गए। प्रथम स्थान पर रहे शशांक राज, द्वितीय स्थान पर अनम्ता अली और तृतीय स्थान पर अर्चिता सिंह रही। पावनी द्विवेदी और प्रणिका पोरवाल को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने सभी का आभार व्यक्त किया।


तिरुपति बाला जी महाविद्यालय में पौधरोपण करते प्राध्यापक। अमृत विचार

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे पौधे

**इटावा।** छिमारा स्थित श्री तिरुपति बालाजी पीजी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम के संकल्प के तहत पौधरोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. कुंवर उदयवीर सिंह ने कहा कि वृक्ष सदैव हमारे लिए उपयोगी हैं, इनका संरक्षण अवश्य करें। प्रवक्ता गुलरेज वारसी ने बताया की वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु या छांव प्रदान करता है। प्रवक्ता डॉ. पुनीत मिश्रा ने वृक्षों को अपना मित्र मानने की सलाह लोगों को दी। प्राध्यापक डॉ. नरसी लाल, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ. पुनीत, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. अमित, डॉ. गुलरेज वारसी, डॉ. वैशाली शर्मा, डॉ. सत्येंद्र प्रताप सिंह, डॉ. पंकज, सत्यम मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा, मदन मोहन व मनमोहन उपस्थित रहे।


खारीजा क्षेत्र में प्राकृतिक नाले तक हुए कार्य का लोकार्पण करते निदेशक और राजवाह अध्यक्ष। अमृत विचार

# बाढ़ से बचाव के प्रति किया जागरूक

**औरैया।** सरकार ने यमुना नदी के तटीय ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ एवं आपदा से निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने बाढ़ संभावित क्षेत्र में बाढ़ से वचाव के उपाय बताने को लेकर चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। बुधवार को उपजिलाधिकारी रामौतार के निर्देशन में तहसील अजीतमल के ग्राम बडैरा, गौहानी कलां तथा गौहनी खुर्द में आगामी मानसून के दौरान बाढ़ की संभावना मद्देनजर निरीक्षण किया। ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी राम औतार ने संबंधित अधिकारियों के साथ तहसील क्षेत्र के गांवों में ग्राम प्रधान, कोटेदार व नाविकों के साथ बैठक करके विस्तृत बातचीत की।

# संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत

कार्यालय संवाददाता औरैया

- हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बमनौटी गांव में संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर 112 पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी बेला को दी। मौके पर पहुंचकर बेला थाना प्रभारी विनेश कुमार सिंह ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक सिंह, फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर नमूने एकत्र किए।


राम नारायण।

बेला थाना क्षेत्र गांव बमनौटी निवासी रामनारायण (65) पुत्र नौबत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनके भतीजे दिनेश कुमार पुत्र विजय बहादुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके चाचा रामनारायण के गांव की धन्नो देवी पत्नी अमर सिंह से अवैध संबंध थे जिसके चलते दंन्नो देवी , के यहां आना जाना था। जनवरी माह में रामनारायण द्वारा 8 लाख रुपये की जमीन बेची गई थी जो पैसा रामनारायण के पास ही रहता था। भतीजे दिनेश आरोप लगाते हुए कहा कि धन्नो देवी पत्नी अमर सिंह निवासी बमनौटी अमर सिंह पुत्र आकाश व मोदी लाल पुत्र अमर सिंह ने उसके चाचा से सारा पैसा छीन लिया और उसकी हत्या कर दी। जबकि अमर सिंह पुत्र मोदी लाल ने बताया की रामनारायण पुत्र नौबत सिंह पिछले लगभग 20 वर्षों से उसके यहां उनके साथ गांव बमनौटी रहते थे। जो की शुगर के मरीज थे उनका इलाज शराफत अस्पताल में चल रहा था बीमारी के दौरान उनकी मृत्यु हुई है।

ग्रामीणों ने बताया धन्नू देवी पत्नी अमरसिंह, अमरसिंह पुत्र मौजीलाल, शिवा, पुत्रअमर सिंह आकाश पुत्र अमरसिंह, अर्चना देवी, पत्नी शिवा, बच्चे हिमांशू, निखिल, काव्या के साथ रहते थे। इस संबध में क्षेत्राधिकारी बिधूना ने बताया मृतक के भतीजे दिनेश कुमार पुत्र विजय बहादुर द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है। इसमें रामनारायण की हत्या की बात कही गई है। भतीजे का कहना है कि उसके चाचा बिल्कुल स्वस्थ थे। तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का करण साफ हो पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सिंचाई से बचा पानी नहीं होगा बर्बाद, पहुंचेगा सेंगर नदी में

संवाददाता फफूंद, औरैया

- नाला क्षेत्र की जमीनों की सिंचाई के लिए भूजल पर निर्भरता होगी कम

**अमृत विचार।** फफूंद रजवाह के टेल क्षेत्र में व्यर्थ जाने वाला अतिरिक्त पानी अब बर्बाद नहीं होगा। नहर-नदी जोड़ो अभियान के तहत टेल को प्राकृतिक नाले और सेंगर नदी से जोड़ने का काम पूरा होने के बाद इसका लोकार्पण करके राजवाह समिति को सौंप दिया गया। प्राकृतिक नाले में पहुंचने वाले पानी से इस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी मिलेगा और उनकी भूजल पर निर्भरता कम होगी। यहां से बचा पानी सेंगर नदी में जाने से नदी के जलस्तर में इजाफा होने के साथ ही जलीय जीव भी सुरक्षित रहेंगे।

क्षेत्र में निकले फफूंद राजवाह से साढ़े 30 किलोमीटर इलाके में 9 माइनरों द्वारा चार हजार हेक्टेयर जमीन की फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिलता है। राजवह में अक्सर पानी ओवरफ्लो होने से फसलों को नुकसान से बचाने के लिए उसे सिम्हारा टेल क्षेत्र में बने खारिजा से छोड़ दिया जाता था जिससे काफी पानी बर्बाद होता था। भूजल को बर्बाद होने से बचाने के प्रयासों में लगे रजवाह अध्यक्ष गिरधर भक्त मिश्रा ने व्यर्थ जाने वाले पानी को उपयोग में लेने को उन्होंने नहर नदी जोड़ो अभियान चला रही दिल्ली की विश्व पर्यावरण संस्था डब्ल्यू डब्ल्यू एफ से बात की। संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर हिमांशु शर्मा ने टीम के साथ रजवाह का निरीक्षण किया और टेल क्षेत्र को माहतेपुर गांव से निकले प्राकृतिक नाले से जोड़ने का कार्य शुरू करा दिया।

सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर हिमांशु शर्मा की देखरेख में काम पूरा होने के बाद मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे दिल्ली से आए संस्था के निदेशक नितिन कौशल ने इसका लोकार्पण किया और राजवाह समिति को सौंपा। रजवाह अध्यक्ष गिरधर भक्त मिश्र ने बताया की टेल खारिजा से निकलने वाला पानी अब बर्बाद न होकर सीधा प्राकृतिक नाले से होता हुआ सेंगर नदी में पहुंचेगा जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहने के साथ नदी का जलस्तर भी बना रहेगा। पिम विशेषज्ञ रमाकांत आर्य, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अंकित सिंह, अवर अभियंता हरीशचंद्र, किसान शिव कुमारसिंह, अखिलेश, रामबाबू, जितेंद्र, अनीस अहमद, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जिले को मिले ९९ नए लेखपाल

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन के विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में लेखपाल नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसके तहत जिले में नए 99 लेखपाल मिले हैं। नियुक्त पाकर लेखपालों के चेहरे खिल गए। कार्यक्रम में सांसद नारायणदास अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान ने नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इधर लखनऊ में नियुक्तिपत्र वितरण के कार्यक्रम को सजीव चित्रण किया गया। इसमं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त चयनित लेखपालों को बधाई देते हुए उनकी भूमिका को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार में बिना किसी भेदभाव के सरकारी भर्तियां पारदर्शी ढंग से की जा रही हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने जनपद में नव नियुक्त सभी लेखपालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुराग ने नवनियुक्ति लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर कहा कि आज जनपद में 99 लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है सभी को बधाई दी।


नियुक्तपत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

नवनियुक्त लेखपालों के नियुक्त पत्र के बाद लेखपालों की संख्या जनपद में बढ़ गयी है। अब भूमि विवाद जैसे मामलों सरलता बढ़ेगी साथ ही लम्बित मामलों की संख्या भी घटेगी। इससे पहले एक लेखपाल को 20 गांवों के राजस्व की जिम्मेवारी थी अब हर लेखपाल के हिस्से में चार गांव आयेंगे। विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि आप सभी पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने के बाद आप सभी राजस्व परिवार से जुड़ गये हैं।

### स्कूल में लगी आग, मिडडे मील का सामान जला

**उरई।** हरकोती गांव के प्राथमिक विद्यालय में आग लग गई। क्षेत्राधिकारी राम सिंह ने बताया कि मिडडे मिल का खाना बनाने वाले गैस सिलेंडर का पाइप फट जाने से गैस का रिसाव होने से प्राथमिक विद्यालय में आगजनी की सूचना मिली थी, आग को बुझा दिया गया है।

# नाट्य कार्यशाला में प्रशिक्षु सीख रहे अभिनय के गुर

**इटावा।** भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ द्वारा संस्कार भारती इटावा इकाई के संयोजन में आयोजित हो रही प्रस्तुतिपरक 10 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में बच्चों को प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित कार्यशाला निर्देशक मो आरिफ शहडोली और सहायक निर्देशक रवीन्द्र सिंह चौहान ने अभिनय के गुर बताए। कार्यशाला में मुंबई से कार्यशाला निदेशक, प्रशिक्षक मो आरिफ शाहडोली ने नाट्य विधा का महत्व, अभिनय के आवश्यक घटकों को सिखाते हुए कहा कि नाटक एक कहानी का प्रस्तुतिपरक अभिव्यक्ति है, जिसे अभिनेता और अभिनेत्री की मदद से मंच पर प्रस्तुत किया जाता है। कार्यशाला के सहायक निर्देशक, रंगमंच प्रशिक्षक रवीन्द्र सिंह चौहान ने कार्यशाला में बच्चों को अभिनय की उत्त्पति, अभिनय में रस और भाव का प्रयोग सिखाते हुए बताया नाटक कला का एक रूप है, जो व्यक्ति के तनाव एवं द्वंद्व की खोज करके इसका निदान करती है। कार्यशाला प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के दौरान संस्कार प्रांतीय सदस्य अत्रि दीक्षित, इटावा इकाई के अध्यक्ष अश्वनी कुमार मिश्र, सचिव कुलदीप अवस्थी, सौरभ सक्सेना, मयंक कुमार, संदीप यादव, भास्कर पोरवाल, इच्छा सक्सेना, अभिनव बिसारिया ,व्योम, तृषा, लकी, सृष्टि यादव ,आराध्या भदोरिया आदि सहित छात्र-छात्राओं की नाट्य प्रशिक्षण में सहभागिता एवं नारायण कॉलेज परिवार का विशेष सहयोग रहा।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking)
इलाहाबाद ALLAHABAD

**अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, (उ. प्र.)– 210001**
**परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित प्रर्वतन नियम 2002 के नियम 8(1) के अन्तर्गत**
**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इफोरसमेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट के अंतर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोरसमेन्ट) रूल्स 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए ऋणी को नीचे दी गई तिथि को डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनो के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा बकाया ऋण राशि चुकता न करने पर एतदद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपतियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन संपतियों का सौदा न करें। इन संपतियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक), शाखा महोबा, जिला महोबा के प्रभार के अधीन होगा।
साथ ही ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की तरफ आकर्षित किया जाता है जो प्रतिभूति सम्पत्ति के मोचन के लिये उपलब्ध समय से सम्बन्धित है।

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (समस्त प्रकार की सम्पत्तियाँ) | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| | **शाखा : महोबा, जिला महोबा, मो. नं. 7007274658** | | कब्जा तिथि तक बकाया राशि |
| 1. | **ऋणी एवं बंधककर्ता:** मेसर्स बिहारी फूड कॉरपोरेशन, **व्यावसायिक पता:** मौजा – भटीपुरा, गाटा संख्या 456 एवं 459, महोबा उत्तर प्रदेश– 210424। **प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता:** अंजली गुप्ता पत्नी नवीन कुमार गुप्ता, **निवासी** 15, तहसील रोड, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 **जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता:** नवीन कुमार गुप्ता उर्फ प्रमोद गुप्ता पुत्र बिहारी लाल गुप्ता, **निवासी** 18, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 **जमानतकर्ता:** 1. प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र बिहारी लाल गुप्ता, **निवासी** 18, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश – 210427 2. बेबी परवीन पुत्री अब्दुल मजीद, **निवासी:** नयापुरा नैकाना, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 | **संपत्ति संख्या 1.** भूमि एवं भवन जो मकान संख्या 236, (पुरानी संख्या–16), मोहल्ला–छिपयाना, वार्ड संख्या 15, महोबा में स्थित है। और जो नवीन कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय बिहारी लाल गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल 52.00 वर्ग मीटर **चौहद्दी:** पूर्व: प्रभा रानी का मकान, पश्चिम: दरवाजा एवं कुलिया, उत्तर: कुलिया, दक्षिण: शंकर लाल का मकान, **संपत्ति संख्या 2.** भूमि एवं फैक्ट्री भवन जो गाटा संख्या 456 एवं 459, मौजा–भटीपुरा, मोहल्ला–कल्याण नगर, वार्ड नं. 04, में स्थित है। जो मेसर्स बिहारी फूड कॉरपोरेशन के नाम पर है। और प्रोपराइटर श्रीमती अंजली गुप्ता पत्नी नवीन कुमार गुप्ता के द्वारा बंधक है। क्षेत्रफल 827.12 वर्ग मीटर **चौहद्दी:** पूर्व: प्लॉट यशोदा आदि एवं केशव, पश्चिम: सड़क 20 फीट, उत्तर: फील्ड, दक्षिण: सड़क 20 फीट, बंधक संपत्तियां:– मौजा–भटीपुरा, मोहल्ला–कल्याण नगर, वार्ड नं. 04, महोबा में गाटा संख्या 456 एवं 459 पर प्लांट साइट पर स्थापित अचल संपत्तियां, स्टॉक, प्लांट एवं मशीनरी, चल संपत्तियां | 07.03.2024 रूपये 72,47,327.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय<br>06.07.2024 रूपये 72,47,327.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |

दिनांक: 11.07.2024 स्थान: महोबा प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक




**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

**फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट**

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) :** गेहूंदड़ा 2400–2410 आर. आर.21 2550–2600 गेहूं फारम 2600–2700 जौ 2000–2100 ज्वार 2000–2100 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200–2400 **दलहन (प्रति क्वि.) :** चना 6300–6400 अरहर 9000–10000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–3800 उड़दहरा 11000–11500 उड़दकाला 8000–9000 मूंग 7800–8000 **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहर फूल 16600–16700 अरहर स्पेशल 14600–14700 चना दाल 7900–8000 मटर दाल 4550–4650 मसूर मलका 7200–7250 मसूर दाल 7400–7450 उड़द दाल 9000–13300 उड़द धोवा 10000–13000 मूंगदाल 8100–9700 मूंग धोवा 9700–11000 **चावल (प्रति क्वि.) :** अरवा 2800–3500 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1400–1460 मैदा 1380–1450 सूजी 1440–1460 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) :** शाहपसंद 1370–1410 **तिलहन (प्रति क्वि.) :** लाही 5600–5800 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11500–12200 मूंगफली दानाशिवपुरी 10000–11200 बटाली 8600–10500 सेहुआं 4000–4500 **तेल (प्रति क्वि.) :** सरसों कोल्हू 12100–12200 अलसी 10100–10200 अण्डी 12800–13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन) :** सोयाबीन 1565–1564 **खली (प्रति क्वि.) :** सरसों 2600–2650 अलसी 4900–5000 अण्डी 1400–1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) :** बावर्ची 1565–1564 मयूर 1565–1564

## सर्राफा

कानपुर

| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94100 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55600–55800 |


# मुनाफावसूली से लुढ़का बाजार

## सेंसेक्स ने 426.87 और निफ्टी ने 108.75 अंक का लगाया गोता

मुंबई, एजेंसी

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार करीब आधे प्रतिशत तक लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.87 अंक अर्थात 0.53 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,924.77 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.75 अंक यानी 0.45 प्रतिशत टूटकर 24,324.45 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत उतरकर 47,450.68 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की गिरावट लेकर 53,779.98 अंक पर आ गया।

बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2576 में मुनाफावसूली जबकि 1363 में लिवाली हुई वहीं 82 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही। बीएसई में एफएमसीजी, तेल एवं गैस, हेल्थकेयर, पावर और यूटिलिटीज समूह की 0.69 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.87, सीडी 0.78, ऊर्जा 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.34, इंडस्ट्रियल्स 0.62, आईटी 0.99, दूरसंचार 0.44, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.64, कैपिटल गुड्स 0.44, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.26, धातु 1.60, रियल्टी 0.07, टेक 0.76 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.25 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.60, जर्मनी का डैक्स 0.79 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत मजबूत रहा।





निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही

## टाटा संस के सूर्य कांत यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में

**वाशिंगटन।** भारत के कॉर्पोरेट क्षेत्र के दिग्गज एवं टाटा संस के वरिष्ठ सलाहकार सूर्य कांत यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा, सूर्य कांत का नेतृत्व रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा तैयार करने और उसका मार्गदर्शन करने में मदद करेगा। अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और एसटीईएम शिक्षा की बदलती गतिशीलता को वह समझते हैं। सूर्य कांत ने एक बयान में कहा, भारत और अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

# एनबीएफसी की जानकारियों की गुणवत्ता पर जताई चिंता

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कुछ गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) की तरफ से दी गई जानकारियों की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए लेखा परीक्षकों से उचित गुणात्मक जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा है।

राव ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, वैधानिक ऑडिटर वित्तीय विवरणों में हितधारकों का विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह बैंकिंग उद्योग के मामले में खासतौर पर महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी पूरी इमारत भरोसे पर बनी है और सबसे बड़े बाहरी हितधारक यानी जमाकर्ता विखंडित और असंगठित होते हैं।

उन्होंने मंगलवार को वाणिज्यिक बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के वैधानिक लेखा परीक्षकों और मुख्य वित्त अधिकारियों (सीएफओ) के सम्मेलन में यह बात कही। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि वित्तीय विवरणों का खुलासा पारदर्शिता की आधारशिला हैं क्योंकि ये प्रबंधन की जानकारी और बाहरी उपयोगकर्ता के बीच की खाई को पाटते हैं। व्यापक खुलासे और संक्षिप्तता के बीच संतुलन बनाना एक कठिन काम है।



आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने उचित जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा

## एआईबीओसी ने रूपम रॉय को फिर महासचिव चुना

**नयी दिल्ली।** ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन (एआईबीओसी) ने रूपम रॉय को फिर से महासचिव चुना है। एआईबीओसी बैंक अधिकारियों की सबसे बड़ी यूनियन है। गुवाहाटी में आयोजित 13वीं त्रैवार्षिक आम परिषद की बैठक के दौरान बालचंद्रन पी एम को भी एआईबीओसी का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एआईबीओसी ने बैठक में कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बैंक अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी संबद्धों के लगभग 1,100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, एआईबीओसी और सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी (सीएफए) द्वारा संयुक्त रूप से मेरी ब्याज दर कहां है? शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गई।

## इंफ्रास्ट्रक्चर बांड से एसबीआई ने 10,000 करोड़ जुटाए

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपने छठे इंफ्रास्ट्रक्चर बांड के माध्यम से 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और 18,145 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं तथा यह 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग 3.6 गुना अधिक अभिदानित हुआ। प्राप्त बोलियों की कुल संख्या 120 थी, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी को दर्शाती है।

# सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा

**सियोल।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के श्रम संघ से जुड़े कर्मचारियों ने बुधवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की। दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कंपनी के ये कर्मचारी उच्च वेतन और अन्य लाभों की मांग कर रहे हैं। नेशनल सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन' के हजारों सदस्यों ने सोमवार को अस्थायी तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की थी।



यूनियन ने बुधवार को प्रबंधन पर बातचीत को लेकर अनिच्छुक होने का आरोप लगाया है। इस बीच, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि हड़ताल से उत्पादन में कोई बाधा नहीं आएगी और वे बातचीत को तैयार हैं। सैमसंग के एक बयान में कहा गया, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यह सुनिश्चित करेगा कि यूनियन के साथ सद्भावपूर्ण वार्ता को कंपनी प्रतिबद्ध है।

## बीवाईडी ने एट्टो 3 को भारत में उतारा

**नयी दिल्ली।** चीन की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता बी वाई डी ने भारतीय बाजार में एट्टो 3 को लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 24.99 लाख रुपए है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अब कंपनी इस ईवी के 2024 संस्करण को लाई है। इसके नए वेरिएंट के साथ ही ब्लैक संस्करण भी लॉन्च की गई है। यूरो एनसीएपी में सेफ्टी के लिए पांच स्टार हासिल करने वाली बीवाईडी की इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को भारत में 24.99 लाख रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है। यह कीमत इसके डायनेमिक वेरिएंट की है।

# टाटा और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घटाए एसयूवी के दाम

नयी दिल्ली, एजेंसी

- बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया

टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की कीमतों में कटौती की है। एसयूवी की बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया है। टाटा मोटर्स ने अपनी प्रमुख एसयूवी हैरियर (14.99 लाख रुपये) और सफारी (15.49 लाख रुपये) की शुरुआती कीमतों में बदलाव किया है। अन्य लोकप्रिय एसयूवी मॉडल पर 1.4 लाख रुपये की कटौती की गई है।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बयान में कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों के संबंध में नेक्सन.ईवी पर की गई कटौती (1.3 लाख रुपये तक) ने इसे सबसे सुलभ बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंच.ईवी के दाम में भी 30 हजार रुपये तक की कटौती की गई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अनुसार, उसकी एक्सयूवी700 सभी सुविधाओं से लैस एएक्स7 की शुरुआती कीमत अब 19.49 लाख होगी। इसमें दो लाख रुपये से अधिक की कटौती गई है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बिभव कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह इस बारे में आदेश 12 जुलाई को सुनाएगा कि आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक बिभव कुमार को जमानत दी जाए या नहीं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार के वकील तथा दिल्ली पुलिस एवं मालीवाल की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच जारी है और 16 जुलाई को या उससे पहले आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा।

### समलैंगिक विवाह मामले में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने के अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई नई पीठ के गठन तक बुधवार को स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ को आज (10 जुलाई) न्यायाधीश कक्ष में इस मामले पर सुनवाई करनी थी। इस बीच पांच सदस्यीय इस पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मामले से अपने को अलग कर लिया। इस वजह से पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी और नई पीठ के गठन होने तक इस मामले को स्थगित कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने वाला फैसला 17 अक्टूबर 23 को सुनाया था।

### ममता बनर्जी के खिलाफ सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कुछ अन्य तृणमूल कांग्रेस नेताओं के पिछले महीने के अंत में उनकी कथित टिप्पणियों के खिलाफ दायर मानहानि मामले में बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा अंतरिम आदेश देने की मांग वाली याचिका पर 15 जुलाई को सुनवाई करेगा। अदालत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने राज्यपाल के एक आवेदन पर सुनवाई के बाद मानहानि की शिकायत को अपनी अदालत में दर्ज करने की अनुमति दे दी।

# असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार

## 26 जिलों में 17 लाख लोग अभी भी प्रभावित, 79 लोगों ने बाढ़ में गंवाई अपनी जान

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में प्रमुख नदियों का जलस्तर घटने के साथ बुधवार को बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। 26 जिलों में प्रभावितों की संख्या घटकर 17 लाख रह गई है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गयी। हालांकि कई जिलों में बारिश के कारण अब भी बड़ा हिस्सा जलमग्न है। असम आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार मंगलवार को कछार में दो, धुबरी, धेमाजी, दक्षिण सलमारा, नागांव और सिवासागर में एक-एक व्यक्ति की मौत के साथ ही कुल सात लोगों की मौत हुई। इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 92 पहुंच गई है, जिसमें 79 लोग सिर्फ बाढ़ से मरे हैं।

सोमवार को 49,014.06 हेक्टेयर की तुलना में 38,870.3 हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न रही। धुबरी जिले में 3,54045, कछार में 1,81,545, शिवसागर में 1,36547, बारपेटा में 1,16,074 और गोलाघाट जिले में 1,09,475 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। 507 राहत शिविरों में कुल 48,021 प्रभावितों ने शरण ली हुई है, जबकि शिविरों के बाहर रह रहे 104,665 अन्य लोगों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। धुबरी, कछार, कामरुप, ग्वालपाड़ा, लखीमपुर, डिब्रूगढ़, चराइदेव, दक्षिण सलमारा, नलबाड़ी, करीमगंज, धेमाजी, मोरीगांव, नगांव, शिवसागर, गोलाघाट, सोनितपुर, हेलाखंडी, बिश्वनाथ, बारपेटा, दरांग, कामरुप(एम), माजुली, जोरहाट, कोकराझार, तिनसुकिआ और चिरांग जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं।

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के 159 जंगली जानवरों की डूबने या बचाव अभियान के दौरान मौत हो गई, जबकि 133 अन्य को बचा लिया गया। 94 सड़कें, तीन पुल, 26 घर और छह तटबंध क्षतिग्रस्त हुए हैं। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, तेजपुर, गुवाहाटी और धुबरी में जबकि बूढ़ी दिहिंग, दिखौ, दिसांग, कोपिली जैसी अन्य नदियां भी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### बाढ़ से निपटने को युद्धस्तर पर तैयारी : आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि यहां संभावित बाढ़ को लेकर युद्धस्तर पर सरकार तैयारियां कर रही है। आतिशी ने राजस्व एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ यमुना बाज़ार और पुराना पुल इलाक़ों में आज बाढ़ की तैयारियों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ को लेकर विभागों की तैयारियाँ पूरी है। बाढ़ की स्थिति में मोटर बोट, गोताखोर और मेडिकल टीमें किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगी। साथ ही बाढ़ की स्थिति में राजस्व विभाग द्वारा राहत शिविर लगाने संबंधित तैयारियां भी पूरी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले साल यमुना का जलस्तर 40 सालों में सबसे ऊपर गया था और इस कारण यमुना के निचले इलाक़ों में बाढ़ की समस्या आ गई थी।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में धान के खेत में बैल दौड़ प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी। ● एजेंसी

# आदमी को ढोने की प्रथा की समाप्ति होगी बड़ी उपलब्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले गडकरी

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि जिस दिन एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी को ढोने की प्रथा (साइकिल रिक्शा से ढोने की प्रथा) समाप्त होगी, वह ऐतिहासिक दिन और उपलब्धि होगी। गडकरी ने भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा देश के विभिन्न क्षेत्रों में अभी भी एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी के ढोने की परम्परा कायम है और मैं इस परम्परा को समाप्त करने क लिए प्रयासरत हूं।

उन्होंने कहा इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए ई- रिक्शा और ई- कार्ट जैसे कदम उठाया है। जिस दिन हमारे देश से यह कुप्रथा समाप्त हो जाएगी, वह दिन मेरे जीवन का और हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन होगा।

# सिब्बल ने धनखड़ पर साधा निशाना

नयी दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा उच्च सदन की कार्यवाही संचालित करने के तरीके पर सवाल उठाया और दावा किया कि किसी भी देश में सदन का पीठासीन अधिकारी सदस्यों को भाषण के दौरान बीच में नहीं रोकता। सिब्बल ने संवाददाताओं से बातचीत में जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों सहित कई मुद्दों पर सरकार पर निशाना साधा।

निर्दलीय सांसद ने दावा किया, संसद में मतभेद बढ़ रहे हैं। राज्यसभा के सभापति सदन के सदस्यों से उन तथ्यों को प्रमाणित करने के लिए कहते हैं जो सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध होते हैं और जिन्हें प्रमाणीकरण की आवश्यकता नहीं है। जब वह कहते हैं कि कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा, तो माइक्रोफोन बंद हो जाते हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया, विपक्ष को टीवी स्क्रीन पर नहीं दिखाया जाता है। दुखद बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा के पूर्व सभापति हामिद अंसारी के कामकाज पर टिप्पणी की है। यह सही नहीं है। किसी को भी इस पद का सम्मान करना चाहिए और उस व्यक्ति के खिलाफ आरोप नहीं लगाना चाहिए जो जवाब देने के लिए सदन में नहीं है। उनका कहना था कि क्या इस तरह के आरोप के लिए भी प्रमाण की आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, सदन में सिर्फ राजनीतिक भाषण देने से देश की स्थिति नहीं सुधरेगी।



- उच्च सदन की कार्यवाही संचालित करने के तरीके पर सवाल उठाया

# बीएमसी ने बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहाया

मुंबई, एजेंसी

- बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में बीएमसी ने की कार्रवाई

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के उस बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहा दिया, जहां बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर दुर्घटना को अंजाम देने से कुछ घंटे पहले गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी ने जुहू स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार में यह कार्रवाई की और 3,500 वर्ग फुट के अवैध निर्माण को गिरा दिया।

बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि के-वेस्ट वार्ड कार्यालय की टीम आज सुबह वाइस-ग्लोबल तापस बार पहुंची और उसके अंदर किए गए अनधिकृत निर्माण और बदलावों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को बीएमसी ने बार का निरीक्षण किया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां कोई अनधिकृत निर्माण या बदलाव तो नहीं किया गया है।

# सरकार की नीतियों से नहीं मिल रहा रोजगार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानी-आईआईटी जैसे प्रतिष्ठत संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों का भी प्लेसमेंट नहीं हो पा रहा है। गांधी ने अपने फेसबुक वाल पर इस स्थिति को आर्थिक मंदी का दुष्प्रभाव बताया और कहा कि जिन आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में दो साल पहले नौकरी न पाने वाले विद्यार्थियों का अनुपात 19 प्रतिशत था वह बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया है जो बेरोजगारी की दर दोगना से ज्यादा है।

उन्होंने कहा आर्थिक मंदी का दुष्प्रभाव अब देश के सबसे प्रतिष्ठित आईआईटी जैसे शीर्ष संस्थान भी झेल रहे हैं। आईआईटी में लगातार हो रहे प्लेसमेंट के पतन और सालाना पैकेज में गिरावट, बेरोज़गारी का चरम झेल रहे युवाओं की स्थिति में और गहरा आघात कर रहे हैं। 2022 में 19 प्रतिशत छात्रों को कैम्पस प्लेसमेंट नहीं मिल सका और इस वर्ष दर बढ़कर दुगना हो गई है। उन्होंने कहा सोचने वाली बात यह है कि जब देश के सबसे प्रसिद्ध एवं सम्मानित शिक्षा संस्थानों का यह हाल है तो बाकी संस्थानों की क्या दुर्गति होगी।



- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने फेसबुक वाल पर इस स्थिति को आर्थिक मंदी का दुष्प्रभाव बताया

## राहुल पर टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक पर रिपोर्ट

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भाजपा के विधायक भरत शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलुरु शहर पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि मंगलुरु नगर निगम के कांग्रेस पार्षद के. अनिल द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कवूर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# बाल विवाह में शामिल लोगों को अभियोजित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि बाल विवाह में संलिप्त लोगों को अभियोजित करने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा क्योंकि इसके सामाजिक आयाम हैं। साथ ही, शीर्ष अदालत ने देश में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि का आरोप लगाते हुए दायर की गई जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने दलील दी कि राज्यों में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पर, शीर्ष अदालत ने कहा, ये कार्यक्रम, व्याख्यान जमीनी स्तर पर वास्तव में चीजें नहीं बदलते हैं।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' ने 2017 में शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को बखूबी लागू नहीं किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील और केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलीलें सुनीं और इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा, यह केवल अभियोजन का मामला नहीं है।

**अंतरिक्ष से आई तस्वीर**



नासा ने बुधवार को एक वीडियो शेयर किया है जिसमें अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर दिखाया गया हैं। एजेंसी

## यूएई में भारतीय मूल के डॉक्टर ने किया बच्ची का यकृत प्रतिरोपण

दुबई। भारतीय मूल के एक डॉक्टर ने चार साल की बच्ची का सफलतापूर्वक यकृत (लिवर) प्रतिरोपण किया है जो यूएई में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है। जीवित दानदाता का यकृत लेकर बच्ची में प्रतिरोपण किया गया है। बुर्जील मेडिकल सिटी (बीएमसी) में डॉ. रेहान सैफ के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने इस महत्वपूर्ण सर्जरी को अंजाम दिया। अबू धाबी में जन्मी रजिया खान को प्रोग्रेसिव फैमिलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस टाइप 3 (पीएफआईसी) नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी थी। रजिया के परिवार को पीएफआईसी के घातक परिणाम की जानकारी थी क्योंकि उनकी पहली बेटी की तीन साल पहले इसी बीमारी से भारत में मौत हो गई थी।

# एलएसी पर भारत के साथ सहयोग को चीन तैयार

बीजिंग, एजेंसी

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से कायम सीमा विवाद के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्थिति से संबंधित मुद्दों को ठीक से संभालने के लिए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

डोभाल को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर बधाई संदेश में वांग ने कहा कि चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे है और वैश्विक महत्व बढ़ाने वाला है। वांग विदेश मंत्री के अलावा भारत-चीन सीमा वार्ता प्रणाली के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने मंगलवार को डोभाल को भेजे अपने संदेश में कहा कि दुनिया में दो सबसे अधिक आबादी वाले विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे व बढ़ते वैश्विक महत्व वाला है। वांग ने हाल में कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से इतर एस जयशंकर से मुलाकात की थी। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार के गठन के बाद यह भारतीय और चीनी अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी।

भारत-चीन की 3,488 किलोमीटर तक फैली सीमा के जटिल विवाद से व्यापक तौर पर निपटने के लिए 2003 में गठित, विशेष प्रतिनिधि तंत्र का नेतृत्व भारत के एनएसए और चीनी विदेश मंत्री करते हैं। गलवान में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार को छोड़कर दोनों देशों के बीच संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए। अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की बातचीत की है। 22वीं बैठक होने वाली है।



विदेश मंत्री वांग यी



अजीज डोभाल

- चीन के विदेश मंत्री ने अजीत डोभाल के समक्ष रखा प्रस्ताव

### भारत कई इलाकों से पीछे हटने का बना रहा है दबाव

चीनी सेना के अनुसार, दोनों पक्ष अब तक पूर्वी लद्दाख में चार बिंदुओं- गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानन दबन (गोगरा) से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। भारत पीएलए पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना हटाने का दबाव बना रहा है। उसका कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति असामान्य बनी रहेगी तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती। चीन का अपना पक्ष है कि सीमा का प्रश्न संपूर्ण चीन-भारत संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता, और इसे द्विपक्षीय संबंधों में उचित रूप से रखा जाना चाहिए एवं ठीक से संभाला जाना चाहिए।

## एक नजर

### ईरान के नए राष्ट्रपति 30 जुलाई को लेंगे शपथ

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान 30 जुलाई को शपथ लेंगे। ईरानी संसद के प्रेसिडियम के सदस्य मोजतबा यूसेफी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने यूसेफी के हवाले से कहा 14वां चुनाव जीतने वाले राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई को होगा। पेजेशकियान (69) ने 5 जुलाई को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और देश के नौवें राष्ट्रपति बने। पेजेशकियान कुल 30,510,157 वोट में से 16,384,403 वोट हासिल किए और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 13,538,179 वोट मिले। पेजेशकियान पेशे से हृदय के सर्जन हैं।

### इजराइल ने गाजा सिटी को खाली करने का आदेश दिया

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने गाजा सिटी को खाली किए जाने का आदेश दिया है। गाजा सिटी उन क्षेत्रों में शामिल है जिन्हें युद्ध की शुरुआत में निशाना बनाया गया था और अब वहां फिर से हमले किए जा रहे हैं। सेना ने शहर में पर्चे गिराए, जिनमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया और कहा गया है कि गाजा सिटी एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा। इजराइली सेना के इस आदेश से संभवत: यह संकेत मिलता है कि इजराइल शहर में भीतर तक घुस रहा है, जबकि हालिया दिनों में वह इसके कई बाहरी इलाकों में सक्रिय रहा है।

### सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, 7 घायल

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में गौतेंग प्रांत के मेराफोंग स्थानीय नगर पालिका में बुधवार सुबह एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर में 12 विद्यार्थियों सहित 13 लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। प्रांत में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति एवं मनोरंजन के लिए कार्यकारी परिषद के सदस्य माटोम चिलोएन ने बताया कि छात्रों को ले जा रही एक मिनीबस को सुबह करीब 6 :45 बजे एक पिकअप ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गयी और उसमें आग लग गयी। चिलोएन ने बताया कि बस में सवार 11 छात्र रॉकलैंड्स प्राइमरी स्कूल से थे और एक कार्लटनविले के लार्सकूल ब्लिवूरुइट्सिग से था।


# आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया

## ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा- रूस और यूक्रेन शांति प्रक्रिया में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण

वियना, एजेंसी

भारत एवं ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान कर आर्थिक, शैक्षणिक एवं उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने का फैसला किया तथा इसके साथ ही दोनों देशों ने यूक्रेन में युद्धविराम एवं शांति स्थापित करने के लिए मिल कर काम करने का संकल्प जताया। वियना की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच यहां चांसलरी भवन में आयोजित द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच के रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर से भी मुलाकात की।

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यात्रा 41 साल बाद हो रही है। बैठक के बाद मोदी ने कहा मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक भी है और विशेष भी है। ये भी सुखद संयोग है कि ये यात्रा उस समय हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा लोकतंत्र और कानून का राज जैसे मूल्यों में साझा विश्वास, हमारे संबंधों की मजबूत नींव हैं। आपसी विश्वास और समान हितों से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मज़बूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी।



ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।



वियना में बैठक में मोदी के साथ उपस्थित जयशंकर।



मोदी संग सेल्फी लेते चांसलर नेहमर।

- यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में चल रहे विवादों पर की चर्चा

### जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी चुनौतियां सामने खड़ी

मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर भी हमने विचार साझा किये। जलवायु के विषय में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठजोड़, आपदारोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठजोड़ (सीडीआरआई), बॉयोफ्यूल अलायन्स जैसी हमारी पहलों से जुड़ने के लिए हम ऑस्ट्रिया को आमंत्रित करते हैं। हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार के लिए सहमत हैं।

### यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए : नेहमर

चांसलर नेहमर ने अपने वक्तव्य में बैठक के बारे में कहा प्रधानमंत्री मोदी और मैं सहमत हैं कि पश्चिम और वैश्विक दक्षिण के देशों को स्विट्जरलैंड में शांति शिखर सम्मेलन में चुने गए रास्ते को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होना चाहिए। इस संबंध में भी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए। ऑस्ट्रिया हर संभव प्रयास करेगा और संवाद स्थल के रूप में भी काम करने के लिए तैयार है। नेहमर ने कहा, मोदी और मैं आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेंगे।

### बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा

मोदी ने कहा कि वियना में आज का बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा और हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ाएगा। विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में हम ऑस्ट्रियाई और भारतीय तकनीकी विश्वविद्यालयों के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग समझौते के बहुत करीब हैं। फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, डिजिटल बुनियादी ढांचे और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में साझेदारी करेंगे।

# कोई गलती न करें, रूस युद्ध में विफल हो रहा है : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

- नाटो की 75वीं वर्षगांठ पर यूक्रेन को वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को यूक्रेन के लिए वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की और कहा कि रूस इस युद्ध में विफल हो रहा है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के लिए नाटो सदस्य देशों के नेताओं का स्वागत करते हुए बाइडेन ने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, रोमानिया और इटली, यूक्रेन को पांच अतिरिक्त, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण वायु-रक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएंगे।

आगामी महीनों में अमेरिका और उसके साझेदारों की यूक्रेन को कई अतिरिक्त वायु-रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने बताया कि अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि जब ''हम अहम वायु-रक्षा प्रणालियां भेजें तो यूक्रेन अग्रिम मोर्चे पर हो। बाइडेन ने कहा रूस के 3,50,000 से अधिक सैनिक मारे जा चुके हैं या घायल हो गए हैं, करीब 10 लाख रूसी नागरिक, जिनमें से कई युवा लोग हैं, वे रूस छोड़कर जा चुके हैं क्योंकि उन्हें अपने देश में कोई भविष्य नहीं दिखता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हम जानते हैं कि पुतिन यूक्रेन में रुकेंगे नहीं। लेकिन कोई गलती भी न करें, यूक्रेन पुतिन को रोक सकता है और रोकेगा।

### मेरे प्रोत्साहन के बिना नाटो गठबंधन नहीं होता : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अन्य सदस्य देशों को अपना योगदान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित न किया होता तो आज नाटो गठबंधन नहीं होता। ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा है कि अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता, तो शायद अब तक नाटो नहीं होता।

## भारतीय मूल के दो नागरिकों को धोखाधड़ी के लिए जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के दो सिंगापुरी नागरिकों को यहां की एक अदालत ने कम से कम 50 कंपनी के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में दोषी ठहराते हुए अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई है। उप लोक अभियोजक मैथ्यू चू ने अदालत को बताया कि दोषी की दो कंपनी क्वाट्र्ज रिसोर्सेज और किओरा वर्ल्डवाइड को बैंक खातों के जरिए धन प्राप्त हुआ जिसमें चीन और संयुक्त अरब अमीरात से लेनदेन भी शामिल है। स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर में बताया गया कि ईशान शर्मा (34) को चार सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है जिस पर आरोप है कि उसने अपने दोस्त कांधिबन लेचुमननसामी (36) को उपरोक्त दोनों कपनियों में सिर्फ नाम का निदेशक बनाया और उसे कंपनी के कामकाज में दखल नहीं देने के लिए कहा।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवादी आज भारत में सामाजिक शक्ति : राम माधव

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिका में आरएसएस के वरिष्ठ नेता ने कहा- भारत में वामपंथी उदारवादी सभी तरफ से घिरे

आरएसएस के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को एक सभा में कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवादी आज न केवल देश में एक प्रमुख सामाजिक शक्ति हैं, बल्कि एक प्रमुख राजनीतिक ताकत भी है। उन्होंने कहा कि भारत में वामपंथी उदारवादी सभी तरफ से घिर गए हैं और वे गहरे संकट में हैं। आरएसएस के वरिष्ठ नेता राम माधव ने नेशनल कंजर्वेटिज्म पर यहां आयोजित एक संगोष्ठी में यह बात कही।

उन्होंने कहा 10 साल पहले जब हमें पूर्ण राजनीतिक जनादेश मिला तब हमने इस जनादेश का इस्तेमाल वह सब कुछ वापस लेने में किया जो नेहरूवादी उदारवादियों ने कई दशक पहले हमसे छीन लिया था। उन्होंने कहा हमने यकीनन पिछले 20 वर्षों में समाजवादी संरक्षणवाद को समाप्त किया और मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया। मैं सिर्फ 10 साल की बात नहीं कर रहा हूं। एक दशक पहले 11वें स्थान से आज भारत दुनिया की पांचवीं या चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस संगोष्ठी में दुनिया भर से लोग शामिल हुए। आरएसएस नेता ने अपने संबोधन में कहा हमने अपने विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक निकायों को फिर से प्राप्त किया। हमने मीडिया स्पेस वापस लिया।

## हूती विद्रोहियों का तीन अमेरिकी, इजराइली जहाजों पर हमला

**सना।** यमन के हूती विद्रोही समूह अरब सागर और अदन की खाड़ी में अमेरिका तथा इजराइल के स्वामित्व वाले तीन जहाजों पर हमले का किया है। अल-मसीरा टीवी ने मंगलवार को हूती प्रवक्ता याह्या सरिया के हवाले से बताया कि अमेरिका और इजरायल के जहाज माएर्स्क सेंटोसा, मार्थोपोलिस तथा एमएससी पटनारी को निशाना बनाया गया।


उन्होंने कहा कि पहले अभियान में अरब सागर में अमेरिकी जहाज, माएर्स्क सेंटोसा को कई बैलिस्टिक और अन्य मिसाइलों से निशाना बनाया गया जबकि दूसरे अभियान में अरब सागर में जहाज, मार्थोपोलिस को ड्रोन से निशाना बनाया गया क्योंकि यह जहाज इज़रायली बंदरगाह की ओर जा रहा था। उन्होंने कहा कि तीसरे अभियान में 'अदन की खाड़ी में इजरायली जहाज एमएससी पटनारी को कई ड्रोन से निशाना बनाया गया।

# कई फ्रांसीसी सांसद वामपंथी गठबंधन से मुक्ति चाहते हैं

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस में कई वामपंथी सांसदों ने प्रस्ताव दिया है कि संसदीय चुनावों में वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) गठबंधन की जीत के बाद संसद में एक अलग समूह बनाया जाए। यह जानकारी फ्रेंच ब्रॉडकास्टर बीएफएमटीवी ने दी।

निर्वाचित सांसदों ने ग्रीन्स पार्टी और फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी, जो गठबंधन का हिस्सा हैं, को गठबंधन से अलग होने और अपना समूह बनाने की पेशकश की है। बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इस पहल की शुरुआत सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन, एलेक्सिस कॉर्बिएर और फ्रेंकोइस रफिन ने की, जिन्होंने मंगलवार को उक्त पार्टियों को एक आधिकारिक पत्र भेजा। सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन ने बताया कि नए समूह का उद्देश्य कथित रूप से जीन-ल्यूक मेलेनचॉन की फ्रांस अनबोव्ड पार्टी और सोशलिस्ट पार्टी के साथ प्रतिस्पर्धा करना है, और वे कथित तौर पर फ्रांस अनबोव्ड पार्टी के समान समूह में बैठकों में हिस्सा नहीं लेंगे। सोमवार को, एनएफपी गठबंधन ने संसदीय चुनाव जीता, 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली में उसे 182 सीटें प्राप्त हुई, जिसमें फ्रांस अनबोएड को 75 सीटें, सोशलिस्ट पार्टी को 65 सीटें, ग्रीन्स को 33 सीटें और फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी को नौ सीटें मिलीं।



जानकारी देतीं क्लेमेंटाइन ऑटेन।

- वामपंथी सांसदों ने गठबंधन की जीत के बाद संसद में एक अलग समूह बनाने की बात कही

## हम कभी भी सेना में भारतीयों को भर्ती नहीं करना चाहते थे : रूस

**नई दिल्ली।** रूस ने कहा कि वह रूसी सेना में सहायक कर्मी के रूप में भर्ती किए गए भारतीयों की वापसी के भारत के आह्वान से संबंधित मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहा है। उसने कहा कि उनकी भर्ती पूरी तरह से एक व्यावसायिक मामला है।

रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने कहा कि मॉस्को कभी नहीं चाहता था कि भारतीय उसकी सेना का हिस्सा बनें और संघर्ष के संदर्भ में उनकी संख्या नगण्य है। उन्होंने कहा हम इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ हैं। हमें उम्मीद है कि इस मुद्दे का जल्द समाधान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया, जिसके बाद रूस ने रूसी सेना में सहायक कर्मियों के रूप में कार्यरत भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया था और इसके एक दिन बाद बाबुश्किन का बयान आया।

# मोदी-पुतिन मिलाप से अमेरिका परेशान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों तथा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेल-मिलाप को लेकर अमेरिका चिंतित है और उसने अपनी इन चिंताओं को भारत सरकार के साथ निजी स्तर पर बातचीत में और सीधे भी प्रकट किया है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका की ओर से इस तरह की चिंता मोदी की मास्को यात्रा के दौरान व्यक्त की गई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी के पुतिन के गले मिलने के विषय में संवाददाताओं के सवालों के जबाव में कहा हम रूस के साथ भारत के संबंधों को लेकर अपनी चिंताओं के बारे में बिल्कुल स्पष्ट हैं। हमने इसे भारत सरकार के साथ निजी तौर पर और सीधे भी इसे रखा है तथा हम ऐसा करते आ रहे हैं। इस संबंध में हमारे रूख में बदलाव नहीं आया है। मोदी-पुतिन मिलाप पर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की आपत्ति जता चुके हैं, तो क्या इसका भारत पर विश्वास और उसके साथ अमेरिका के रणनीतिक संबंधों पर कोई असर पड़ेगा इस पर मिलर ने कहा वह यूक्रेन में संप्रभुता तथा भौगोलिक अखंडता के सम्मान के लिए संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र के सिद्धांतों के अनुसार, किये जाने वाले प्रयासों को समर्थन दे।

### मोदी की रूस यात्रा की गूंज पेंटागन तक सुनाई दी

प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा की गूंज अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन में भी सुनाई दी। पेंटागन के प्रेस प्रवक्ता मेजर जनरल पैट रेडर से मोदी-पुतिन मुलाकात के समय के बारे में पूछा गया, जो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की शिखर बैठक के ठीक पहले हुई है। उनसे सवाल किया गया कि क्या इसे देखते हुए अमेरिका भारत को हथियारों की बिक्री करने के अपने निर्णयों पर पुनर्विचार करेगा।

### रणनीतिक साझेदार बना रहेगा भारत : अमेरिका

राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन ने कहा है कि रूस के साथ संबंधों को लेकर चिंताओं के बावजूद भारत वाशिंगटन का रणनीतिक साझेदार बना रहेगा। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन और विदेश विभाग के प्रवक्ताओं ने रूस के साथ भारत के रिश्तों और मोदी के मॉस्को दौरे से जुड़े सवालों पर मंगलवार को अलग-अलग प्रतिक्रिया दी। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा भारत और रूस के बीच काफी लंबे समय से रिश्ते हैं।

## ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं : हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के चुनाव के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देंगे। हैरिस ने बाइडेन-हैरिस के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए लास वेगास में कहा डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं। यह कार्यक्रम पूरे देश में एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई नागरिक और प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) के मतदाताओं, समुदायों और नेताओं को संगठित करेगा।



परिवर्तन | कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पीपीबी पहुंची

# मानसून आया वायु प्रदूषण में सुधार लाया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मानसून आया तो कृषि के साथ वायु प्रदूषण में राहत लाया है। मानसून की बारिश से मध्य हिमालय क्षेत्र में वायु प्रदूषण की मात्रा में काफी हद तक सुधार आ गया है। कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पहुंच गई है। गर्मी के दौरान कार्बन मोनोऑक्साइड चार गुना, जबकि ओजोन की मात्रा ढाई गुना बढ़ गई थी।

इस बार की गर्मी कई मायनों में याद की जाएगी। जिसमें वायु प्रदूषण ने भी आसमान छूने में कसर नही छोड़ी। ओजोन व कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा सर्वाधिक रही। जिसमें कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 800 (पीपीबी) पार्ट पर बिलियन पहुच गई थी, जो सामान्य से चार गुना अधिक दर्ज की गई। इसी क्रम में ओजोन की मात्रा 100 पीपीबी पहुच गयी थी, जो सामान्यतः 40 पीपीबी होनी चाहिए। इसकी सामान्य मात्रा 200 पीपीबी होनी चाहिए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के मुताबिक इन दिनों 300 पीपीबी पहुच गई है। ओजोन की मात्रा में भी काफी सुधार आ गया है, जो 60 पीपीबी पहुच गया है। आने वाले दिनों में बारिश में इनकी मात्रा में अधिक सुधार आएगा और वायु प्रदूषण की स्थिति सामान्य अवस्था में लौट आएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में वायु प्रदूषण में वृद्धि की प्रमुख वजह जंगलों की आग है। इस बार वनाग्नि ने हिमालय की तलहटी में जंगलों के जंगल स्वाहा कर दिए।



### एरीज कार्यशाला में खुलेंगे वायु प्रदूषण के रहस्य

**नैनीताल :** एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा मनीष नाजा ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में इस बार गर्मी के दौरान वायु प्रदूषण की मात्रा में अधिक वृद्धि दर्ज की गई । एरीज वायु प्रदूषण को लेकर कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। जिसमें वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य हानि मुख्य एजेंडा होगा। इसके अलावा सैटेलाइट व स्पेस सैंसर आधुकनिक तकनीक के जरिए वायु प्रदूषण मापन पर चर्चा की जाएगी।